# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 26 मार्च 2025




हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 मार्च 2025

**रमज़ान मुबारक**

इफ्तार 06.39 शाम (बुध)

सहरी 04.55 सुबह (गुरु)

*31 मार्च तक मौजूदा रेट में करा सकेंगे रजिस्ट्री*

## रात आठ बजे तक हुई 368 रजिस्ट्री 400 लोगों ने बुक कराए थे स्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की 2885 लोकेशन में से 1283 जगहों पर पांच से तीन सौ फीसदी तक प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने पर पंजीयन विभाग के अफसर अड़े हुए हैं। मंत्री, सांसद, विधायक और आम लोगों के विरोध और दावे-आपत्तियां पेश करने के बाद भी प्रॉपर्टी के प्रस्तावित दामों में बदलाव नहीं किया जा रहा है।

बुधवार को जिला मूल्यांकन समिति प्रस्ताव को हरिझंडी दिखाकर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेज देगी। जहां से मंजूरी के बाद एक अप्रैल से शहर भर में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा। मंगलवार को भी शहर के परी बाजार और आईएसबीटी स्थित पंजीयन दफ्तरों में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी रही। देर शाम आठ बजे तक 368 रजिस्ट्री दर्ज की गई है। जिससे विभाग को 45 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है।



**एक अप्रैल से 1283 लोकेशन पर बढ़ जाएंगे प्रॉपर्टी के दाम**

### एक दिन में हो सकेंगी 1170 रजिस्ट्री

विभाग ने दफ्तरों का समय बढ़ाने के साथ आईएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया पंजीयन दफ्तर में तैनात 13 सब रजिस्ट्रार के स्लॉट 72 से बढ़ाकर 90 कर दिए हैं। जिससे एक सब रजिस्ट्रार एक दिन में 90 रजिस्ट्री कर सकेगा। इस हिसाब से जिले में 1170 रजिस्ट्री एक दिन में हो सकेंगी।

### सुबह दस से देर शाम तक हो रही रजिस्ट्री

विभाग ने खरीदारों की तादाद को देखते हुए दफ्तरों का समय बढ़ा दिया है, पहले जहां सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक रजिस्ट्री की जाती थी, जिसका समय अब सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर दिया है।

### 1170 स्लॉट खोले

विभाग ने 1170 स्लॉट खोल रखे हैं, जिससे सर्विस प्रोवाडर्स को दिक्कत न हो। मंगलवार को आईएसबीटी, परी बाजार के दफ्तरों में भीड़ बनी रही। सर्विस प्रोवाइडर्स ने 400 स्लॉट बुक किए थे, लेकिन आठ बजे तक 368 रजिस्ट्री हो पाईं।

### कृषि भूमि भी होगी महंगी

राजधानी में एक अप्रैल से 1283 लोकेशन पर 5 से तीन सौ फीसदी तक दाम बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में 31 मार्च तक रजिस्ट्री कराने की कोशिश की जा रही है, खरीदार स्लॉट भी बुक करा रहे हैं, बार-बार सर्वर डाउन होने से घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। अब वर्तमान रेट में रजिस्ट्री कराने के 6 दिन शेष बचे हैं। जिला पंजीयक स्वप्नेश शर्मा का कहना है कि स्लॉट बढ़ाने के साथ दफ्तरों का समय भी बढ़ाया गया है। सर्वर की दिक्कत को देखते हुए टेक्निकल टीम काम कर रही है।

**मेट्रो के लिए शिफ्ट होगी पाइपलाइन**

## करोंद-अन्ना नगर समेत 50 इलाकों में आज और कल नहीं आएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मेट्रो की ऑरेंज लाइन के दूसरे फेज का काम शुरू हो गया है। अंडरग्राउंड लाइन बिछाने के लिए खुदाई होगी, जिसमें पानी, टेलीफोन की लाइन भी टूट सकती हैं। ऐसे में लाइन शिफ्ट की जाना है। इसकी शुरुआत बुधवार से होगी। पानी की लाइन शिफ्ट करने की वजह से जोन-16 और 17 के करोंद, अन्ना नगर समेत 50 से अधिक इलाकों में बुधवार को पानी सप्लाई नहीं होगा। जबकि 27 मार्च को काम पूरा होने के बाद पानी की सप्लाई की जा सकती है। करोंद मंडी के पास मेट्रो स्टेशन के काम में बाधक जलप्रदाय पाइप लाइन को शिफ्ट किया जाएगा। इसलिए बुधवार सुबह 9 बजे से 27 मार्च की सुबह 9 बजे तक 24 घंटे के लिए मेट्रो कॉरपोरेशन शटडाउन लेगा। यदि समय पर काम पूरा नहीं होता है तो जलप्रदाय लेट हो जाएगा।

### यहां भी पड़ेगा पानी सप्लाई पर असर

नीलकंठ कॉलोनी, शहीद कॉलोनी, अन्ना नगर, जैन कॉलोनी, एकता नगर, हाउसिंग बोर्ड आवास, विकास कॉलोनी, अमन कॉलोनी, एहसान नगर, संजय नगर, एमआईजी, विवेकानंद, हाउसिंग पार्क, ब्लू मून कॉलोनी, प्रेम नगर, देवकी नगर, सुंदर नगर, आशियाना, फिजा, नवजीवन कॉलोनी, छोला मंदिर, उड़िया बस्ती, गरीब नगर, कल्याण नगर, प्रीत नगर, भानपुर, अटल नेहरू नगर, चांदबाड़ी, शंकर नगर, नवाब कॉलोनी, नगर निगम कॉलोनी में भी असर रहेगा।

### निगम टैंकरों से भेजेगा पानी

*दो दिन तक जलप्रदाय नहीं होने के चलते निगम ने टैंकरों के जरिए पानी की आपूर्ति करने का निर्णय लिया है। अलग-अलग इलाकों में पानी से भरे टैंकर भेजे जाएंगे, जिससे गर्मी के दिनों में आम लोगों को परेशानी न हो।*

### यहां नहीं आएगा पानी

*रतन कॉलोनी, कृषक नगर, वकील कॉलोनी, पंचवटी फेस-2, राजवंश, पूजा कॉलोनी, गोया कॉलोनी, राधाकृष्ण कॉलोनी, शिवानी होम्स, शांति नगर, पंचवटी फेस-3, जनता नगर, पारस नगर, मुरली नगर, कपिला नगर, विश्वकर्मा नगर, शिव नगर फेस-1, 2 एवं 3 में जलप्रदाय नहीं होगा।*

**केंद्र की रिपोर्ट पर सहमति देने वाला पहला निकाय बना भोपाल निगम**

## वन नेशन, वन इलेक्शन के समर्थन में आई एमआईसी

एमआईसी ने संकल्प किया पास, निगम मुख्यालय बनाने वाली कंपनी को भी एक्सटेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्र सरकार के वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पास करने में भोपाल नगर निगम प्रदेश में पहला निगम बन गया है। मंगलवार को महापौर मालती राय की अध्यक्षता वाली मेयर इन कौंसिल में इस संबंध में प्रस्ताव लाया गया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने मार्च 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर वन नेशन-वन इलेक्शन की अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। जिसमें सिफारिश की गई है कि देश में दो चरणों में चुनाव होने चाहिए। पहले चरण में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। वहीं, दूसरे चरण में आम चुनाव के 100 दिनों के भीतर पंचायत और नगर पालिका जैसे स्थानीय चुनाव कराए जाएं। इस रिपोर्ट के समर्थन में भोपाल नगर निगम की मेयर इन कौंसिल ने बकायदा प्रस्ताव लाकर इसे मंजूरी दी।





### अब 3 अप्रैल को परिषद की बैठक

मंगलवार शाम आईएसबीटी स्थित निगम ऑफिस में एमआईसी की बैठक हुई। इसमें महापौर मालती राय, एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, राजेश हिंगोरानी, मनोज राठौर समेत सभी सदस्य और अधिकारी मौजूद थे। परिषद की बैठक की तारीख 3 अप्रैल तय की गई है। हालांकि, फाइनल एजेंडा एक-दो दिन बाद ही जारी होगा।

### इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

*मेयर इन कौंसिल में 7 प्रस्ताव लाए गए थे। लिंक रोड नंबर 2 पर बन रहे नगर निगम के नए मुख्यालय भवन को पूरा करने मेसर्स संहिता कंस्ट्रक्शन को 30 अप्रैल का एक्सटेंशन दिया गया है। वहीं फतेहगढ़ में बन रहे कॉम्पलेक्स के लिए सुप्रीम बिल्डकॉन को 20 सितंबर तक का एक्सटेंशन, करोंद स्थित जोन 17 के इलाकों में स्ट्राम वाटर ड्रेन निर्माण के लिए 31 मार्च तक का एक्सटेंशन और बैरागढ़ में एचएफए के प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए मेसर्स टेक्नोक्राफ्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को 16 जून तक का एक्सटेंशन दिया गया। इसके अलावा जवाहर चौक टीन शेड के 5 रहवासियों को पीएम आवास के तहत आवास देने, इंदौर रोड पर स्वागत द्वार बनाने की मंजूरी और ईई के रिक्त पदों पर पदोन्नति के लिए एमआईसी ने मंजूरी दी।*

### जल कर बढ़ाने पर फिलहाल चर्चा नहीं

एमआईसी में जलकर बढ़ाने को लेकर चर्चा नहीं हुई। ऐसे में अब यह संशय है कि जलकर बढ़ेगा या नहीं। दरअसल कई जनप्रतिनिधि जलकर बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। हालांकि, लगातार आर्थिक बोझ का हवाला भी दिया जा रहा है। पानी के बल्क कनेक्शन की राशि पर जरूरी कमी हो सकती है।

***सौ से अधिक किसानों ने किया विरोध***

## बीडीए पुरानी गाइडलाइन में जमीन खरीद कर बेच रहा महंगे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) की मिसरोद-भैरोपुर-बगली 45 मीटर स्कीम के विरोध में 100 से ज्यादा किसान उतर आए हैं। किसानों का तर्क है कि बीडीए लैंड पूलिंग एक्ट के जरिए एक तरफा कार्रवाई कर रहा है, जिससे स्कीम के तहत आ रही जमीन प्रभावित हो रही है और इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मामले में प्रभावित 100 से ज्यादा किसानों ने स्कीम में अपना शेयर बढ़ाने और प्रापर्टी डेवलपर की जगह किसानों को प्राथमिकता देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि वे खुद ही अपनी प्रॉपर्टी विकसित कर सकते हैं। दरअसल, बीडीए मिसरोद, भैंरोपुर और बगली की 188.918 हेक्टेयर भूमि पर व्यवसायिक और आवासीय योजना का विकास कर रहा है।

### स्कीम 45 का काम बंद कराया था

इसके पहले भी मिसरोद, बर्रई, जाटखेड़ी, बगली और कटारा की 45 मीटर स्कीम को लेकर भी किसान विरोध दर्ज करा चुके हैं। इस स्कीम के तहत भी किसानों ने विरोध दर्ज कराते हुए काम बंद करा दिया था। वहीं, इस स्कीम को लेकर भी किसानों ने विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है। किसानों का तर्क है कि वे इस जमीन पर तभी काम करने देंगे, जब बीडीए द्वारा स्कीम के लिए रेरा से पंजीयन कराया जाए। इसके अलावा टीएंडसीपी और एनजीटी से सभी अनुमतियां स्कीम के अंतिम प्रकाशन के पूर्व ले ली जाना चाहिए, क्योंकि अंतिम प्रकाशन के बाद किसान इस जमीन पर अपनी इच्छा से काम नहीं कर सकेंगे।


### मंत्री, संभागायुक्त और कलेक्टर से शिकायत

*इसी योजना को लेकर किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का तर्क है कि बीडीए पुरानी गाइड लाइन के आधार पर किसानों की जमीन अधिगृहित करता है और नई गाइड लाइन के आधार पर बेचता है। मंगलवार को किसानों ने नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री के साथ संभाग आयुक्त भोपाल संभाग और कलेक्टर भोपाल को लिखित में शिकायत की है। आपत्तिकर्ता बगली मोहित पाटीदार का कहना है कि बीडीए को किसानों की सभी आपत्तियों का निराकरण करना चाहिए। उसके बाद ही स्कीम पर काम शुरू किया जाना चाहिए। अन्य किसान इसका विरोध करेंगे और स्वयं ही विकास कार्य करवाएंगे।*

**डीजल न होने से जनरेटर भी नहीं चला सके**

## जीएमसी का एडमिन ब्लॉक 24 घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) का एडमिन ब्लॉक 24 घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा। सोमवार दोपहर 3 बजे से मंगलवार सुबह 3 बजे तक बिजली नहीं रही। इस दौरान बैकअप के लिए जनरेटर भी नहीं चल सका, क्योंकि डीजल के लिए जीएमसी प्रबंधन के पास पर्याप्त फंड नहीं थे। मार्च क्लोजिंग की भाग-दौड़ के बीच कर्मचारियों को बिना काम के बैठकर वक्त गुजारना पड़ा। आलम यह था कि मेंटनेंस कार्य के लिए पुरानी पेंडेसी क्लीयर करने के बाद ही मंगलवार को डीजल की खरीदी हो पाई, तब जाकर दोपहर को बिजली आई।

### ज्यादा असर नहीं

लाइट नहीं थी, पुराना बकाया था उसके चैक जारी कर दिए गए है। जनरेटर चालू हो गया। एएमसी के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बातचीत की गई है। पेमेंट कराएंगे। ज्यादा काम इसलिए प्रभावित नहीं हुआ, सामने वाली बिल्डिंग में लाइट थी। वहां से काम अस्थाई रूप से काम किया गया।

**डॉ सुनीत टंडन,** अधीक्षक हमीदिया अस्पताल

**झाड़ियों में आग लगने का नहीं थम रहा सिलसिला**

## फ्लैट से उठता धुआं देख घबराए लोग सीएनजी ऑटो में भड़की आग, खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में मंगलवार को चार अलग-अलग इलाकों पर अग्नि दुर्घटनाएं हुई। कोलार रोड प्रियंका नगर स्थित महावीर अस्पताल के पास बनी एक मल्टी के फ्लैट से धुआं उठता देख मंगलवार को आफरा-तफरी मच गई। वहीं, दूसरी तरफ दानिशकुंज इंड्स चौराहे के पास एक सीएनजी ऑटो में अचानक आग भड़क गई। गनीमत रही कि आग के लगते ही ऑटो चालक उतर गया था। इसके चलते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

इसके अलावा कटारा हिल्स और हबीबगंज आरआरएल सीएनजी पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में आग लगी थी। जानकारी के अनुसार प्रियंका नगर मल्टी में लगी आग को बुझाने के लिए कोलार फायर स्टेशन से दमकलें रवाना हुई थी।

### जांच में कुछ नहीं मिला बुझाई झाड़ियों की आग

फायर आफिसर पंकज खरे ने बताया कि सूचना शाम 6.58 मिनट पर मिली थी। फ्लैट में धुआं देखकर लोगों को लगा कि आग लगी है, लेकिन जांच में कुछ नहीं मिला। वहीं बावड़िया कला में सीएनजी ऑटो में आग की सूचना कंट्रोल फायर रूम को शाम 5.20 पर मिली। माता मंदिर फायर स्टेशन से दमकल रवाना हुई। कटारा हिल्स और हबीबगंज आरआरएल सीएनजी पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में आग लगी थी। जिसे आधे घंटे की मशक्कत के बाद बुझा दिया।

**अब पुलिस आरोपी पति के मोबाइल चैट भी खंगाल रही**


## वाट्सएप चैट से खुला महिला डॉक्टर के सुसाइड का राज

परिजनों के बयानों के आधार पर डॉ. अभिजीत के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला डॉक्टर की आत्महत्या का राज उसके वाट्सएप चेट से खुला है। पुलिस ने इस मामले में उसके पति डॉ. अभिजीत पांडे के खिलाफ जो एफआईआर दर्ज की थी, उसमें वाट्सएप चैट और परिजनों के बयानों को आधार बनाया है।

दरअसल, डॉ. ऋचा ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में उसके मायके पक्ष के लोगों न अभिजीत पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उधर, सोमवार शाम पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गई थी, जिसमें संदेहास्पद जहर की पुष्टि हुई है।



फिलहाल उसका बिसरा जांच के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक मृतका के मोबाइल की वॉट्सअप चेट निकली गई, जिससे पता चला है कि उसका पति से लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसकी वजह पति का व्यवहार बताया जा रहा है। इसी से परेशान होकर ही ऋचा ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है।

### प्रेम प्रसंग से विवाद

पुलिस जांच में पता चला है कि अभिजीत का किसी महिला से भी प्रेम प्रसंग है। डॉ.ऋचा इसका विरोध करती थी। विवाद में पति द्वारा उससे मर जाने तक को कहा गया था। इसके सबूत चेटिंग में मिले हैं। उधर, पुलिस द्वारा आरोपी पति के अस्पताल में लगे सीसीटीवी के फुटेज की भी जांच की जा रही है।

***बैरसिया इलाके के गांवों में आबकारी की दबिश***

## 20 लीटर हाथ भट्टी शराब, 455 किलो महुआ लाहन जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी अमले ने मंगलवार को आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल के नेतृत्व में बैरसिया के मनीखेड़ी, करनपुरा, नजीराबाद, सूरजपुरा, गड़ा जागीर और नायसमंद में दबिश दी। गोयल ने बताया कि टीम ने जमीन में गड़ी कुप्पियों और भट्टियों से 120 लीटर हाथ भट्टी शराब, 455 किलो महुआ लाहन और 3 पेटी देसी शराब बरामद की। नवागत सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह धाकड़ के निर्देश पर कार्रवाई के दौरान कुल एक दर्जन प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान अधिकांश आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन टीम ने करिश्मा, रवीना, लालसिंह और ऋतुराज को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने बरामद लाहन का सैंपल लेकर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं पर भरोसे की मिसाल बनीं आशा कार्यकर्ता

## हाईरिस्क गर्भवती महिला ने आशा कार्यकर्ता के साथ ही करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्भवती महिलाओं की देखभाल में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है। यह भरोसा उस समय और मजबूत हो गया, जब एक हाईरिस्क गर्भवती महिला ने सिर्फ अपनी आशा कार्यकर्ता के साथ ही स्वास्थ्य केंद्र जाने का निर्णय लिया। महिला को मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाबी नगर में आयोजित विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ईपीएमएसएमए) शिविर में जांच के लिए चिन्हित किया गया था। वजन कम होने और पहले गर्भपात होने के कारण वह हाईरिस्क श्रेणी में थी। वार्ड क्रमांक 55 की आशा कार्यकर्ता सुमन वर्मा ने महिला को जांच के लिए तैयार किया, लेकिन वह किसी और के साथ जाने को राजी नहीं हुई। आशा कार्यकर्ता की देखभाल और नियमित संपर्क से महिला को इतना भरोसा था कि उसने उनके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र जाने का फैसला किया। सुमन वर्मा ने अपने वाहन से महिला को लाकर उसकी जांच करवाई।



### हजारों गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

प्रदेश में नौ और 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते हैं। 25 मार्च को 66 स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित शिविरों में 800 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच हुई।

### शिविरों में नियमित जांच

शिविरों में गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच के अलावा हाईरिस्क मामलों में तीन अतिरिक्त प्रसव पूर्व जांच कराई जाती हैं। प्रसव के बाद 45 दिनों तक आशा कार्यकर्ता घर जाकर मां और नवजात की देखभाल करती हैं, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी,** सीएमएचओ

**बीएमएचआरसी में पहला सफल नेत्र प्रत्यारोपण**

स्व. आशा शर्मा की आंखों से मिली रोशनी

## बीएमएचआरसी में 15 साल बाद फिर रोशन हुई जिंदगी 50 साल के गैस पीड़ित को किया कॉर्निया प्रत्यारोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में पहला सफल नेत्र प्रत्यारोपण किया गया। रायसेन जिले के निवासी 50 वर्षीय गैस पीड़ित व्यक्ति को कॉर्निया प्रत्यारोपित किया गया। यह प्रत्यारोपण बीएमएचआरसी के नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। मरीज की एक आंख 15 साल पहले चोट लगने से खराब हो गई थी और दूसरी आंख की दृष्टि मोतियाबिंद के कारण अत्यधिक प्रभावित हो गई थी। मरीज को नया जीवन देने के लिए स्वर्गीय आशा शर्मा द्वारा दान किए गए नेत्र का उपयोग किया गया। उन्होंने 17 मार्च को भोपाल के एक निजी अस्पताल में नेत्रदान किया था। उनका कॉर्निया रविवार को बीएमएचआरसी लाया गया और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। वर्तमान में मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

**15 साल पहले चोट से खराब हो गई थी एक आंख, दूसरी के दृष्टि मोतियाबिंद से हुई खराब**



### प्रत्यारोपण करने वाली टीम

इस महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि को अंजाम देने वाली विशेषज्ञ टीम में नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता यादव, प्रोफेसर डॉ. अंजली शर्मा, विजिटिंग कन्सल्टेंट डॉ. प्रतीक गुर्जर व अन्य चिकित्सक शामिल थे।

### अंग प्रत्यारोपण शुरू करने का लक्ष्य

नेत्र प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की हमारी लंबे समय से कोशिश थी और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब हमारा लक्ष्य आने वाले समय में बीएमएचआरसी में अन्य अंग प्रत्यारोपण सुविधा शुरू करने का है।

**डॉ. मनीषा श्रीवास्तव,** निदेशक, बीएमएचआरसी

भोपाल
बुधवार, 26 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-12
वर्ष : 11, अंक : 359
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



कुष्ठ रोगियों को उपहार भी दिए



## सीएम मोहन यादव ने खास अंदाज में मनाया अपना 60वां जन्मदिन

# कुष्ठ रोगियों पर बरसाए फूल, खाना परोसा कहा- कुष्ठ रोग को समूल करेंगे नष्ट

*मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपना 60वां जन्मदिन खास अंदाज में मनाया। उन्होंने यह दिन महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों के साथ बिताया। सीएम यादव ने आश्रम में लोगों को भोजन परोसा, उन्हें उपहार दिए और उनका आशीर्वाद लिया।*



फूलों से कुष्ठ रोगियों का स्वागत करते सीएम

- सीएम ने कहा- राज्य सरकार हर कदम-हर समय नागरिकों के साथ खड़ी है
- भिंड, मुरैना और ग्वालियर में 18 औद्योगिक इकाईयों का भूमि-पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को अपना 60वां जन्मदिन भोपाल के महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम में मनाया। सीएम ने अपने हाथों ने कुष्ठ रोगियों को भोजन परोसा और उन्हें गिफ्ट दिया। सीएम ने रोगियों पर फूल भी बरसाए। बदले में बुजुर्ग रोगियों ने सीएम के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्रियों ने मुख्यमंत्री को दी उनके जन्म दिवस की बधाई, कहा

## किए गए नवाचारों से प्रदेश वासियों का जीवन बेहतर हुआ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनके जन्म दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मप्र में उनकी ओर से किए गए नवाचारों से प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हुआ है। यही कामना है कि ईश्वर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दीर्घ और स्वस्थ जीवन प्रदान करें और वे जन सेवा में इसी प्रकार निरंतर सक्रिय रहे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. यादव को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मप्र की डबल इंजन सरकार विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने बाबा महाकाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की है। वहीं डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी सहित केंद्रीय मंत्रियों का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में मप्र विकास और उन्नति के नव शिखर को स्पर्श करे, यही कामना है। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
राजस्थान कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### सोनू सूद की पत्नी का रोड एक्सीडेंट, गंभीर



**नई दिल्ली।** एक्टर सोनू सूद की पत्नी सोनाली सूद का रोड एक्सीडेंट हो गया। हादसा नागपुर हाईवे पर हुआ। सोनाली अपनी बहन और भतीजे के साथ कार में सफर कर रही थीं। इस घटना की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें कार चकनाचूर हो गई। जो कार चला रहा था, उसे भी बहुत चोट आई है।

### प्राइवेट पार्ट छूना रेप नहीं 'सुप्रीम' सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** नाबालिग लड़की के साथ रेप की कोशिश से जुड़े एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के 17 मार्च को दिए विवादित फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच इस मसले पर सुनवाई करेगी।

### कंटेनर ने बच्ची को रौंदा हाईवे पर किया हंगामा



**सागर।** मालथौन थाना क्षेत्र के बरोदियाकलां के पास मंगलवार को नेशनल हाईवे-44 पर तेज रफ्तार कंटेनर ने 9 वर्षीय बालिका को रौंद दिया। दुर्घटना में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर परिजन और परिचितों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

## बुलडोजर एक्शन पर उप्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा

# एक्शन देखकर हिल गई 'अंतरात्मा', तोड़े गए घरों को फिर से बनाने की दें अनुमति

*उप्र सरकार को बिना कानूनी प्रक्रिया के घर तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। कोर्ट ने प्रयागराज में वकील, प्रोफेसर और अन्य के घरों को पुनर्निर्माण की अनुमति दी है, जिनके घर बुलडोजर से तोड़े गए थे। कोर्ट ने कहा कि उचित समय देकर अपील का मौका देना था।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को बुलडोजर एक्शन के लिए फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई करने से पहले पर्याप्त समय देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि वह प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों के घरों के पुनर्निर्माण की अनुमति देगा। आरोप था कि नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर ही घर तोड़ दिया गया और कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस ओका ने कहा कि नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर जिस तरह से ध्वस्तीकरण किया गया, उससे कोर्ट की अंतरात्मा हिल गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि नोटिस चिपका कर दिए गए थे, जो कानून द्वारा स्वीकृत तरीका नहीं है। केवल अंतिम नोटिस ही कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त तरीके से, यानी रजिस्टर्ड पोस्ट के जरिए से दिया गया था। जस्टिस ओका ने कहा कि इसलिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नोटिस दिया और 24 घंटे के भीतर गिरा दिए थे घर कोर्ट ने कहा कार्रवाई करने से पहले पर्याप्त समय देना चाहिए था**



**प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया ये गलत**

### यह है पूरा मामला

वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद, दो विधवाओं और एक अन्य व्यक्ति से जुड़ा है। इन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के ध्वस्तीकरण के खिलाफ याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप है कि अधिकारियों ने शनिवार की रात ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए और अगले ही दिन उनके घर तोड़ दिए। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शर्तों के साथ बना सकते हैं घर

कोर्ट ने कहा कि वह पीड़ितों को अपने खर्च पर घर बनाने की अनुमति देगा, लेकिन उन्हें कुछ शर्तें माननी होंगी। उन्हें एक हलफनामा देना होगा कि वे समय पर अपील करेंगे, जमीन पर कोई दावा नहीं करेंगे और किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करेंगे। अगर उनकी अपील खारिज हो जाती है, तो उन्हें अपने खर्च पर घरों को फिर से तोड़ना होगा। कोर्ट ने मामले को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया ताकि याचिकाकर्ता हलफनामा दाखिल कर सकें।

इस मामले में भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने ध्वस्तीकरणों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर 2020 को पहला नोटिस दिया गया था। इसके बाद जनवरी 2021 और मार्च 2021 में भी नोटिस दिए गए। एजी ने कहा, इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पट्टे की अवधि समाप्त होने या फ्रीहोल्ड के आवेदनों को अस्वीकार किए जाने के बाद भी बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे किए गए हैं।

## जस्टिस के आवास में कैशकांड मामला

# जस्टिस वर्मा के घर पहुंची आंतरिक समिति की टीम



*◆ तीन राज्यों के चीफ जस्टिस कर रहे जांच*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में मिले कैश के मामले की जांच तेज हो गई है। कैश मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले में एक फैक्ट फाइंडिंग टीम बनाई थी, जो मंगलवार को जांच करने के लिए जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंची। इस कमेटी में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। जांच टीम दोपहर करीब 1 बजे जस्टिस यशवंत वर्मा के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इलाहाबाद में वकील हड़ताल पर गए

### बोले-हाईकोर्ट में ऐसे जज को बैठने नहीं देंगे

**प्रयागराज।** कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा का दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने पर वकील अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। मंगलवार सुबह से इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाहर वकील यज्ञ और हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। वकीलों ने कहा कि ये यज्ञ इसलिए कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को सदबुद्धि आए। हम किसी भी हाल में यशवंत वर्मा को हाईकोर्ट में बैठने नहीं देंगे। उधर, वाराणसी कोर्ट के बाहर वकीलों ने झाड़ू लगाई। 'जस्टिस वर्मा गो बैक' के नारे लगाए। वकीलों के प्रदर्शन से इलाहाबाद हाईकोर्ट में करीब 10 हजार केस की सुनवाई मंगलवार को टल गई।

### फर्स्ट रिस्पांडर्स के दर्ज होंगे बयान

सूत्रों की माने तो कमेटी सबसे पहले फर्स्ट रिस्पांडर्स यानी उन अधिकारियों के बयान दर्ज करेगी, जिनकी जानकारी में ये मामला सबसे पहले आया। इसके साथ ही आयोग दिल्ली पुलिस आयुक्त से मुलाकात करेगा। फायर चीफ से भी बातचीत होगी। टीम जस्टिस वर्मा से इस घटना पर स्पष्टीकरण मांगेगी। कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। जले हुए सामानों की फॉरेंसिक जांच की जाएगी।

## शहडोल के ब्यौहारी में बदमाशों का आतंक

### सरस्वती स्कूल में जमकर तोड़फोड़, रजिस्टर जलाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल



- आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

ब्यौहारी के अखेटपुर स्थित सरस्वती स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने सोमवार रात तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया।

इस घटना ने न केवल स्कूल प्रशासन बल्कि पूरे गांव के लोगों को हैरान कर दिया है। बदमाशों ने स्कूल की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हुए रजिस्टर को आग के हवाले कर दिया और कई दरवाजों और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## महू जाम गेट गैंगरेप केस में फैसला

### फास्ट ट्रैक कोर्ट में 5 आरोपियों को उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर





- 5 महीने के अंदर ही जजमेंट आया

पिछले साल 2024 में इंदौर के पास महू स्थित जाम गेट पर हुए गैंगरेप और आर्मी ट्रेनिंग अफसर के साथ मारपीट की घटना में शामिल पांच आरोपियों को महू की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुना दी है। वहीं एक आरोपी नाबालिक है, इस कारण उसका केस फिलहाल कोर्ट में है। आरोपियों को सजा देने के लिए तकरीबन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सिंगरौली बस स्टैंड पर आग

### दो बसें जलकर खाक, अंदर सो रहा क्लीनर जिंदा जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगरौली



- ड्राइवर कंडक्टर ने कूदकर बचाई जान

जिले के सिंगरौली में एक दुखद घटना हुई। सोमवार-मंगलवार की रात लगभग 2 बजे एक बस में आग लग गई। हादसे में बस में सो रहे क्लीनर की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पास में खड़ी एक और बस भी जल गई। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## झूठे केस में फंसाने के विरोध में पत्रकारों का विरोध प्रदर्शन

### एक्सीडेंट और अड़ीबाजी के मामले में पत्रकार पर झूठी एफआईआर दर्ज कर अरेस्ट किया, टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- सीएम के संज्ञान में मामला आने के बाद टीआई पर एक्शन



पत्रकारों पर पुलिस द्वारा झूठे मामले दर्ज करना आम बात हो गई है, ऐसा ही एक कारनामा राजधानी की कटारा हिल्स पुलिस ने किया। एक एक्सीडेंट के मामले में पत्रकार कुलदीप ▶▶ शेष पेज 4 पर



### डीजीपी ने एडिशनल सीपी को सौंपी जांच

इस मामले में पुलिस के आला अफसरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी को लाइन हाजिर तो किया ही है। साथ ही डीजीपी कैलाश मकवाणा ने मामले की जांच एडिशनल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गिरफ्तारी सिंगोरिया की, एफआईआर में सिसोदिया का नाम

सूत्र बताते हैं कि मामले में बड़ा झोल है। एफआईआर में कुलदीप सिसोदिया का नाम दर्ज है। लेकिन पुलिस ने कुलदीप सिंगोरिया को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि कोर्ट से पत्रकार को जमानत मिल गई।

## भर्ती नियमों की संवैधानिकता पर सवाल उठाया

### मप्र हाईकोर्ट ने लगाई एमपी पीएससी के रिजल्ट पर रोक, आयोग और सरकार को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग यानी एमपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 2025 के रिजल्ट पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है।

हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने कहा है कि कोर्ट की अनुमति के बिना रिजल्ट जारी न किया जाएगा। कोर्ट ने यह फैसला एक याचिका की सुनवाई के दौरान दिया, जिसे राज्य में सिविल सेवा के भर्ती नियमों की संवैधानिकता पर सवाल उठाया गया ▶▶ शेष पेज 4 पर



*मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी*

#### कोर्ट ने मांगा जवाब

खंडपीठ ने एमपीपीएससी को नोटिस जारी करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग से 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट भी एमपीपीएससी की चयन प्रक्रिया को लेकर कह चुका है कि आरक्षित वर्ग के मेधावी अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग में शामिल किया जाएगा। इसे देखते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई पूरी न होने तक रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है।

## आरएसएस के मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पांडेय ने दी जानकारी

# मध्य भारत में बढ़ रहा है संघ कार्य, शताब्दी वर्ष में घर-घर संपर्क करेगा संघ, प्रत्येक बस्ती और मंडल तक कार्यविस्तार का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के विभिन्न भागों सहित मध्यभारत प्रांत में तेजी से संघकार्य बढ़ रहा है। शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखकर कार्यकर्ताओं ने मंडल और बस्ती तक संघकार्य को पहुंचाने के प्रयास किए हैं। मध्यभारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चलने वाली शाखाओं की संख्या में वृद्धि हुई और अब यहां 3384 शाखाएं संचालित की जा रही हैं। यह जानकारी बेंगलुरु ▶▶ शेष पेज 4 पर



शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चलने वाली शाखाओं की संख्या में हुई वृद्धि, अब 3384 शाखाएं

#### मध्यभारत में विदिशा-राजगढ़ आगे

मप्र के विदिशा विभाग की 56 व्यवसायी शाखाओं के प्रयासों का उल्लेख प्रतिनिधि सभा की बैठक में सरकार्यवाह के वृत्त में आया है। विदिशा की चयनित 56 व्यवसायी शाखाओं ने अपने शाखा क्षेत्र का सामाजिक अध्ययन कर वहाँ की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित किया और समाज की सज्जनशक्ति को साथ लेकर उनके समाधान हेतु पहल ▶▶ शेष पेज 4 पर

**शताब्दी वर्ष पर प्रांत में संघ की योजना**

विजयादशमी-2025 उत्सव में अधिकतम स्थानों पर गणवेश में कार्यक्रम होंगे। मंडल, खंड, नगर स्तर पर संचलन भी निकालने की योजना है। प्रत्येक गांव एवं बस्ती के प्रत्येक घर तक संपर्क करने की योजना है। सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### बच्चों को अगर संस्कारित कर दिया तो सारा समाज ठीक से चलेगा

पांडेय ने इस दौरान कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि आजकल के बच्चे-बच्चियां बड़ों से कैसे व्यवहार करते हैं, रात को क्या देखते हैं? यह सब हमारे संस्कारों पर निर्भर करता है। संस्कारों के क्षरण के कारण पति-पत्नी वॉट्सएप ▶▶ शेष पेज 4 पर

# आज भी वृदांवन में बांके बिहारी को दिन में आठ बार लगाया जाता है भोगः पं. शास्त्री

## राजधानी के करोंद स्थित शिव पार्वती मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा, लगा छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोद स्थित शिव पार्वती मंदिर में भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान गिरीराज गोवर्धन पर्वत की लीला का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्तिमय हो गए।

श्रीमद् भागवत कथा आचार्य पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि भगवान इंद्र जब प्रकोप में थे तब उन्होंने वर्षा करके कहर बरपाया। चारों ओर हाहाकार मच गया। गांव जलमग्न होने लगे तब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठा कर इंद्र का मान नष्ट करके गिर्राज पूजा कराई। तब सभी बृजवासियों ने गोवर्धन पहुंचकर गोवर्धन पर्वत का पूजन किया और 56 भोग लगाया। आज भी वृदांवन में बांके बिहारी को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है। पूरे सात दिन भगवान श्रीकृष्ण ने भूखे प्यासे गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा था। इस प्रकार दिन में आठ बार के हिसाब से 56 भोग लगाए जाते हैं।

व्यक्ति यदि मन से नमन और मन से मनन करे तो जिंदगी की सारी समस्याओं का हनन हो जाएगा। जो जीव भगवान के सामने आ जाए उसका भगवान उद्धार कर देते हैं, चाहे वह मनुष्य हो या राक्षस। इस अवसर पर कथा में गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग की झांकी भी सजाई गई। साथ ही श्रद्धलुओं ने अपने अपने घरों से 56 प्रकार के भोजन बनाकर भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाए।



### मां नर्मदा की सफाई करें और गंदगी करने से लोगों को रोकें

कालिया नाग की कथा के माध्यम से पंडित शास्त्री ने सभी भक्तों से नदियों को साफ रखने की बात कही। आपने कहा कि मां नर्मदा में स्नान करने जाए तो सफाई करें और गंदगी करने से लोगों को रोके वह जगत जननी मां है।

## भारतीय संस्कृति सर्वश्रेष्ठ, सिखाती है जीने की कला, विदेशी पर्यटक भी अपना रहेः शैलेंद्र

भोपाल। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे शैलेंद्र कृष्ण महाराज ने भारतीय संस्कृति की भव्यता और दिव्यता का जीवंत दर्शन कराते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति विश्व में अनूठी और आदर्श है। उन्होंने विदेशी संस्कृति की तुलना करते हुए कहा विदेशों का कल्चर है खाओ होटल में और मरो हॉस्पिटल में, जबकि भारतीय संस्कृति सिखाती है कि पियो भगवान का चरणामृत, खाओ भगवान का प्रसाद, बोलो मधुर वाणी, चलो सत्चरित्र, कम बोलो लेकिन सारगर्भित बोलो, और वही कहो जो सत्य हो। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल कमाने और सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जीने की कला भी सिखाती है। यही कारण है कि विदेशी पर्यटक भारतीय संस्कृति को अपनाना चाहते हैं। इस्कॉन मंदिरों के माध्यम से विदेशों में भी भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार हो रहा है और विदेशी लोग भारतीय संस्कारों को आत्मसात कर भगवान भक्ति में लीन हो रहे हैं। कथा के दौरान शैलेंद्र कृष्ण महाराज ने महाभारत के प्रसंगों का भी सुंदर वर्णन किया और राजा परीक्षित के श्राप की कथा सुनाई। जिसे श्रद्धालु भक्तों ने भाव-विभोर होकर सुना।



## खबर संक्षेप

### दूसरे विजन जीरो शिखर सम्मेलन में होगी शहरी और सड़क सुरक्षा पर चर्चा

**भोपाल।** राजधानी स्थित मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के वास्तुकला और नियोजन विभाग में दूसरे विजन जीरो शिखर सम्मेलन का आयोजन 26 से 28 मार्च के बीच किया जाएगा। यह कार्यक्रम एप्को ऑडिटोरियम, पर्यावरण परिसर, शाहपुरा में होगा। यह कार्यक्रम शहरी लचीलेपन और गतिशीलता सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के लिए दुनिया भर के प्रतिष्ठित पेशेवरों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा।

### कैंप में कैंपियन स्कूल के स्काउट बच्चों ने सीखी टैंट लगाने की विधि



**भोपाल।** राजधानी स्थित कैंपियन स्कूल छात्रों के स्काउट दल के लिए पांच दिवसीय स्काउट शिविर का आयोजन भारत स्काउट एंड गाईड नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी होशंगाबाद (मप्र) द्वारा आयोजित किया गया। कैंपियन के छात्रों के लिए आयोजित इस स्काउट शिविर में 103 से ज्यादा स्काउट छात्रों एवं 4 इनस्ट्रकटर शिक्षकों ने इस ग्रुप कैंप में भाग लिया। इस पांच दिवसीय स्काउट शिविर में बच्चों को स्काउट के नियमों की जानकारी के साथ-साथ टैंट लगाने की विधि समझाई गई। टोली दल और कंपनी दल नायक भी तय किए गए।

### जीएमसी के डॉक्टरों ने सीखा प्रशासकीय कार्य के अनुभव



**भोपाल।** राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के डॉक्टरों को प्रशासकीय कार्य से रूबरू कराने के लिए पांच दिवसीय प्रशासकीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी ओपी द्विवेदी और प्रमोद शर्मा ने जीएमसी के 25 मेडिकल टीचर्स को प्रशासकीय कार्य के अनुभव से अवगत कराया।

### आरजीवीपी कर्मचारियों की तीन मांगें मंजूर आंदोलन स्थगित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच आरजीपीवी कर्मचारी समिति के नेतृत्व में पिछले 27 दिन से किया जा रहा आंदोलन मंगलवार को स्थगित कर दिया गया है। विवि के कुलपति और कुलसचिव द्वारा तीन मागें मंजूर करने के बाद कार्य परिषद की बैठक होने तक के लिए आंदोलन स्थगित किया गया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे के अनुसार आरजीपीवी के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 27 दिन से ध्यान आकर्षण आंदोलन कर रहे थे। विवि के कुलसचिव के कक्ष के सामने किए जा रहे इस आंदोलन को मंगलवार को स्थगित किया गया है।

## साहू समाज के लोगों ने धमूधाम से मनाई मां कर्मा देवी की जयंती

# मां कर्मा देवी का फूलों से किया श्रृंगार महाआरती कर लगाया खिचड़ी का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी की जयंती राजधानी में मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम घोड़ा नक्कास स्थित मां कर्मा देवी मंदिर में आयोजित किया गया। मां कर्मा देवी का फूलों से श्रृंगार किया गया। मां कर्मा देवी की महाआरती कर खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यती सहित के नागरिक शामिल हुए।

**शोभायात्रा पर फूलों की वर्षाः** घोड़ा नक्कास मां कर्मा देवी मंदिर से दोपहर में भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की शोभायात्रा निकाली गई। जो मंगलवार चौराहा, इतवारा, चौक, भवानी चौक, सोमवारा होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचकर समापन हुआ। शोभायात्रा का जगह-जगह सामाजिक बंधुओं द्वारा फूलों की वर्षा कर मां कर्मा देवी का स्वागत किया गया।



घोड़ा नक्कास स्थित मां कर्मा देवी मंदिर से निकाली मां कर्मा देवी की शोभायात्रा।

### मां कर्मा पर आधारित झांकियां बनाई

चल समारोह में घोड़ा बग्गी, दुल्दुल घोड़े, ऊंट ढोल ताशे, डीजे, बैंड, मां कर्मा पर आधारित झांकियों के अलावा साहू समाज के गौरव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता अभियान पर विशेष झांकी बनाई गई। चांदी के विमान में मां कर्मा देवी की चांदी की प्रतिमा का सभी सामाजिक बंधुओं ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

## धूमधाम से मनाया मां कर्मा देवी जन्मोत्सव, बरखेड़ा पठानी से निकाली शोभायात्रा

मां कर्मा जन्मोत्सव साहू समाज बरखेड़ा पठानी इकाई जिला भोपाल द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकालकर एवं मां कर्मा की प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बरखेड़ा इकाई के अध्यक्ष गणेश राम साहू ने बताया इस अवसर पर मुख्य अतिथि संत उमेश दास महाराज ने कहा सभी से मां कर्मा का इतिहास हम सबको पढ़ना चाहिए और बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। तेली घनी बोर्ड के अध्यक्ष रवि करण साहू ने कहा कि सभी सामाजिक बंधु को अब एकत्रित होने की आवश्यकता है। इस दौरान साहू समाज के जिला अध्यक्ष रविंद्र साहू झूमर वाले और छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू ने सभी को मां कर्मा जन्म उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





## जनसुनवाई में 125 आवेदक पहुंचे

# कोलार तहसील में आदेश के एक साल बाद टाइप हो रहे आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार तहसील में प्रकरणों में सुनवाई नहीं की जाती है, कई मामलों में आदेश एक-एक साल बाद टाइप होते हैं। एसडीएम शिकायत करने पर कलेक्टर को समस्या बताने के लिए बोलते हैं। तहसील में पदस्थ बाबू-कर्मचारी मनमर्जी से काम करते हैं। तहसील में पसरी अनियमितताओं से वकीलों को परेशान होना पड़ रहा है। यह शिकायत कलेक्टोरेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान कोलार तहसील के वकीलों ने दर्ज कराई है। जनसुनवाई में लगभग 125 आवेदकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों को सुनाई।

कोलार तहसील के वकील प्रकाश चौकसे, आशीष त्रिपाठी, सुरेंद्र कोरी सहित अन्य वकीलों ने शिकायत करते हुए बताया कि तहसील कार्यालय में सौरभ श्रीवास्तव, अंकुर, हेमंत शर्मा और किरण द्विवेदी द्वारा कोई आदेश समय पर नहीं दिया जाता है और सहयोगी कर्मचारी भी मना कर देते हैं। नामांतरण, फौती नामांतरण, वसीयत के आधार पर नामांतरण, समय सीमा सिटीजन चार्टर के अनुसार न होने से परेशानी होती है। अतिरिक्त तहसीलदार के डायस पर सुनवाई न करने और कम समय होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मामले लंबित होते जा रहे हैं।

### बुजुर्ग की जमीन पर रसूखदरों ने किया कब्जा कांग्रेस नेता की तहसीलदार से नोंक-झोंक

गोविंदपुरा क्षेत्र में रहने वाली खुशीपुरा निवासी धनियाबाई के पट्टे की जमीन पर रसूखदारों के कब्जे और कॉमर्शियल इस्तेमाल के मामले में मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई के दौरान गोविंदपुरा तहसीलदार दिलीप चौरसिया और कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के बीच नोक झोक हो गई। जनसुनवाई कर रहे एडीएम सिद्धार्थ जैन ने जब सरकारी रिपोर्ट का हवाला देकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की, जिस पर कांग्रेस नेता भड़क गए। 80 वर्षीय वृद्ध महिला की जमीन पर कब्जा होने से बुजुर्ग को मजदूरी कर गुजारा करना पड़ रहा है। धनियाबाई के पड़ोस में रहने वाले स्व. रामस्वरूप बाथम पुत्र घनश्याम बाथम के परिजनों ने झुग्गी पर जबरदस्ती कब्जा कर दो दुकानों का निर्माण कर लिया है, जिसकी शिकायत एसडीएम गोविंदपुरा के यहां 3 माह पहले की गई थी। बीस दिन पहले भी बुजुर्ग जनसुनवाई में पहुंची थी, लेकिन उसकी फरियाद नहीं सुनी गई। जिसके बाद मंगलवार को दोबारा से कांग्रेस नेता बुजुर्ग को लेकर जनसुनवाई में पहुंचे। एडीएम ने मामले की दोबारा से जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### प्रदेश की बाल चित्रकार शीतल के नाम 175 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**भोपाल।** प्रदेश की उभरती हुई बाल चित्रकार शीतल गुप्ता ने स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को उनका चित्र सोमवार को उनके भोपाल स्थित निवास पर पहुंचकर भेंट किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने शीतल की अद्भुत कला प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कला न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। महज 6 वर्ष की उम्र से चित्रकला में रुचि रखने वाली भोपाल की शीतल अब तक 175 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं। उनकी कलाकृतियां जीवंतता के लिए जानी जाती हैं। इससे पहले उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, प्रदेश की पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को उनके चित्र भेंट किए हैं। उनकी इस उपलब्धि को हर स्तर पर सराहा गया है। कला के साथ-साथ शीतल अपनी पढ़ाई में भी हमेशा अव्वल रही हैं। वे अब तक हर कक्षा में टॉपर रही हैं, जिससे उनकी मेहनत और लगन का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत का होना आवश्यकः शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपनी दिनचर्या में परिवर्तन, खान-पान में संयम और टेक्नोलॉजी का नियंत्रित उपयोग कर खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। सबसे पहला सुख निरोगी काया है। विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत आवश्यक है। इसके लिए नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा, स्वस्थ जीवन शैली अपनानी होगी और नियमित जांच करवानी होगी, ताकि रोगों का समय पर निदान हो सके और प्रसार को रोका जा सके। यह बात बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर स्थित ज्ञान विज्ञान भवन में कैंसर स्वास्थ्य शिविर एवं जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कही।



#### टेक्नोलॉजी का उपयोग कम कर खुद को रखे स्वस्थः डॉ. देश दीपक

इस अवसर पर उपस्थित कैंसर विशेषज्ञ डॉ. देश दीपक लाड़िया ने उपस्थित लोगों को बताया कि कैसे वह अपनी दिनचर्या में परिवर्तन कर, खान-पान में संयम और टेक्नोलॉजी का कम उपयोग कर खुद को पूरी तरह स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने शिविर में आए सभी प्रकार के कैंसर रोगियों का उपचार किया। इस अवसर उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. देश दीपक को सम्मानित किया गया।

## राजपूत महापंचायत ने सपाइयों को पढ़ाया राणा सांगा का पाठ

राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के पुतले को जूतों से पीटकर फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को राजपूत महापंचायत और सनातनी संगठन सपा कार्यालय पहुंचे। वहां पर महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर राघवेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में महाराणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन, सपा मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

- पुलिस और सपाइयों से राजपूत महापंचायत के पदाधिकारियों की हुई झड़प

प्रदर्शकारियों ने रामजीलाल सुमन के पुतले को जूतों से पीटते हुए आग के हवाले कर दिया। इस दौरान महाराणा सांगा के फोटो और यही ऐतिहासिक जानकारी वाले बड़े होर्डिंग भी सपा कार्यालय के सामने लगा दिए गए। वहां मौजूद सपाइयों ने इसका विरोध किया, लेकिन उनकी एक न चली। इस दौरान पुलिस की भी प्रदर्शकारियों से तीखी बहस हुई। कुंवर राघवेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा मध्ययुगीन आक्रांता बाबर और औरंगजेब की चाटुकारिता और मजहबी तुष्टिकरण से प्रेरित हो कर प्रातः स्मरणीय वीर योद्धा महाराणा सांगा के खिलाफ जो घृणित टिप्पणी की है, वह अति निंदनीय है। प्रदर्शन में अभय सिंह परमार, गोपाल सिंह तोमर, आदित्य रघुनाथ पावे, राजू राणा, नितिन परिहार, धर्मेंद्र परिहार, हर्ष शर्मा समेत क्षत्रिय कई संगठनों प्रमुख उपस्थित रहे।



## बाजार में भी स्थापित होंगे बिक्री केंद्र

# मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी को बनाया जाएगा आत्मनिर्भरः मंत्री परमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंगलवार को मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी कार्य समिति एवं प्रबंधक मंडल की बैठक हुई।

बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि अकादमी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत कार्य किए जाएं। अकादमी को आर्थिक रूप से सशक्त करने, समय पर पुस्तकें प्रकाशित करने तथा विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बाजार में भी अकादमी की पुस्तकों की बिक्री केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। परमार ने अकादमी द्वारा प्रकाशित द्विमासिक रचना पत्रिका में समसामयिक आलेख, विवि महाविद्यालय तथा उच्च शिक्षा विभाग की गतिविधियों की जानकारी के साथ प्रकाशित करने के निर्देश दिए।

## 9 मसाला में आयोजित समारोह में चारों ओर बिखरे रंगबिरंगे फूल

# सुगंध और सौहार्द्र से महका रॉयल प्रेस क्लब का होली मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रॉयल प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों, जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और राजनीतिक पदाधिकारियों प्रशासनिक-पुलिस अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने फूलों की होली खेली।

रॉयल प्रेस क्लब के अध्यक्ष पंकज भदौरिया ने बताया कि 9 मसाला में आयोजित समारोह में चारों ओर उड़ते हुए फूलों की सुगंध और हर्षोल्लास से वातावरण जीवंत हो गया। सभी ने पत्रकारों के साथ होली की मस्ती का आनंद लेते हुए फूलों के साथ गाने-बजाने और नाच-गाने का लुत्फ उठाया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और केक काटने से हुई, क्योंकि यह दिन भदौरिया के जन्मदिन का भी था।




### पत्रकारों ने जमकर खेली फूलों की होली

मध्य प्रदेश प्रेस क्लब, जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश जंप के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी में पत्रकारों में जमकर फूलों की होली खेली। पत्रकार साथियों ने चंदन का तिलक लगाकर एक दूसरे अभिनंदन किया और गुलाब की पंखुड़ियां से एक दूसरे का स्वागत किया। मध्य प्रदेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी ने बताया कि समारोह में पत्रकार साथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनसंपर्क विभाग के अधिकारी शामिल हुए। आयोजन में ड्रायफ्रूट, ठंडाई और मालवी व्यंजनों ने उत्सव में एक अलग रंग भर दिया।

### अखिल भारतीय मेड़तवाल वैश्य समाज का होली मिलन समारोह



**भोपाल।** अखिल भारतीय मेड़तवाल समाज भोपाल के द्वारा लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। फाग गीतों पर फूलों की होली खेली गई। समाज के महिला-पुरुषों के साथ बच्चों ने भी होली आनंद लिया। होली के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक विषयों पर भी समाज जनों ने बैठकर चर्चा की और आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को भी तैयार की गई। समाज के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जेपी गुप्ता और नवनीत भंडारी ने सभी समाज जनों को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। देर शाम को कुलदेवी मां फलोदी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

*विभाग में 7,297 पद स्वीकृत इनमें से 4,502 पद ही भरे हुए*

# पीडब्ल्यूडी में इंजीनियरों व कर्मचारियों के करीब 38 फीसदी पद रिक्त

## पदों पर भर्तियां नहीं होने से विभागीय कार्यों पर असर पड़ना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में इंजीनियरों व कर्मचारियों के करीब 38 फीसदी पद रिक्त हैं। इन पदों पर भर्तियां नहीं होने से विभागीय कार्यों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हालांकि विभाग ने रिक्त पदों पर भर्तियां करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है।

विभाग में कुल 7,297 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 4,502 पद ही भरे हुए हैं। शेष 2,795 पद, यानी करीब 38% पद, लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। इनमें इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और प्रशासनिक स्टाफ के महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। पद रिक्त होने की वजह से सड़कों, पुलों और अन्य निर्माण कार्यों में देरी की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

### एक इंजीनियर पर औसतन तीन परियोजनाओं की जिम्मेदारी




विभाग के एक वरिष्ठ इंजीनियर ने नाम न देने की शर्त पर बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण मौजूदा स्टाफ पर काम का दबाव अत्यधिक बढ़ गया है। एक इंजीनियर को औसतन तीन परियोजनाओं की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है, जो सामान्य से दोगुना है। इससे न केवल समयसीमा प्रभावित हो रही है, बल्कि कार्य की गुणवत्ता भी घट रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले एक साल में 139 निर्माण परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं, जिनमें से 45% ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित हैं।

### तीन वर्षों में रिक्त पदों की संख्या में 15% की हुई वृद्धि

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में रिक्त पदों की संख्या में 15% की वृद्धि हुई है, क्योंकि सेवानिवृत्ति और स्थानांतरण के बाद नई भर्तियां नहीं की गईं। सूत्रों का कहना है कि कर्मचारियों की अपर्याप्त संख्या के कारण कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जैसे सड़क बनाने, राज्य राजमार्गों का उन्नयन समय पर पूरा नहीं हो पा रही हैं। विशेष रूप से मप्र के तकरीबन क्षेत्रों में सड़क निर्माण और रखरखाव के कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे बरसात के मौसम में सड़कों की स्थिति और खराब हो जाती है।

### परियोजनाओं के पूर्ण होने में देरी से लागत में 10-15% तक की बढ़ोतरी हुई

पीडब्ल्यूडी में कर्मचारियों की कमी होने की वजह से विभाग की परियोजनाओं का बजट भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि देरी से लागत में 10-15% तक की वृद्धि हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शीघ्र ही रिक्त पदों को नहीं भरा गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस संबंध में विभागीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग पिछले तीन सालों से उठ रही है, लेकिन अब जाकर इस पर ठोस कदम उठाने की रणनीति बन पाई है। सूत्रों के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में देरी का कारण प्रशासनिक स्वीकृति और बजट आवंटन में कमी बताया जा रहा है।

### *कर्मचारियों की कमी को नजरअंदाज करना जनता के साथ अन्याय*

*अभी हाल में ही विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सरकार से सवाल जवाब किया। सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग भी की है। विपक्ष के एक नेता ने कहा लोक निर्माण विभाग राज्य के विकास की रीढ़ है। कर्मचारियों की कमी को नजरअंदाज करना जनता के साथ अन्याय है। ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों ने भी शिकायत की है कि सड़कों की खराब स्थिति के कारण उन्हें आवागमन में परेशानी हो रही है। रिक्त पदों को भरने के लिए शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने और मौजूदा संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करे, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और विकास कार्य पटरी पर लौट सकें।*

## खबर संक्षेप



### देशमुख ने लोकायुक्त डीजी का संभाला पदभार


**भोपाल।** विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त के नवागत महानिदेशक योगेश देशमुख ने अपना पदभार संभाल लिया। उन्होंने मंगलवार को लोकायुक्त ऑफिस पहुंचकर जयदीप प्रसाद से कार्यभार ग्रहण किया। जयदीप प्रसाद का एससीआरबी में एडीजी के पद पर ट्रांसफर किया गया है। मंगलवार को लोकायुक्त जस्टिस सत्येंद्र सिंह की मौजूदगी में जयदीप प्रसाद की विदाई एवं योगेश देशमुख का संगठन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान लोकायुक्त पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का सम्मेलन आज

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 मार्च को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। सम्मेलन अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्सय भवन में भोपाल में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया है कि इस मौके पर अपर मुख्य सचिव सहकारिता एवं प्रशासक अपेक्स बैंक अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन डीपी आहूजा उपस्थित रहेंगे।

## डॉ. यादव ने सालरिया में 58 करोड 93 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# बड़े नगरीय निकायों में 10-10 हजार गो-वंश की क्षमता वाली बनाई जाएगी गो-शालाएं: मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य है। मेरा परम सौभाग्य है कि प्रदेश के सबसे बड़े गो-अभयारण्य में जन्मदिन पर साधु-संतों एवं गो-माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये हमारी संस्कृति को न केवल पुष्पित-पल्लवित करते है, बल्कि हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। मुख्यमंत्री ने सालरिया में गो-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का भोग लगाया।

मुख्यमंत्री ने सालरिया में 58 करोड़ 93 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। उन्होंने 186 स्व-सहायता समूहों को 6 करोड़ 12 लाख रुपए का बैंक ऋण वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन कर उपहार भेंट किए। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य में लगाया आंवले का पौधा

**खास बातें**

- गो-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का लगाया भोग
- पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया




**मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य में 1008 पौधे रोपे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य सालरिया में आंवले का पौधा रोपा। किया। मुख्यमंत्री ने पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अपने जन्मदिन, शादी-सालगिरह एवं अन्य विशेष अवसर पर पौध-रोपण कर उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण कर पेड़ के रूप में विकसित करने का संकल्प लें। सालरिया में मुख्यमंत्री के साथ 1008 पौधों का गो-अभयारण्य परिसर में रोपण किया गया।

**सरकार ने हर-घर में गोवंश बढ़ाने का लिया निर्णय**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर-घर में गोवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसके लिये निंरतर कार्य कर रही है, गो-शालाओं को आहार अनुदान की राशि 20 रूपए से बढ़ाकर 40 रुपए की गई है। जो व्यक्ति अपने घर में 10 से अधिक गोवंश पालेगा, उसे भी सरकार अनुदान राशि देगी। इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन पर प्रति लीटर पर 5 रुपए बोनस दिया जाएगा। देश में दूध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत आपूर्ति मप्र की ओर से जाती है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से दुग्ध उत्पादन 20 प्रतिशत तक बढ़ाकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश की सभी बड़ी नगर निगम में 10-10 हजार गोवंश की क्षमता वाली गोशालाओं बनाई जाएगी।

### *गो-अभयारण्य सालरिया में हुआ एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जन्मदिन पर गो-अभयारण्य सालरिया (सुसनेर) में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अन्तर्गत गो-कथा उपसंहार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन किया। उन्होंने कहा कि गो-माता में हमारे 33 कोटि देवी-देवता विराजमान है, गो-माता अपने आंचल से हमको जीवन देती है, यह प्रकृति के समान हमको जीना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो गाय पालते हैं, वे सभी गोपाल हैं। जिन घरों में गाय का कुल है, वह गोकुल हैं। हमें हर घर को गोकुल बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में कोई विवाद न हों, जहां हर घर में गो-माता हों, ऐसे गांव को हम वृंदावन बनाएंगे।*

### सरकार की नीतियों, योजनाओं की जानकारी मिलेगी



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया जनसंपर्क विभाग के मोबाइल एप का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित मोबाइल एप का लोकार्पण किया। इस एप से प्रदेशवासियों को सरकार की नीतियों, योजनाओं और महत्वपूर्ण समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर ही प्राप्त हो सकेगी। मोबाइल एप पर समाचार, फोटो गैलरी, वीडियो गैलरी, मंत्री परिषद के निर्णय, आलेख, विभिन्न विभागों की वेबसाइट के लिंक, जिलों के समाचार तथा मंत्रिमंडल के सदस्यों, कमिश्नर और कलेक्टर की सूची आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता तथा सोशल मीडिया विशेषज्ञ उपस्थित थे।

### *सीएम के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा*

*आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. खाड़े ने अवगत कराया कि जनसम्पर्क विभाग के पोर्टल का एंड्रॉयड बेस्ड मोबाइल एप तैयार किया गया है। मोबाइल एप में मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण से जुड़े समाचार सिंगल क्लिक पर एप में उपलब्ध होंगे। एप पर स्क्रीन रीडर की भी सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से समाचार सुन सकेंगे। उन्होंने बताया कि एप में वॉइस सर्च की सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से आवश्यकता अनुसार कंटेंट सर्च कर सकते हैं।*

### कांग्रेस ने की निष्पक्ष जांच की मांग

## राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का जाति प्रमाण-पत्र फर्जी: प्रदीप

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश अनुसूचित जाति कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिमा बागरी ने अनुसूचित जाति के आरक्षण का गलत तरीके से लाभ उठाया और मंत्री पद हासिल किया।

अहिरवार ने कहा कि बागरी अनुसूचित जाति नहीं राजपूत और ठाकुर समुदाय में आते हैं। राज्य मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। राज्य सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराती है, तो पार्टी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में अमिता बागरी ने कहा कि जांच करा लें, मुझे कोई दिक्कत नहीं है। प्रतिमा सतना जिले में रैगांव सीट से चुनाव जीती हैं। उन्होंने कांग्रेस की कल्पना वर्मा को हराया था।

**रैगांव सीट अजा वर्ग के लिए आरक्षित:** प्रदीप अहिरवार ने कहा कि सतना जिले का रैगांव विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। प्रतिमा बागरी यहां से विधायक हैं। तथ्य यह है कि बुंदेलखंड, महाकौशल और विंध्य क्षेत्र में रहने वाले बागरी जाति के लोग मूल रूप से ठाकुर (राजपूत) समुदाय से आते हैं और अनुसूचित जाति वर्ग की श्रेणी में नहीं आते।

### राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

## सदन में जनप्रतिनिधियों की आवाज दबाने का किया जा रहा प्रयास: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश विधानसभा में तारांकित प्रश्न क्र. 2926 के उत्तर को लेकर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखकर राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताई है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय में संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि राजस्व विभाग ने केवल लिखित उत्तर भेजा, लेकिन पुस्तकालय जानकारी प्रेषित नहीं की, जिससे प्रश्नकर्ता को पूरी जानकारी नहीं मिल सकी। जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया कि यह समस्या केवल उनके प्रश्न तक सीमित नहीं है, बल्कि सैकड़ों विधायकों के प्रश्नों की जानकारी भी छिपाई जा रही है, जिससे सदन में जनप्रतिनिधियों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री और मुख्य सचिव से मांग की कि राजस्व विभाग की इस उदासीनता के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और प्रश्नकर्ताओं को जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

### आदेश के साथ ही रिलीविंग ऑर्डर जारी

## 67 पुलिस इंस्पेक्टर, एसआई और एएसआई इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने 67 इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और एएसआई के तबादले किए हैं। सोमवार देर रात को जारी सूची के अनुसार सभी को ट्रांसफर करते हुए उनके वर्तमान पद से रिलीव भी करते हुए उन्हें तत्काल नई पदस्थापना पर आमद देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

> चंद्रिका यादव को उज्जैन से नगरीय भोपाल किया पदस्थ

आदेश का पालन न करने वाले अफसरों को एकतरफा अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। जारी आदेश के अनुसार रतन सिंह परिहार को नगरीय भोपाल से रतलाम, सुलोचना कुमारी गहलोद को स्पेशल ब्रांच भोपाल से खंडवा, चंद्रिका यादव को उज्जैन से नगरीय भोपाल, दिनेश भोजक को रतलाम से लोकायुक्त भोपाल, वीरेंद्र अहिरवाल को पीटीसी भोपाल से विदिशा, अनिल कुमार यादव को सीआईडी पीएचक्यू से नगरीय भोपाल, जयवीर सिंह बघेल को गुना से नगरीय भोपाल, उमेश कुमार सेन को विदिशा से पीएचक्यू भोपाल, राहुल जोशी को पीएचक्यू प्रशिक्षण से नगरीय इंदौर ट्रांसफर किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा

## कालिंजर-अजयगढ़-पन्ना व्हाया जबलपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने का किया अनुरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर कालिंजर-अजयगढ़-पन्ना व्हाया जबलपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने तथा केन्द्रीय सड़क निधि योजना अंतर्गत गुनौर व पवई के विभिन्न मार्गों की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में अनुरोध किया। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने पन्ना से मंडला तक 21 किमी एलीवेटेड रोड निर्माण की प्रक्रिया को वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 में शामिल करने के लिए केन्द्रीय मंत्री गडकरी का आभार माना।

### खाद्य मंत्री राजपूत ने संचालक मंडल की बैठक में दिए निर्देश

## सिविल सप्लाई कार्पोरेशन की संगठनात्मक संरचना में सुधार का प्रस्ताव करें तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन की संगठनात्मक संरचना (ओएस) में सुधार के लिए प्रस्ताव तैयार करें। इसके लिए कंसल्टेंट की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह निर्देश कार्पोरेशन की संचालक मण्डल की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करें। वे स्वयं भी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

मंत्री राजपूत ने कहा कि कार्पोरेशन में रिक्त पदों की भर्ती जल्द करें। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स में एक्सपर्ट व्यक्तियों को ही नियुक्त करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्पोरेशन के लंबित लेखा संबंधी कार्य पूरे कराने के लिए संविदा में लेखापालों की नियुक्ति करें।



### *प्रोत्साहन राशि दी जाएगी*

*बैठक में उपार्जन कार्य में लगे कर्मचारियों को वर्ष 2024-25 की प्रोत्साहन राशि के रूप में एक माह का वेतन देने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2017-18 और वर्ष 2018-19 की लंबित प्रोत्साहन राशि के संबंध में भी चर्चा हुई। वरिष्ठ सहायकों के वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय लिया गया। मंत्री राजपूत ने कहा कि संचालक मण्डल की बैठक में लिए गए निर्णयों का क्रियान्वयन समय-सीमा में करें।*

### दत्तक ग्रहण विनियम-2022 पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने प्रतिभागियों को किया संबोधित

## गोद लेने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा बच्चों को मिलेगा एक उज्जवल भविष्य: भूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अधिसूचित दत्तक ग्रहण विनियम-2022 का उद्देश्य भारत में गोद लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और अधिक बच्चों को परिवार का प्यार एवं संरक्षण उपलब्ध कराना है। यह नियम किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 के तहत लागू किए गए हैं, जो अनाथ, परित्यक्त या अभ्यर्पित बच्चों के पुनर्वास के लिए दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देते हैं।

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग, मप्र के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में दत्तक ग्रहण विनियम 2022 पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 एवं 26 मार्च को किया जा रहा है।

**प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने कार्य करने की अपील**

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया।



उन्होंने बच्चों के एडॉप्शन से जुड़ी संवेदनाओं को समझने और इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के दत्तक ग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाया जाएगा, बल्कि बच्चों को एक उज्जवल भविष्य भी मिलेगा।

### प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

यह कार्यक्रम बच्चों के कानूनी और नैतिक रूप से गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के पहले दिन जिलों के प्रतिनिधि एसजेपीयू के अधिकारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण एवं बाल गृह के अधीक्षक, प्रबंधक शामिल हुए।

### *गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने पर जोर*

*आयुक्त महिला एवं बाल विकास सूफिया फारुकी वली ने कहा कि विभाग दत्तक ग्रहण विनियम-2022 के तहत बच्चों के स्थायी पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नैतिक और कानूनी तरीके से गोद लेना बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। यह न केवल बच्चों को एक सुरक्षित और प्यार भरा घर देता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाता है।*

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
Water Work Department
Municipal Corporation MATA MANDIR PHE CAMPUS, BHOPAL
Office Telephone No. 0755-2552471

NIT No. 27/T.Sec./EE./W.W.D./2024-25 Bhopal, Dated-24.03.2025

NOTICE INVITING e-TENDER
4th- Call

Online Tender are inviting on appendix 2.10 from the appropriate firm that registered in Office of the Madhya Pradesh (Centralized PWD Registration Cell) for following work. The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website.

| S. No. | Details of Work. | Probable Amount of Contract (in lakh) | Earnest Money Deposit (in lakh) | Cost of Tender Document (In lakh) | Completion Period (In Days) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PROVIDING, LAYING, CHANGING AND COMMISSIONING OF 1000 MM DIA BUTTERFLY VALVE OF GOVINDPURA FEEDER MAINS (NARMADA FEEDER) | 34,79,882.00 | 26,100.00 | 5,000.00 | 60 Days |

नि.क्र. 1569/024/025

Executive Engineer
Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal

बिजनेस साइट

# स्मार्ट निवेश: प्रभावशाली एसेट एलोकेशन की ताकत को समझें



राहुल जैन
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भोपाल

**भोपाल।** निवेशकों के बीच एक आम प्रवृत्ति यह विश्वास है कि सस्टेनेबल वेल्थ क्रिएशन एक सिंगल मल्टी-बैगर स्टॉक की खोज से आता है। एक बार ऐसा विचार मिल जाने के बाद, अक्सर यह माना जाता है कि यह जीवन भर के लिए पर्याप्त वेल्थ उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, स्टडीज से पता चलता है कि केवल स्टॉक चयन के माध्यम से लॉन्गटर्म वेल्थ क्रिएशन का निर्माण नहीं किया जा सकता है। इसका मूलमंत्र सटीक एसेट एलोकेशन में ही है। एक स्टॉक एक अवधि के लिए मल्टी - बैगर की तरह लग सकता है, लेकिन एक बार जब इसका तेज ग्रोथ फेज समाप्त हो जाता है, तो यह अपनी क्षमता खो सकता है या कंसोलिडेशन से गुजर सकता है।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि बाजार चक्रों में चलते हैं। समय के अलग-अलग दौर में, कुछ एसेट्स अच्छा प्रदर्शन करेंगी, जबकि अन्य चक्रों में, अलग-अलग एसेट्स आगे बढ़ेंगी। लॉन्गटर्म वेल्थ क्रिएशन का सार एसेट एलोकेशन पर निर्भर करता है यानि सही समय पर सही एसेट्स का चयन करना। कोई भी व्यक्ति पूरी तरह से एक ही एसेट क्लास पर निर्भर नहीं रह सकता है, जैसे कि इक्विटी, जिसने ऐतिहासिक रूप से मजबूत प्रदर्शन का प्रदर्शन किया है, लेकिन साथ ही वे यूएस फेडरल रिजर्व ब्याज दर पूर्वानुमान, मुद्रा अवमूल्यन, वैश्विक मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनाव जैसे व्यापक आर्थिक कारकों द्वारा संचालित अस्थिरता के दौर से भी ग्रस्त हैं। इसलिए, एक विवेकशील निवेशक को एसेट वर्गों - इक्विटी, डेट, सोना और इंटरनेशनल इक्विटी का एक विविध मिक्स बनाए रखना चाहिए और मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर एलोकेशन को एडजस्ट करने की लचीलापन रखना चाहिए। उदाहरण के लिए, आर्थिक विस्तार के समय इक्विटी आवंटन में वृद्धि की जानी चाहिए, जबकि जीडीपी में कमी की अवधि के दौरान, डेट आवंटन में वृद्धि होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, वैश्विक तनावों के कारण अनिश्चितता के समय में, सोने में निवेश बढ़ाना चाहिए।

विभिन्न व्यापक आर्थिक स्थितियों के तहत विभिन्न एसेट वर्गों के विभिन्न परफॉर्मेंस पैटर्न को देखते हुए, निवेशक तेजी से एसेट एलोकेशन फंड की ओर आकर्षित हो रहे हैं। अनुभवी फंड मैनेजरों द्वारा प्रबंधित ये फंड आर्थिक चक्रों के जवाब में एसेट एलोकेशन को रीबैलेंस्ड करते हैं, जिससे लंबी अवधि में उचित, सस्टेनेबल रिटर्न मिलता है। ऐसा ही एक फंड आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) है। यह फंड इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम / ईटीएफ में एलोकेशन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है। 31 जनवरी, 2025 तक, फंड ने एक वर्ष में 11.90 फीसदी रिटर्न दिया है, जिसमें तीन और पांच वर्षों में क्रमशः 12.92 फीसदी और 13.87 फीसदी का सीएजीआर रिटर्न है।

बिजनेस साइट

# एसेट एलोकेशन के साथ बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच स्थिर निवेश



अमीत अग्रवाल
कैपिटल वेंचर्स, ग्वालियर

**ग्वालियर।** एक ही समाधान शायद ही सभी के लिए उपयुक्त हो, चाहे वह जीवन में हो या निवेश में। हर देश की अर्थव्यवस्था विकास और मंदी के चक्रों से गुजरती है, जो आंतरिक और बाहरी कारकों के मिश्रण से प्रभावित होती है। नतीजतन, एसेट क्लास चक्र के विभिन्न चरणों में अलग-अलग प्रदर्शन करते हैं। एक ही एसेट क्लास पर लंबे समय तक निर्भर रहने से पर्याप्त रिटर्न नहीं मिल सकता है या किसी की आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए आवश्यक वित्तीय स्वतंत्रता नहीं मिल सकती है।

यही कारण है कि अनुभवी बाजार विशेषज्ञ लंबी अवधि में धन बनाने के लिए व्यक्तिगत प्रतिभूतियों की तुलना में एसेट एलोकेशन पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। अनुभव पर आधारित साक्ष्य बताते हैं कि, सस्टेनेबल वेल्थ क्रिएशन की खोज में एसेट एलोकेशन कुल पोर्टफोलियो प्रदर्शन का लगभग 91 प्रतिशत हिस्सा होता है, जबकि सुरक्षा चयन केवल 4.60 प्रतिशत योगदान देता है, जो बाजार के समय को 1.80 प्रतिशत और शेष अन्य कारकों द्वारा निर्धारित होता है।

तो एसेट एलोकेशन इतना महत्वपूर्ण क्यों है? यह सरल है: प्रत्येक एसेट क्लास आर्थिक चक्रों पर अलग-अलग प्रतिक्रिया करता है। कुछ ऐसे अनूठे लक्षण प्रदर्शित करते हैं जो पारंपरिक सिद्धांतों को धता बताते हैं, जो अप्रत्याशितता का एक तत्व जोड़ते हैं। आम तौर पर माना जाता है कि आर्थिक विस्तार के दौरान इक्विटी में निवेश बढ़ाना चाहिए और मंदी के दौरान कर्ज पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हालांकि, आर्थिक चक्र एक लाइन का पालन नहीं करते हैं वे आशावाद से उत्साह की ओर बढ़ते हैं, लेकिन फिर घबराहट, निराशा और अवसाद की ओर बढ़ते हैं और फिर आशा, राहत और नए सिरे से आशावाद के साथ वापस लौट आते हैं। बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव को संभालने के लिए, निवेशकों को बाजार में तेजी के समय इक्विटी में अधिक निवेश करना चाहिए और धीरे-धीरे अपने निवेश को कम करना चाहिए क्योंकि भावना नकारात्मक हो जाती है। जब बाजार अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच जाता है, तो उन्हें फिर से इक्विटी खरीदना शुरू कर देना चाहिए। आर्थिक चक्र के आधार पर निवेश को समायोजित करने की इस रणनीति को एसेट एलोकेशन कहा जाता है। हालांकि, यह जानना कि कब और कैसे इन एडजेस्टमेंट्स को करना है, कौशल की आवश्यकता होती है, जिससे औसत निवेशक के लिए प्रभावी ढंग से ट्रैक करना और रीबैलेंस्ड करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए, म्यूचुअल फंड ने एसेट एलोकेशन फंड पेश किए हैं, जो आर्थिक चक्रों के अनुसार एसेट वेट के एडजेस्टमेंट को प्रोफेशनल रूप से प्रबंधित करते हैं, जिससे आम निवेशकों के लिए सही एलोकेशन आसान हो जाता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) एक ऐसा फंड है जो इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके मुख्य रूप से इक्विटी - ओरिएंटेड योजनाओं, डेट-ओरिएंटेड योजनाओं और गोल्ड ईटीएफ / योजनाओं के बीच आवंटन करता है। फंड का लक्ष्य सही समय पर इक्विटी, डेट और सोने के बीच आवंटन करना है। 31 जनवरी, 2025 तक, फंड ने एक वर्ष में 11.90 फीसदी रिटर्न दिया है, जिसमें तीन वर्षों में 12.92 फीसदी और पांच वर्षों में 13.87 फीसदी का सीएजीआर रिटर्न है।

## पेज एक का शेष

### कुष्ठ रोगियों ...

सिर पर हाथ रखकर भर भर कर आशीर्वाद दिया। सीएम ने कहा कि उनका उद्देश्य कुष्ठ रोगियों को समाज में सम्मान दिलाना है। उन्होंने गौ सेवा भी की और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि आज यहां भाइयों और बहनों का उत्साह, साहस और जोश देखकर, जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण उभरा है। हम कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। प्रदेश में हर व्यक्ति खुश, सुरक्षित और सक्षम होना चाहिए, यही हमारा लक्ष्य है। सीएम यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारा लक्ष्य कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। आज, महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम, भोपाल में कुष्ठ रोग से पीड़ित भाइयों और बहनों के बीच एक परिवार के सदस्य के रूप में अपना जन्मदिन मनाकर और उन्हें भोजन परोस कर मैं बहुत संतुष्ट महसूस कर रहा हूं। बीमारी होना हमारे हाथ में नहीं है, लेकिन जीवन को अच्छे से जीना हमारे हाथ में है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिन की शुरुआत मुख्यमंत्री निवास स्थित मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना कर की। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास स्थित गौशाला में सर्व सुखदायिनी गौ माता की सेवा कर प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की तथा विकसित मप्र के सभी संकल्प पूर्ण करने के लिए गौ माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर रखते हुए आगे लेकर जाना है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में बड़ा निवेश मिला है। सरकार ने संभागीय स्तर पर औद्योगिक ईकाइयों के भूमि-पूजन की शुरुआत कर दी है। पहले भिंड, मुरैना और ग्वालियर में 18 औद्योगिक ईकाइयों के भूमि-पूजन किया।

### एक्शन देखकर...

हम इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए ही आदेश पारित करने जा रहे हैं। जिस तरह से पूरी प्रक्रिया का संचालन किया गया, वह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अगर हम एक मामले में इसे बर्दाश्त करते हैं, तो यह जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हम आदेश पारित करेंगे कि वे अपने खर्च पर पुनर्निर्माण कर सकते हैं और अगर अपील विफल हो जाती है तो उन्हें अपने खर्च पर ध्वस्तीकरण करना होगा। राज्य को इस मामले में जो हुआ है, उसका समर्थन नहीं करना चाहिए। जब एजी ने कहा कि यह मामला बेघर लोगों का नहीं है और उनके पास वैकल्पिक आवास है, तो जस्टिस ओका ने कहा, राज्य यह नहीं कह सकता कि इन लोगों के पास पहले से ही एक और घर है, इसलिए हम कानून की उचित प्रक्रिया का पालन नहीं करेंगे और उन्हें ध्वस्तीकरण के खिलाफ अपील दायर करने के लिए उचित समय भी नहीं देंगे। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि राज्य को उचित समय देकर निष्पक्षता से काम करना चाहिए ताकि लोग अपील कर सकें। जस्टिस ओका ने कहा, अब हम उन्हें पुनर्निर्माण करने की अनुमति देंगे। एजी ने चेतावनी दी कि इस तरह के आदेश का फायदा बड़ी संख्या में अवैध कब्जा करने वाले उठा सकते हैं।

### यह है पूरा ...

इससे उन्हें कार्रवाई को चुनौती देने का कोई मौका नहीं मिला। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने उनकी जमीन को गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद से गलत तरीके से जोड़ा था, जिसकी 2023 में हत्या कर दी गई थी।

### जस्टिस वर्मा के ...

आवास पर पहुंची और पौन घंटे तक रुकी। टीम ने सरकारी आवास में बने उस स्टोर रूम का मुआयना किया, जहां 14 मार्च की रात करीब 11 बजे आग लगी थी। इस दौरान जब फायर कर्मी मौके पर पहुंचे तो तीन से चार बोरों में नोट में आग लगी हुई थी, जिसकी जानकारी तुरंत फायर डायरेक्टर और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को दो गई। बता दें कि 3 राज्यों के चीफ जस्टिस के इस पैनल को ही तय करना है कि कैश मिलने के मामले में जस्टिस वर्मा के खिलाफ एक्शन होना चाहिए या नहीं। हालांकि, पैनल कार्रवाई करने का हकदार नहीं होगा। पैनल बस अपनी रिपोर्ट सीजेआई संजीव खन्ना को सौंपेगा।

### सरस्वती स्कूल ...

पंखों में तोड़फोड़ की। घटना के बारे में स्कूल के प्राचार्य शिवकुमार पटेल ने कहा कि यह घटना हमारे लिए एक बड़ा सदमा है। स्कूल की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का मकसद समझ से परे है। हम इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करवा चुके हैं और आशा करते हैं कि दोषियों का जल्द पता चल सकेगा। बदमाशों ने स्कूल में लगे पंखे भी तोड़ दिए, साथ ही स्कूल के रजिस्टर को भी आग लगाने की कोशिश की। यही नहीं, पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की तस्वीर भी फेंककर तोड़ दी। इस तरह बदमाशों ने स्कूल में काफी नुकसान किया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट में...

32 लोगों की गवाही ली गई थी। बता दें कि सितंबर महीने में जाम गेट के पास आर्मी फायरिंग रेंज में दोनों अफसर अपनी महिला मित्रों के साथ घूमने आए थे, जिसके कुछ समय बाद ही 7 से 8 बदमाशों ने ऑफिसर के साथ मारपीट की थी। वहीं पैसों की डिमांड करते हुए एक कपल को 10 लाख रुपए कैश लाने भेजा था, लेकिन उनके वापस न लौटने पर बंधक बनाए ऑफिसर और महिला मित्र के साथ मारपीट और बदसलूकी की थी। 11 सितंबर को हुई इस घटना के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्त में लिया गया था, इनमें एक आरोपी नाबालिग निकला। मामले की गंभीरता देखते हुए आरोपियों की पहचान की गयी और शीघ्र उनकी गिरफ्तारी भी की गई। एक महीने के भीतरी कोर्ट में चार्ज शीट फाइल हुई और इसके बाद अब 5 महीने के अंदर ही इसमें जजमेंट सामने आ चुका है। पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

### दो बसें जलकर ...

मुताबिक, सिंगरौली अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर विजय ट्रैवल्स की बस और सिद्धीकी बस सर्विस की बस आसपास खड़ी थीं। विजय ट्रैवल्स की बस में अचानक आग लगी, जिसने सिद्धीकी बस को भी चपेट में ले लिया। हादसे के वक्त विजय ट्रैवल्स की बस में ड्राइवर जाहिद खान, कंडक्टर काशी पटेल और क्लीनर हरीश पनिका सो रहे थे। कंडक्टर काशी बस में आगे, ड्राइवर जाहिद पीछे और क्लीनर हरीश बस के बीच वाली सीट पर सो रहे थे। आग लगने पर काशी आगे वाले गेट से जबकि जाहिद पीछे वाले गेट से बाहर आ गए लेकिन हरीश नहीं निकल पाया।

### एक्सीडेंट और अड़ीबाजी...

सिंगोरिया पर बिना जांच के ही झूठी एफआईआर दर्ज कर दी। इतना ही नहीं पत्रकार को इस मामले में गिरफ्तार भी कर लिया। दूसरे दिन मामले की भनक पत्रकार सहित सत्ता और विपक्ष के नेताओं एवं आला अफसरों तक पहुंची तो बवाल मच गया। मामले में पत्रकारों ने कटारा हिल्स थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया। सीएम डॉ. मोहन यादव के संज्ञान में मामला आया तो तत्काल टीआई कटारा हिल्स कृष्ण गोपाल शुक्ला को लाइन अटैच कर दिया गया।

दूसरी तरफ इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पत्रकारों के प्रदर्शन का वीडियो पोस्ट किया। साथ ही लिखा कि भोपाल के पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया को बिना किसी अपराध के झूठा मामला बनाकर सोमवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी पत्रकार इस गिरफ्तारी का विरोध कर रहे हैं। प्रदेश सरकार से मेरी मांग है कि पत्रकार को तुरंत रिहा किया जाए और न्यायपूर्ण कार्रवाई की जाए।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, फरियादी शेख अकील निवासी कबीटपुरा ने 20 मार्च को कटारा हिल्स थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सफेद रंग की बोलेरो ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उन्हें धमकाते हुए 50 हजार रुपए की मांग की और मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने बिना किसी जांच के पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया को अरेस्ट कर लिया, जबकि उनके नाम न ही कोई बुलेरो है और न ही वे घटनास्थल पर मौजूद थे।

### डीजीपी ने एडिशनल ...

सीपी अवधेश गोस्वामी को सौंपी गई है। इस मामले में थाना प्रभारी की विभागीय जांच भी होगी। इसके बाद कड़ा एक्शन हो सकता है।

### मप्र हाईकोर्ट ने ...

है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। दरअसल, एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की उम्मीदवार ममता डेहरिया की ओर से ये याचिका दायर की गई थी। इसमें विशेष रूप से आरक्षित वर्ग के मेधावी उम्मीदवारों को अनारक्षित वर्ग में शामिल न करने के प्रावधान को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि परीक्षा के लिए जो प्रावधान किए गए हैं वे आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को छूट के नाम पर अनारक्षित वर्ग में चयन से रोकते हैं। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत तथा न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ में हुई।

### मध्य भारत में बढ़ ...

में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संपूर्ण देश के संघकार्य को लेकर प्रस्तुत वृत्त में दी गई है। भोपाल स्थित विश्व संवाद केंद्र में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मध्यभारत प्रांत में संघ की रचना से महानगरीय एवं ग्रामीण जिलों के 2129 स्थानों पर 3384 शाखाएं चल रही हैं। जिनमें महानगर में 37 स्थानों पर 490 शाखाएं एवं ग्रामीण जिलों में 2092 स्थानों पर 2894 शाखाएं चल रही हैं। इसके साथ ही 617 स्थानों पर 849 साप्ताहिक मिलन के रूप में संघकार्य चल रहा है। शताब्दी वर्ष में प्रान्त की प्रत्येक बस्ती और मंडल तक संघ के कार्यविस्तार का लक्ष्य है। वर्तमान में शाखाओं द्वारा 213 सेवा उपक्रम किए जा रहे हैं।

### मध्यभारत में ...

की। इन शाखाओं ने नशा मुक्ति, गो-संरक्षण, लव जिहाद सहित इस तरह से 103 प्रकार की समस्याएं चिन्हित की।

### शताब्दी वर्ष पर ...

विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी, का संदेश दिया जाएगा। खंड/नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा। बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश देना होगा। युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 से 30 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण, सेवा गतिविधियों और पंच परिवर्तन पर केंद्रित कार्यक्रम किए जाएंगे।

### बच्चों को अगर ...

पर बात करते हैं। बड़ों की अवज्ञा करते हैं। संयुक्त परिवार की भावना के बजाय एकल परिवार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका परिणाम बच्चियों पर पड़ रहा है। लव जिहाद जैसी घटनाएं इसी का परिणाम हैं। इसे नहीं रोका गया तो लव जिहाद के साथ आनंदधाम जैसी संस्थाएं भी तेजी से बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अगर संस्कारित कर दिया तो सारा समाज ठीक से चलेगा।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्नानुसार उधारकर्ता/गारंटर को निम्नानुसार उनके अंतिम ज्ञात पते पर देय ऋण एवं ब्याज का भुगतान 60 दिनों के अंदर करने की नोटिस प्रेषित की गई थी। परंतु उक्त नोटिस संबंधित व्यक्ति पते पर न पाये जाने के कारण वापिस आ चुकी है।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम तथा बैंक शाखा का नाम | बैंक बंधक के अन्तर्गत संपत्ति/प्रतिभूति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | धारा13(2) के अधीन जारी नोटिस दिनांक एवं देय राशि |
|---|---|---|
| परीबाजार शाखा, भोपाल<br>ऋणी- **ललित मोटवानी पुत्र स्व. श्री प्रहलाद मोटवानी**<br>मकान नं. 243, प्रभु नगर, ईस्ट जोन, गुरूद्वारा के पास, ईदगाह हिल्स, भोपाल- 462001 | दुकान नं. 7, मकान नं. 4डी, न्यू वार्ड नं. 07, इन्द्रा गांधी चौराहा, नादरा काम्पलेक्स के पास, भोपाल-462001 क्षेत्रफल- 138 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- उत्तर-कॉरिडोर, दक्षिण- अन्य की जमीन, पूर्व- दुकान नं. 06, पश्चिम- दुकान नं. 08, संपत्ति मालिक- श्री ललित मोटवानी पुत्र स्व. प्रहलाद मोटवानी | 06/03/2025<br>रु. 7,46,277/-<br>+दिनांक 06.03.2025 से देय ब्याज एवं खर्चे<br>एनपीए दिनांक 21.06.2024 |

उपरोक्त संबंधित उधारकर्ता/गारंटर एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 दिनों के पूर्व उपरोक्त संपूर्ण राशि ब्याज एवं खर्चों सहित भुगतान करें अन्यथा सरफेसी अधिनियम के तहत उपरोक्त संपत्ति के कब्जा एवं बिक्री की कार्यवाही अधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी।

स्थान: भोपाल, दिनांक - 25.03.2025
प्राधिकृत अधिकारी
सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्रमांक-01, भोपाल
पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673196, Email : laghubpl01@gmail.com
क्रमांक:लउनि/निर्माण/संभाग क्र.-01/भोपाल/2024-25/18 भोपाल, दिनांक 24.03.2025

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम** - शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल हर्राखेड़ा विकासखण्ड-बैरसिया, जिला-भोपाल में दो नग, शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल पधार, विकासखण्ड-घोड़ाडोंगरी जिला-बैतूल में दो नग, एवं शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल बरखेड़ा बी.एच.ई.एल. विकासखण्ड-भोपाल, जिला-भोपाल में एक नग बालक एवं बालिका शौचालय निर्माण कार्य, (तृतीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि रु. 58,80,016.00 निविदा की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 01.04.2025 सायं 05.30 बजे।** निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/119384/2025 महाप्रबंधक (सं./नि.)

**जाहिर सूचना**

पुत्र वधु से संबंध विच्छेद करने एवं अधिकारों से वंचित करने वास्ते

मेरे पक्षकार की और से सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मो. अथहर खान आ.स्व.श्री फजलुर्रहमान निवासी LIG 151 विवेकानन्द नगर रूसल्ली मस्जिद के पास करोद भोपाल का है जो इन्द्रा गांधी चिकित्सालय भोपाल में ड्रायवर के पद पर कार्यरत है के द्वारा दिनांक 7/10/2023 को अपने पुत्र मो. फाजिल खान आयु 24 वर्ष का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज अनुसार कु.समरा नफीस पुत्री नफीस खान निवासी म.न.861 कृष्णा कालोनी पी.जी.बी. टी. कालेज भोपाल से करवाया था तबसे ही मेरे पक्षकार की पुत्र वधु किसी भी बात पर मेरे पक्षकार व उसकी पत्नि से वाद विवाद (झगड़ा) करती रहती है जिस्से अत्यधिक पीड़ित एवं दुखी हो चुका है वृद्ध अवस्था में है इस कारण मेरा पक्षकार अपनी निजी जिन्दगी से पुत्र वधु से संबंध विच्छेद कर उसके जो अधिकार है उस्से वंचित करता है भविष्य में मेरे पक्षकार एवं समरा नफीस का कोई संबंध नहीं रहेगा साथ ही मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र मो. फाजिल को भी अपने घर से निकाल दिया है। भविष्य में मो. फाजिल खान एवं समरा नफीस के बीच कोई वाद विवाद अथवा झगड़ा होता है तो उसका जिम्मेदार मेरा पक्षकार या उसकी पत्नि नहीं होगी। अतः सर्वसाधरण को सूचित होवे।

भवदीय मो. मारूफ खान अधिवक्ता
13 शहीद नगर करबला रोड भोपाल
मोबाइल नं. 9200209077

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

**नाम परिवर्तन**

मैं श्रीमती शीला भंभानी (Sheela Bhambhani) पत्नी श्री कमलेश मकान नंबर E- 2, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी एयरपोर्ट रोड लालघाटी बैरागढ़ कला भोपाल मेरी 10वीं 12वीं तथा विश्वविद्यालय की मार्कशीट/डिग्री में मेरा नाम शीला भंभानी(Sheela Bhambhani) अंकित है एवं विवाह पश्चात मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड तथा अन्य दस्तावेज मे मानसी पंजाबी (Mansi Punjabi) के नाम से पहचानी जाने लगी हूं दोनों नाम मेरे ही है भविष्य में जो आपत्ती आएगी मेरी स्वयं जिम्मेदार रहूंगी आज से मुझे पूर्व नाम शीला भंभानी(Sheela Bhambhani) के नाम से जाना व पहचाना जावे

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5816



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 5815 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | रा |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | वा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | रा | ल |

## सूडोकु नवताल - 5826

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5825 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

ज्वेलर्स को निशाना बना रहे हैं अपराधी, चिंता का विषय

# सराफा व्यापारियों की मांग : सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिया जाए, नियमों में बरती जाए शिथिलता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बावडियां कला स्थित आकांक्षा ज्वेलर्स पर दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने हमला किया। व्यापारी को घायल किया और लूट का प्रयास किया। परंतु व्यापारी मनोज जैन की बहादुरी से एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भी अपराधी बेखौफ होकर ज्वेलर्स को निशाना बना रहे हैं तो निश्चित ही यह चिंता का विषय है।

अतः सर्राफा व्यापारियों ने अपनी सुरक्षा के लिए शासन से मांग कर रहे हैं कि सर्राफा व्यापारियों को सुरक्षा के लिए हथियारों के लाइसेंस की व्यवस्था की जाए। नियमों को शिथिल किया जाए, जिससे सराफा जैसे बहुमूल्य व्यापार करने वाले व्यापारियों की भी सुरक्षा हो और कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे सर्राफा व्यापारियों में इस घटना को लेकर सुरक्षा का भाव भी बढ़ा है और साथ ही कानून व्यवस्था के प्रति आक्रोश भी बढ़ रहा है।


नवनीत अग्रवाल


जीव गर्ग 'गांधी '

## मुख्यमंत्री, कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

*भोपाल सराफा महासंघ संगठन मंत्री प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल कहा कि सरकार से हम अनेकों बार मांग कर चुके हैं कि सर्राफा व्यापारियों को सुरक्षा के लिए हथियार रखने की अनुमति प्रदान की जाए,उनको लाइसेंस दिया जाए। जिससे हम व्यापारी प्रथम बिंदु पर अपराधियों को जवाब दे पाएं। इस संबंध में सर्राफा महासंघ का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री मोहन यादव, कलेक्टर भोपाल पुलिस कमिश्नर से मिलकर सर्राफा व्यापारियों को शास्त्र लायसेंस देने का अनुरोध पत्र देंगे।*

## घटना के बाद चिंतित सराफा व्यापारियों ने लगाई यह गुहार

*होलसेल सराफा व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव गर्ग गांधी ने कहा कि अभी भी अगर शासन नहीं चेता तो किसी भी दिन बेखौफ अपराधियों द्वारा बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। सर्राफा व्यापारियों में इस घटना को लेकर आक्रोश भी है और असुरक्षा का भाव भी बढ़ा है निश्चित यह चिंता का विषय सर्राफा व्यापारियों पर हमले की घटनाएं बढ़ रही है सुरक्षा के लिए शासन को कड़े कदम उठाना चाहिए और सुरक्षा के लिए हथियारों को रखने की अनुमति देना चाहिए।*

## व्यावसायी संजीव गर्ग ने दिए सुझाव

*ज्वैलरी शॉप में नाकाबपोश का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित हो, मुख्यद्वार पर सीसीटीवी कैमरे की सेटिंग हो, ज्वेलरी वालों को सुरक्षा की दृष्टि से शस्त्र लाइसेंस स्टेट लेवल पर दिया जाए। अक्सर व्यापारियों के आवेदन को जिला प्रशासन द्वारा रिजेक्ट किया जाता है। अतः मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर से मांग है कि शस्त्र लाइसेंस के नियम को शिथिल कर सराफा व्यापारियों को लाइसेंस दिया जाए। इसके अलावा सराफा बाजार के व्यापारिक संगठन बाजार में शस्त्रधारी सुरक्षा बल(सिक्युरिटी गार्ड ) तैनात करने करें , जो तीन शिफ्टों में तैनात रहे। इसके साथ ही प्रत्येक सराफा व्यापारी ज्वेलरी शॉप पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की फोटो और पहचान पत्र, आईडी क्षेत्रीय पुलिस थाने को उपलब्ध कराए।*

मध्यप्रदेश के छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सफलता के लिए

# नारायणा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने मध्य प्रदेश में तीन सहित 12 राज्यों में 52 नए परिसर शुरू किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



नारायणा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने 12 राज्यों में 52 नए परिसरों के शुभारंभ के साथ शिक्षा का लोकतंत्रीकरण जारी रखा है। इस विस्तार से उनके 23 राज्यों में 907 परिसरों तक पहुंचने की संभावना है, जिनमें स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर शामिल हैं। इस विस्तार का एक प्रमुख आकर्षण मध्य प्रदेश में नारायणा का बढ़ा हुआ फोकस है, जहां यह लंबे समय से अपने मौजूदा स्कूलों और कोचिंग सेंटरों के लिए जाना जाता है।

शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से देवास, जबलपुर और ग्वालियर में एक-एक स्कूल जुड़ने के साथ, नारायणा के अब राज्य में कुल 16 परिसर हैं, जो व्यापक छात्र आधार को अपना संरचित पाठ्यक्रम और उन्नत शैक्षणिक पद्धतियां प्रदान करते हैं। यह विस्तार मध्य प्रदेश के छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सफलता के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। इस वर्ष, मध्य प्रदेश के साथ, नारायणा छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में 4 नए परिसरों, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 2-2 नए परिसरों और असम और पंजाब में 1-1 नए परिसरों के साथ आगे विस्तार कर रहा है। अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए, नारायणा तेलंगाना में 21 और आंध्र प्रदेश में 8 नए परिसर शुरू कर रहा है। इस विस्तार पर बोलते हुए, नारायण शैक्षणिक संस्थानों के अध्यक्ष श्री पुनीत कोथापा ने जोर दिया, "हमारा लक्ष्य पूरे देश में हर जिले में एक नारायण परिसर स्थापित करना है। बच्चों की मानसिक और शारीरिक भलाई में माता-पिता और परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हर नया परिसर हमें इसे वास्तविक रूप देने के एक कदम और करीब लाता है।

## खबर संक्षेप

### आईएनए सोलर ने की पार्टनर बनने की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) ने आगामी टी-20 सीजन 2025-27 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के एसोसिएट पार्टनर बनने की घोषणा की है। यह साझेदारी भारत में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और देश को नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आईएनए सोलर के चेयरमैन मनीष गुप्ता ने इस अवसर पर कहाकि लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ यह साझेदारी हमारे प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट देश के हर कोने तक पहुंचता है, और हम इस माध्यम से अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। आईएनए सोलर के प्रबंध निदेशक विकास जैन ने कहाकि हमारा उद्देश्य सौर ऊर्जा को केवल बड़े शहरों तक सीमित न रखते हुए छोटे कस्बों और गांवों तक पहुंचाना है।

### जियोस्टार के 'जीतो धन धना धन' की वापसी

**मुंबई।** टाटा आईपीएल 2025 सीजन के शुरू होने में 24 घंटे से भी कम समय बचा है, ऐसे में जियोस्टार ने अपने लोकप्रिय प्रिडिक्ट-एंड-विन फैंस एंगेजमेंट प्रतियोगिता जीतो धन धना धन की वापसी की घोषणा की है और माई11साइकलको लगातार दूसरे सीजन के लिए टाइटल प्रायोजक बनाया गया है। जीतो धन धना धन जियोहॉटस्टार पर एक फ्री-टू-प्ले प्रतियोगिता है, जिसमें दर्शक भाग ले सकते हैं और रियल टाइम की प्रिडिक्शन और सामान्य ज्ञान के सवालों के साथ टाटा आईपीएल को लाइव देखते हुए पुरस्कार, ब्रांड कूपन जीत सकते हैं, जियोस्टार ओपनिंग वीकेंड और टाटा आईपीएल 2025 के फाइनल के दौरान जीतो धन धना धन खेलने वाले दर्शकों को रोमांचक एसयूवी देगा। दर्शक गेम देखते समय फोन को पोर्ट्रेट मोड में रख सकते हैं और ऐप पर समर्पित जीतो टैब पर जा सकते हैं, जहां हर ओवर से पहले चार विकल्पों के साथ सवाल दिखाई देता है।

बंसल अस्पताल उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध

# 400 से अधिक सफल गुर्दा प्रत्यारोपण कर हासिल की एक बड़ी चिकित्सा उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गंभीर किडनी फेलियर से पीड़ित मरीजों के लिए राहत की खबर है। अब उन्हें इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों की ओर नहीं देखना पड़ता। बंसल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भोपाल ने 400 से अधिक सफल गुर्दा प्रत्यारोपण कर एक बड़ी चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। इनमें एबीओ इनकम्पैटिबल (जब डोनर और रिसीवर का ब्लड ग्रुप मेल नहीं खाता), स्वैप ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक ट्रांसप्लांट और कैडेवर ट्रांसप्लांट (ब्रेन डेड डोनर से) जैसी जटिल प्रक्रियाएं शामिल हैं।

अब तक 50 से अधिक एबीओ इनकम्पैटिबल, 20 स्वैप, 15 कैडेवर और 5 पीडियाट्रिक ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। ट्रांसप्लांट टीम में प्रमुख रूप से नेफ्रोलॉजिस्ट और ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी, डॉ. हर्षिता शर्मा, मुख्य ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. संतोष अग्रवाल, डॉ. अमित कुमार झा, एनेस्थीसिया टीम के डॉ. हरभजन सैनी, डॉ. रितेश, डॉ. दीपा, डॉ. लक्ष्मीकांत और डॉ. अभिनव शामिल हैं। वहीं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी से डॉ. कमलेश तलेसरा और डॉ. राहुल जैन का भी योगदान रहा।



## सभी डोनर सर्जरी लेप्रोस्कोपिक तकनीक से की जाती है: डॉ. संतोष

*डॉ. संतोष अग्रवाल के अनुसार यहां सभी डोनर सर्जरी लेप्रोस्कोपिक तकनीक से की जाती हैं, जिससे रिकवरी तेज होती है और मरीज एक सप्ताह के भीतर घर जा सकता है। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए न सिर्फ मध्यप्रदेश, बल्कि आसपास के राज्यों से भी मरीज बड़ी संख्या में आ रहे हैं। डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी ने कहाकि किडनी फेलियर के मरीजों के लिए ट्रांसप्लांट डायलिसिस से बेहतर विकल्प है। अब एबीओ इनकम्पैटिबल और स्वैप ट्रांसप्लांट से ब्लड ग्रुप की बाधा भी दूर हो गई है। डॉ. हर्षिता शर्मा ने बतायाकि जटिल ट्रांसप्लांट में भी मरीज की रिकवरी सामान्य प्रक्रिया जैसी ही होती है और सफलता दर भी उतनी ही अधिक होती है। डॉ. अमित झा ने कहाकि यह सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों में लौटी उम्मीद और नया जीवन है। प्रबंध निदेशक सुनील बंसल ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी विशेषज्ञ टीम, अत्याधुनिक तकनीक और मरीजों के विश्वास का परिणाम है। भविष्य में भी हम उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।*

## हायर ने पेश किया एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर

**नई दिल्ली।** हायर इंडिया ने गर्मी के मौसम से पहले भारतीय घरों के लिए कस्टमाइज्ड, इंटेलिजेंट कूलिंग प्रदान करने वाले एआई-संचालित एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज पेश की है। हायर के एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल से लैस, नए एसी ऑटोमैटिक तरीके से उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं और पर्यावरण की स्थितियों के अनुकूल हो जाते हैं, जिससे अधिकतम ऊर्जा दक्षता के साथ सहज कूलिंग सुनिश्चित होती है। हायर की एआई क्लाइमेट कंट्रोल टेक्नोलॉजी उपयोगकर्ता की जरूरतों को समझती है, कूलिंग सेटिंग्स को एडजस्ट करती है और एक सहज अनुभव के लिए ऊर्जा दक्षता को अनुकूलित करके एयर कंडीशनिंग में क्रांति लाती है। क्लाइमेट असिस्टेंट न्यूनतम प्रयास के साथ अधिकतम आराम सुनिश्चित करते हुए उपयोगकर्ता की आदतों को अपनाकर कूलिंग को पर्सनलाइज करता है।

# गेहूं, चना समेत सात कृषि उत्पादों के वायदा कारोबार पर सेबी की और एक साल की रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सात कृषि उत्पादों के वायदा कारोबार पर रोक और एक साल के लिए बढ़ा दी है। सेबी की तरफ से कमोडिटी डेरिवेटिव सेगवेंट वाले सभी स्टॉक एक्सचेंज को गैर बासमती चावल, गेहूं, चना, सरसो, सोयाबीन, कच्चा पाम तेल और मूंग के वायदा कारोबार को 31 मार्च 2026 तक निलंबित करने का निर्देश दिया गया है। सेबी ने सबसे पहले 2021 में इन सभी सातों कृषि उत्पादों पर वायदा ट्रेडिंग पर रोक लगाई थी। उसके बाद से इसे लगातार एक-एक साल के लिए बढ़ाया जाता रहा।

प्रतिबंध के तहत सभी मान्यता प्राप्त कमोडिटी एक्सचेंजों पर नए अनुबंध शुरू करने और मौजूदा अनुबंधों में कारोबार करने पर रोक है। वायदा बाजार एक ऐसा बाजार है जहां किसी वस्तु की मांग और आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए किसी वस्तु की भविष्य की कीमत का अनुमान लगाने की कोशिश की जाती है। सरकार को डर है कि इन कृषि जिंसों के वायदा कारोबार से देश में इनके दामों में सट्टेबाजी बढ़ेगी और इनकी कीमतों में उछाल आएगा। इससे देश में खाद्य मुद्रास्फीति और बढ़ेगी।

### बार-बार बढ़ाया जा रहा निलंबन

*इस निलंबन को फिर से 31 जनवरी, 2025 तक और फिर दो महीने के लिए मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया था. अब बाजार नियामक ने 31 मार्च, 2026 तक व्यापार प्रतिबंधों को लागू रखते हुए रोक को एक और साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। सेबी ने बयान में कहा कि उक्त निर्देशों के क्रम में उपरोक्त अनुबंधों में कारोबार में निलंबन को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है । हालांकि इन जिंसों में मौजूदा सौदों को पूरा करने की अनुमति है, लेकिन एक साल तक कोई नया वायदा कारोबार करने की अनुमति नहीं है।*

## बिजनेस न्यूज

### सीआईआई मप्र के सिद्धार्थ सेठी नए अध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष बने




**भोपाल।** सीआईआई मध्य प्रदेश राज्य वार्षिक सत्र 2025 नए नेतृत्व की घोषणा के साथ संपन्न हुआ। सिद्धार्थ सेठी को अध्यक्ष घोषित किया गया, सिद्धार्थ चतुर्वेदी को वर्ष 2025-26 के लिए उपाध्यक्ष चुना गया। सीआईआई ने वर्ष 2025-26 के लिए मध्य प्रदेश राज्य के लिए नए नेतृत्व का चुनाव किया। सिद्धार्थ सेठी नए अध्यक्ष हैं, सिद्धार्थ चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष चुना गया।सिद्धार्थ सेठी, सह-संस्थापक इन्फोबीन्स लिमिटेड ने राज्य वार्षिक सत्र 2025-26 के दौरान सीआईआई मध्य प्रदेश राज्य के अध्यक्ष की घोषणा की। सीआईआई मध्य प्रदेश राज्य वार्षिक बैठक में सिद्धार्थ सेठी, सह-संस्थापक इन्फोबीन्स लिमिटेड को वर्ष 2026-26 के लिए मध्य प्रदेश राज्य परिषद के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। सिद्धार्थ चतुर्वेदी, ईवीपी आइसेक्ट लिमिटेड को वर्ष 2025-26 के लिए मध्य प्रदेश राज्य परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। मध्य प्रदेश सरकार के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने उद्योगपतियों को संबोधित किया, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की कई नई नीतियों की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश जीसीसी नीति को लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। मध्य प्रदेश एमएसएमई नीति प्रोत्साहन को बढ़ाकर 83 करोड़ रुपए तक के निवेश तक कर दिया गया है, और निवेश प्रोत्साहन सीमा को बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

### टेंट व्यापारियों का होली मिलन समारोह



**भोपाल।** अपनी सनातनी परंपरा और अपनी संस्कृति को कायम रखते हुए भोपाल टेंट लाइट कैटर्स एसोसिएशन ने होली के रंग , टेंट व्यवसायियों के परिवार के संग कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें टेंट व्यवसायियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने होली मिलन समारोह मनाया गया। एसोसिएशन के चेयरमैन रिंकू भटेजा ने बताया कि समारोह में फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा ने मुख्य अतिथि के रुपए उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ कविता असाटी द्वारा की गई सरस्वती की वंदना से हुई। कार्यक्रम में नन्हीं बच्ची सुहावी भटेजा द्वारा तोतली आवाज में एक गायन प्रस्तुत किया गया, जिसको सभी ने पसंद किया । फेडरेशन के कोषाध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि सभी सदस्यों द्वारा एक दूसरे को गुलाल से टीका लगाकर होली की बधाई दी । कार्यक्रम में नृत्य ,खेल, तंबोला खिलाया गया एवं पुरस्कार वितरण कर स्वादिष्ट भोजन कराया गया।कार्यक्रम का संचालन रिंकू भटेजा एवं आभार भोपाल टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वदेश सोनी द्वारा किया गया। होली मिलन समारोह प्रमुख रूप से रामबाबू शर्मा, संजय जैन, रिंकू भटेजा, स्वदेश सोनी,भारत सोनी,प्रभात सोनी, महेश यादव, कैलाश सिंह राठौड़,हरि यादव,केशव सिंह भदोरिया, वीरेंद्र यादव, गेंदालाल जी,धीरज सिंह चंदेल, शैलेश भाई, पप्पू यादव, महेंद्र मीना एवं रामभोर दादा उपस्थित रहे।

### पीएनबी ने किया खातों को 10 अप्रैल तक केवाईसी से अपडेट करने का आग्रह

**भोपाल।** भारतीय रिजर्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुपालन में पंजाब नेशनल बैंकने अप ने ग्राहकों से 10 अप्रैल तक अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) जानकारी अपडेट करने के लिए आग्रह किया है ताकि उनके खातों का सुचारू कामकाज सुनिश्चित हो सके। यह केवल उन ग्राहकों के लिए लागू है जिनके खातों में 31 मार्च 2025 तक केवाईसी अद्यतन होना शेष है। केवाईसी अनुपालन अभ्यास के हिस्से के रूप में, पीएनबी ग्राहकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी अद्यतन जानकारी जैसे पहचान प्रमाण, पता प्रमाण, नवीनतम फोटो, पैन,फॉर्म 60, आय प्रमाण, मोबाइल नंबर (यदि उपलब्ध नहीं है) या कोई अन्य केवाईसी जानकारी किसी भी शाखा को प्रदान करें। यह 10 अप्रैल 2025 तक पीएनबी वन, इंटरनेट बैंकिंग सर्विसेज (आईबीएस) या पंजीकृत ईमेल,पोस्ट के माध्यम से भी उनकी आधार शाखा में किया जा सकता है। निर्धारित समय के भीतर केवाईसी विवरण अद्यतन करने में विफलता के परिणामस्वरूप खाता संचालन पर प्रतिबंध लग सकता है।

### संस्कृति यूनिवर्सिटी में 'स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025' संपन्न

**मथुरा।** संस्कृति यूनिवर्सिटी में आयोजित बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेल महोत्सव 'संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025' शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस चार दिवसीय आयोजन में 1312 खिलाड़ियों ने 28 खेलों में 40 रोमांचक मुकाबलों में हिस्सा लिया।समारोह के दूसरे दिन, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मदनलाल शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे और खिलाड़ियों के बीच आकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहाकि संस्कृति विश्वविद्यालय आकर मुझे बहुत अच्छा लगा। यहां के विद्यार्थी अनुशासित और ऊर्जावान हैं। खेलों में भारत का भविष्य उज्ज्वल है। समापन दिवस पर अर्जुन अवार्डी और प्रसिद्ध महिला पहलवान बबीता फोगाट ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और अनुशासन का भी माध्यम है। युवा खिलाड़ियों को लगातार मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। संस्कृति यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सचिन गुप्ता ने इस आयोजन को लेकर कहाकि संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास का एक मंच है। इस आयोजन से उनके नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और अनुशासन को बढ़ावा मिलता है।

# विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हाजीपुर

आज विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के अंतिम संस्करण के तहत सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पू.म.रे., पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरूकता के तहत ओपीडी परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में डा. संजय कुमार गुप्ता, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक /फिजिशियन के द्वारा समग्र रूप से टी.बी. बीमारी के इलाज एवं उससे बचाव के संबंध में जागरूक रहने एवं अन्य जानकारियां, डॉ. संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक /सामान्य सह स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा नारी अनुवांशिक क्षय रोग के परिप्रेक्ष्य में टीबी के इलाज एवं बचाव तथा डॉ. कौशल कुमार, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक, फिजिशियन द्वारा मूत्रजननांगी प्रणाली प्रजनन प्रणाली में टीबी. से संबंधित इलाज एवं बचाव पर व्याख्यान में उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गई। इस संगोष्ठी में बहुत बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन, पैरामेडिकल कर्मचारी एवं इस अस्पताल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए । मरीजों द्वारा टीबी बीमारी के बचाव एवं इलाज से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का जबाव उपस्थित चिकित्सकों द्वारा संगोष्ठी में दिया गया । संगोष्ठी का संचालन डॉ. स्वीटी कुमारी, मंडल चिकित्सा अधिकारी, पैथ के द्वारा किया गया।

**नोटिस स्थायी बंद**
हमें यह घोषणा करते हुए खेद है कि
**स्त्री क्लिनिक**
परिवार सेवा संस्था का क्लिनिक
भोपाल में स्थित
सुइट नं: 3,4,5 शाह बिल्डिंग,
हमीदिया रोड, भोपाल - 462001
स्थायी रूप से 28.03.2025 को
बंद किया जा रहा है।
हम वर्षों से आपके विश्वास और समर्थन के लिए आपका धन्यवाद करते हैं।
किसी भी जानकारी के लिए
संपर्क करें: श्रीमती अंजुला शर्मा
फोन: +91-7703950282
ईमेल:
anjula.sharma@parivarseva.org

# सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में होम लोन सस्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लगातार महंगे होम लोन की स्थिति के बाद अब ब्याज दरों में थोड़ी राहत देखने को मिल रही है। सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने केवल 8.10 प्रतिशत की शुरुआती ब्याज दर पर होम लोन उपलब्ध करा रहे हैं। खास बात यह है कि कुछ बैंक प्रोसेसिंग फीस भी नहीं ले रहे हैं, जबकि कुछ ने 31 मार्च 2025 तक इसे माफ कर दिया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 8.10 फीसदी की शुरुआती ब्याज दर पर होम लोन दे रहा है। खास बात यह है कि बैंक प्रोसेसिंग फीस के तौर पर 20,000 रुपए तक 0.50 फीसदी प्लस जीएसटी लेता है लेकिन यह 31 मार्च 2025 तक माफ है यानी आपको कोई प्रोसेसिंग फीस नहीं चुकाना है। हालांकि ग्राहकों को डॉक्यूमेंटेशन चार्ज 1350 रुपए प्लस जीएसटी देना होगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भी 8.10 फीसदी की शुरुआती ब्याज दर पर होम लोन दे रहा है। हालांकि, इस बैंक में प्रोसेसिंग फीस के रूप में लोन राशि का 0.50 फीसदी लिया जाएगा। बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी 8.10 फीसदी की शुरुआती ब्याज दर पर होम लोन दे रहा है। फिलहाल कोई प्रोसेसिंग फीस नहीं ली जा रही है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना ▪ दिनांक 20.03.2025**
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), मं.रे.प्र. कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल (रानी कमलापति स्टेशन के समीप), द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:- **निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो-नि.-24-2025. **कार्य का नाम: भाग (ए) सोरई: गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। भाग (बी) सलामतपुर: गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। भाग (सी) सुखीसिवनिया: गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। भाग (डी) मंडीदीप: गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। (विद्युत कार्य)। कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 04 माह। **अनुमानित लागत: ₹ 1,15,38,183.99. अग्रिम राशि: ₹ 2,07,700/-. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 09.04.2025, 11.00 बजे। **निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो-नि.-25-2025. **कार्य का नाम: भोपाल मंडल:- बीना रेलवे स्टेशन पर यात्री लिफ्ट का 3 वर्ष के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (2 संख्या) (लिफ्ट की क्षमता - 15 व्यक्ति, M/s. OTIS मेक)। कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 माह। **अनुमानित लागत: ₹ 18,19,800/-. अग्रिम राशि: ₹ 36,400/-. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 10.04.2025, 11.00 बजे।
संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेंगे जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। यदि निविदा की लागत राशि 50 लाख रुपये से अधिक है, तब पात्रता मानदंड जीसीसी के पैरा 10 के अनुसार लागू होगा। निविदा में भाग लेने से पहले ठेकेदार इस शर्त को पढ लें। इसके लिए ठेकेदार द्वारा दस्तावेज आई आर ई पी एस वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए। अपलोड किए गए दस्तावेजों को ही निविदा को अंतिम रुप देने के लिए विचार किया जाएगा। इसका संक्षिप्त विवरण भी निविदा के साथ संलग्न विशेष शर्त में दिया गया है।
स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**जाहिर - सूचना**
सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेश कुमार जैन पिता स्व. जवाहरलाल जी जैन निवासी 135 अंजनी नगर ऐयरपोर्ट रोड इन्दौर बिजासन रोड इन्दौर के द्वारा प्रदान की गई जानकारी एवं निर्देशनुसार यह जाहिर सुचना देने हेतु मुझे अधिकृत किया गया है। मेरे पक्षकार के द्वारा रामगढ तहसील जीरापुर जिला राजगढ म.प्र. मे स्थित भूमि सर्वे नम्बर 135/1 रकबा 1.000 हे. एवं भूमि सर्वे नम्बर 135/145 रकबा 1. 456 हे. भूमि पर्वत पिता गंभीर, बगदूलाल पिता गंभीर, भागीरथ पिता गंभीर, रोडीबाई पिता गंभीर, शकुबाई पिता गंभीर, मगनबाई बेवा गंभीर, भेरूलाल पिता रूगनाथ, प्रेमलाल पिता रूगनाथ, रतनबाई पिता रूगनाथ, रामूबाई पिता रुगनाथ निवासीगण रामगढ़ तहसील जीरापुर जिला राजगढ म.प्र. मे स्थित भूमि को क्रय करने का सौदा कर लिया गया है एवं भूमि स्वामी के द्वारा बयाना राशि भी प्राप्त कर ली गई है। यदि उपरोक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक या संस्था की किसी भी प्रकार की कोई देनदारी बकाया है या किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व निहित है तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि के भीतर भीतर सप्रमाण मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर सम्पर्क करे बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र करवाने के संबंध में कार्यवाही प्रारंभ कर दी जावेगी उसके बाद किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति मान्य नही होगी। अतः सुचित हो।
भवदीय **रूपनारायण श्रीवास्तव** एडव्होकेट
सुसनेर तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र.
(निवास पता-चौसठ माता मंदिर गली सुसनेर तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र.) मो.न. 9981344628

**कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल बैतूल (उत्पादन) म.प्र.**
दूरभाष क्रमांक- 07141-234408 Email- dfopbetul@mp.gov.in
क्रमांक / स्टोर/2025/508 **ई-निविदा सूचना** बैतूल, दिनांक 21/3/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त बैतूल अंतर्गत उत्पादन वनमण्डल बैतूल के परिक्षेत्रों / काष्ठागारों के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2025 2026 के उपयोग हेतु उपलब्ध अग्नि शामक यंत्रों की रिफलिंग एवं मरम्मत कार्य, सी.सी.टी.व्ही कैमरा, इलेक्ट्रीक स्ट्रीट लाईट, न्यू टाटा ट्रक बॉडी निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 1,000/- तथा सत्यंकार की राशि रुपए 63,000/-हैं। निविदा प्रपत्र ऑन लाईन ही क्रय किया जा सकेंगा एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा का कुल मूल्य लगभग रुपए 21,00,000/- है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्रा | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | अग्नि शामक यंत्रों की रिफलिंग/मरम्मत कार्य | आवश्यकतानुसार | https://mptenders.gov.in पर देखे |
| 2. | सी.सी.टी.व्ही कैमरा | आवश्यकतानुसार | |
| 3. | इलेक्ट्रीक स्ट्रीट लाईट | आवश्यकतानुसार | |
| 4. | न्यू टाटा ट्रक (मॉडल LPT 1923 BS VI) केबीन एवं बॉडी निर्माण कार्य सामग्री एवं मजदूरी सहित | आवश्यकतानुसार | |

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Publishing Date | 28/03/2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 2. | Document Download/Sale Start Date | 28/03/2025 | |
| 3. | Bid Submission Start Date | 28/03/2025 | |
| 4. | Pre-bid Meeting | 07/04/2025 | |
| 5. | Bid Submission Closing Date | 11/04/2025 | |
| 6. | Bid Opening Date | 14/04/2025 | |

(सचिन एच.एन.)
भा.व.से. वनमंडल अधिकारी
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल
जी- 24761/24
स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

# पीओके लेने के लिए ठोस कदम उठाए भारत

पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को लेने के लिए भारत को ठोस कदम के साथ आगे बढ़ना होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक बार फिर से कहा है कि पाकिस्तान पीओके पर अवैध कब्जा जारी रखे हुए है, जो उसे खाली करना होगा। यूएन में पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। यूएन की रूटीन चर्चा में भी पाक कश्मीर पर ही अपना मुंह खोलता है। भारत ने हर दफा मुंहतोड़ जवाब दिया है। यूएनएससी में इस बार भी पीस कीपिंग चर्चा के दौरान जब पाक ने कश्मीर पर अनर्गल बात की तो, भारत ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना ही होगा। यूएन में पाक के इस तरह के बार-बार उल्लेख न तो उनके (पाकिस्तान के) अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार से आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। पाकिस्तान को अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए यूएन मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। कश्मीर को लेकर पाकिस्तान ने हमेशा ही झूठ बोला है। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, पीओके विदेशी जमीन है, वह पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। पाकिस्तान के संविधान का आर्टिकल एक कहता है कि पाकिस्तान में बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और सिंध प्रांत हैं। उसके संविधान में पीओके का कोई जिक्र नहीं है। पाकिस्तान ने संविधान में पीओके का जिक्र आर्टिकल 257 में किया है, जिसमें कहा गया है कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा तब ही होगा जब वहां के लोग हमसे जुड़ना चाहेंगे। पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2024 की तारीख 31 मई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में कहा था कि पीओके विदेशी जमीन है। उस वक्त कश्मीरी कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह की किडनैपिंग के मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान पाकिस्तान के अटार्नी जनरल ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर विदेशी जमीन है। ऐसे में पाकिस्तान को पीओके से अपने अवैध कब्जे को तत्काल हटाना चाहिए और यूएन में कश्मीर को लेकर बार-बार झूठ नहीं बोलना चाहिए। अब समय आ गया है कि केवल बातों और बयानों से भारत पीओके हासिल नहीं कर सकेगा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक व सामरिक दबाव बढ़ाना होगा, यूएन जैसे ग्लोबल मंचों का इस्तेमाल भी पीओके के लिए करना होगा। ताकतवर देशों के साथ मजबूत संबंध के बाद अब भारत को पीओके की दिशा में सामरिक कदम पर विचार करना चाहिए। पाकिस्तान का मानना है कि पीओके के लोग जब जुड़ना चाहेंगे, तब वह उसका हिस्सा होगा। भारत को पाकिस्तान की इस संवैधानिक स्थिति का फायदा उठाना चाहिए, क्योंकि पूर्व में कई बार पीओके के लोग पाक एस्टाब्लिशमेंट के खिलाफ मुखालफत कर चुके हैं। पीओके के लोगों को भारत में मिलने के लिए जनमत के जरिये आगे आना चाहिए। पीओके में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन भारत के लिए एक अवसर जैसा है। 1947 में जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह ने भारत में विलय के लिए हस्ताक्षर भी किया था। यह कानूनी स्थिति भारत के पक्ष में है। कई स्थितियां हैं, जिससे भारत पीओके हासिल कर सकता है। पीछे चार बार के युद्ध के दौरान भारत ने पीओके व गिलगित बाल्टिस्तान को हासिल करने में अवसर गंवाए हैं। शांति के माहौल में वार्ता से भी भारत पीओके हासिल कर सकता है, हालांकि यह कठिन राह है।



मूल्यांकन
अरविंद जयतिलक

उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है।

# उपलब्धियां कई पर चुनौतियां भी अनेक

किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के महत्व-मूल्यांकन, उपलब्धियां-चुनौतियां एवं जनता की कसौटी पर खरा उतरने-परखने के लिहाज से आठ वर्ष का समय पर्याप्त होता है। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। 2017 में सत्ता की लगाम थामते ही सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में लघु एवं सीमांत किसानों के एक लाख रुपये तक का फसली ऋण माफ किया। इस निर्णय से 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। आज आठ वर्ष बाद योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार ने विगत आठ वर्षों में गन्ना किसानों को 2.87 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर उनके चेहरे पर खुशियां ला दी हैं। गौर करें तो यह 1994 से 2016 यानि 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी 60 हजार करोड़ रुपये अधिक है। सफल कृषि नीति से राज्य में 23 हजार हेक्टेअर सिंचन भूमि में वृद्धि हुई है।


इसी तरह अनाज उत्पादन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अच्छी बात यह कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को परंपरागत कृषि की जगह बाजार की मांग के अनुसार खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। गौर करें तो उत्तर प्रदेश की कृषि सूखा, बाढ़ और ओले के प्रहार से बर्बाद होती रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया है। इसके दायरें में बंटाईदारों को भी लाया है। सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को दिए जाने वाले हर चौथे महीने दो हजार रुपये का भुगतान को भी सुनिश्चित किया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। कृषि को मजबूती देने के लिए सरकार ने गोवंश की रक्षा के लिए कानून बनाए हैं और अवैध बुचड़खानों को बंद कराया है। कृषि उत्थान के साथ-साथ उद्योग-धंधे और कल-कारखानों का विकास होना आवश्यक है। इस दिशा में सरकार ने 2018 में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया। आंकड़ों पर गौर करें तो विगत आठ वर्षों में राज्य में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इसमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इससे तकरीबन 60 लाख नौजवानों को रोजगार मिला है। आठ वर्षों में प्रदेश का जीएसडीपी 2017 के मुकाबले दोगुना होकर 27.51 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। 'इज ऑफ डूइंग' बिजनेस से उद्योगों एवं कल-कारखानों को नई संजीवनी मिली है। विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता रैंकिंग में उत्तर प्रदेश 2017 में 14वें स्थान पर था, जो आज दूसरे स्थान पर है। सरकार ने राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्धन नीति-2017 लागू की जिसके परिणामस्वरूप निवेशकों को कर में छूट एवं सब्सिडी तथा जमीन आवंटन में मदद मिली है। सरकार ने राज्य में 33



सेक्टोरल पॉलिसी को धार दी है जिससे उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास का नया धूमकेतु बनकर उभरा है। सरकार की ठोस पहल के कारण डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल फॉर्मा सेक्टर को पंख लगा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन योजनाओं से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। नोएडा के बाद बीडा के रूप में उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त इलाके बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाया जा रहा है। बुंदेलखंड में ड्रग व फार्मा की स्थापना और रक्षा औद्योगिक गलियारे का काम भी तेजी पर है जो कि न सिर्फ इस इलाके को दुनिया के नक्शे पर लाएगा बल्कि इसके जरिए मेक इन इंडिया अभियान को भी प्रोत्साहन मिलेगा। करीब पांच हजार हेक्टेयर में यह गलियारा छह शहरों लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट में विकसित होगा। योगी सरकार ने इसमें रक्षा से जुड़े उद्योग लगाने वाले निवेशकों को विशेष रियायत देने की पेशकश की है। अच्छी बात यह है कि पांच दर्जन से अधिक कंपनियों ने रक्षा औद्योगिक गलियारा में निवेश करने के लिए अभिरुचि दिखायी है। गौर करें तो यूपी सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को पाटने के लिए एक्सप्रेसवे का जाल बिछा रही है। मौजूदा समय में 6 एक्सप्रेस वे संचालित हैं और 11 पर काम जारी है। गंगा एक्सप्रेस वे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में 2017 तक एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 491 किमी थी जो आज 2024 में बढ़कर 1225 किलोमीटर हो गई है। 32 हजार किलोमीटर से अधिक लंबाई के मार्गों का नवनिर्माण हुआ है और 25 हजार किलोमीटर के मार्गों का चौड़ीकरण हुआ है। किसी भी राज्य के विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद आवश्यक है। कनेक्टिविटी बढ़ने से राज्य के विकास और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। सरकार इस दिशा में पहल कर राज्य के आठ शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। गौर करें तो 2017 तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ 4 एयरपोर्ट थे। आज उत्तर प्रदेश 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर है जिनमें 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार हो चुका है जो देश का सबसे बड़ा कार्गो हब बनने जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, पर्यटन, निर्यात, रोजगार और कानून-व्यवस्था में मजबूती एक महत्वपूर्ण कारक होता है। 2017 में प्रतिव्यक्ति आय 46 हजार रुपये थी जो आज 2024 में बढ़कर एक लाख 24 हजार रुपये हो गई है। बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत पर आ चुकी है। एमएसएमई एवं निजी क्षेत्र में दो करोड़ और ओडीओपी योजना से 2.54 लाख लोगों को रोजगार मिला है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण तकरीबन 8.5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 3.75 लाख लोगों को संविदा पर नौकरी मिली है। पर्यटन क्षेत्र को पंख लगा है और रोजगार की संभावनाओं के द्वार खुले हैं। 2017 से पहले 21 करोड़ पर्यटक आए थे लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 67 करोड़ हो गई है। अयोध्या, काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, चित्रकुट और विंध्याचल पर्यटकों से वर्ष भर गुलजार रहते हैं। सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार ठोस पहल कर रही है। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार का कदम सख्ती भरा है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 222 अपराधी मारे जा चुके हैं। 28000 से अधिक अपराधी जेल भेजे गए हैं। माफियाओं के अवैध कब्जे से लगभग 3000 करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। कुल मिलाकर कहें तो अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है। इसके लिए वह बधाई की पात्र है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊँचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। यहाँ हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादें लेकर आते है।

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। प्राचीनकाल से मनुष्य वस्तुओं का परिवार के लिए संचय ही करते आया है। इस संचय का वह सीमित लाभ ही उठा पाता है। जानते हुए भी मनुष्य की प्रवृत्ति संचय की होती है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

हैप्पीनेस
डॉ. राजेश के. पिलानिया



# खुशी की सरल-कठिन चुनौती

*खुशी के बारे में सरल बात यह है कि यह बहुत कठिन है*
*खुशी के बारे में कठिन बात यह है कि यह बहुत सरल है!*

खुशी को अक्सर जीवन का अंतिम लक्ष्य बताया जाता है। हम में से ज्यादातर लोग खुशी की तलाश करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी, हमारे आसपास बहुत सारा तनाव और नाखुशी है। खुशी की यात्रा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक चुनौती है खुशी की सरल-कठिन चुनौती। अपने पंद्रह साल के खुशी के काम में, मैंने लोगों के दो बड़े समूह देखे हैं: जो लोग खुश हैं और जो लोग खुश नहीं हैं। जब मैं नाखुश लोगों से मिलता हूं, तो मैं एक आम समस्या देखता हूं, जिसे मैं खुशी की सरल-कठिन चुनौती कहता हूं।

अपने संवादों में, मैं नाखुश लोगों की बात धैर्य से सुनता हूं।

लोगों का एक समूह ऐसा है जो कहता है,

"खुशी बस खुश रहना है।" "खुशी बस मन की स्थिति है।" "खुशी मेरे अंदर है।" "खुशी के बारे में क्या सीखना है?" और इसी तरह,ये लोग सोचते हैं कि खुशी आसान और सरल है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। लोगों का एक दूसरा समूह है जो कहता है,

"खुशी बहुत मुश्किल है।" "पता नहीं खुश कैसे रहें।" "खुशी मेरे लिए नहीं है।" "मुझे यकीन नहीं है कि मैं खुश हो सकता हूँ।"

"पहले मुझे अपनी जिम्मेदारियां, काम संभालना है, और बाद में खुशी।"

"मोक्ष और निर्वाण प्राप्त करना इतना असंभव है।" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी मुश्किल और जटिल है। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। वे खुश होने को निकट भविष्य में एक संभावना के रूप में नहीं देखते और खुश होने की कोशिश करने से पहले ही हार मान लेते हैं। यही है जिसे मैं सरल-कठिन चुनौती कहता हूं, यानी कुछ लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी आसान है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। दूसरे लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी मुश्किल है और इसे आजमाते ही नहीं। यह खुशी के अनुशासन या हमारे लिए अच्छा नहीं है। हमें खुशी का एक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। खुशी न तो उतनी सरल है और न ही उतनी मुश्किल जितना हम सोचते हैं। हमें यह जागरूकता होनी चाहिए कि स्थायी खुशी मुश्किल है, लेकिन इसे छोटे कदमों से शुरू करके और निरंतरता बनाए रखकर आसान बनाया जा सकता है। व्यवहार विज्ञान में शोध दिखाता है कि छोटे से शुरू करके हमारे व्यवहार को बदलना संभव है। मस्तिष्क विज्ञान में शोध यह भी दिखाता है कि जब हम छोटे कदमों से शुरू करते हैं जो कम ऊर्जा लेते हैं, तो हमारा मस्तिष्क इसका समर्थन करता है। खुशी की यात्रा पर रोजाना छोटे कदम उठाकर और इसका आनंद लेकर, निरंतरता बनाए रखते हुए, हम प्रभावी ढंग से खुशी की यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं। खुशी के बारे में सही ज्ञान प्राप्त करके, इसके सकारात्मक प्रभाव को महसूस करके, इसे अधिक गंभीरता से लेकर, इसे अपना समय, ऊर्जा और ध्यान देकर, छोटे कदमों से शुरू करके लेकिन निरंतर बने रहकर, हम खुशी की यात्रा को सफलतापूर्वक पार कर सकते हैं और रास्ते में आने वाली चुनौतियों, जैसे कि खुशी की सरल-कठिन चुनौती, का ध्यान रख सकते हैं।

(लेखक प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती


### सकारात्मक सोच से दूर होगा डिप्रेशन

आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में आज बहुत से लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। यह भी सच है कि जब किसी को दो वक्त की रोटी नसीब न हो पाए, बच्चों की पढ़ाई का खर्च पूरा न हो पाए या फिर दूसरे जरूरी खर्च पूरे न हो पाए तो ऐसी परिस्थितियों में कोई भी व्यक्ति तनाव में आ सकता है। फिर भी कोशिश करनी चाहिए कि दिल-दिमाग पर तनाव हावी न हो पाए, क्योंकि तनाव लेने से किसी भी समस्या का हल तो नहीं निकल सकता। डिप्रेशन बहुत से लोगों की जान का दुश्मन बनता आ रहा है। कोई डिप्रेशन का शिकार न हो, इसके लिए किसी को भी न तो घर-परिवार में और न ही अपने ऑफिस में नकारात्मक बातें करनी चाहिए। सकारात्मक सोच से ही डिप्रेशन दूर होगा।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# न्यूयार्क में मनाया गया बिहार दिवस



न्यूयॉर्क में 'बिहार दिवस' मनाने के लिए शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति एवं विरासत को सराहा गया और राज्य से संबंध रखने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के चार विशिष्ट सदस्यों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 'बिहार फाउंडेशन यूएसए' (ईस्ट कोस्ट) ने बताया कि यह आयोजन उसके, भारतीय वाणिज्यदूतावास और 'बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (बीजेएएनए) के सहयोग से किया गया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 130 से अधिक सदस्य शामिल हुए जिन्होंने बिहार की संस्कृति, उसके द्वारा की गई प्रगति और दुनियाभर में उसकी बढ़ती मौजूदगी को सराहा। इस अवसर पर महेश कुमार ('टाइगर एनालिटिक्स' के संस्थापक), डॉ. अभिषेक तिवारी ('केपीएमजी' कंपनी के 'ग्लोबल हेड ऑफ पीपल'), शरद कुमार ('बैंक ऑफ अमेरिका' के प्रबंध निदेशक) और कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश झा को 'बिहार विश्व गौरव सम्मान' दिया गया। इन सभी को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्त, कृषि और नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम



जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स - कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।

## ट्रेंड

### अलगाववाद अब इतिहास



कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### दिल्ली का होगा विकास



हमारी सरकार का संकल्प है कि विकसित दिल्ली बजट में सिर्फ वादे नहीं, बल्कि मजबूत नींव डाली जाएगी। स्मार्ट इंफ्रा, सुगम सड़कें और स्टीम लैस कनेक्टिविटी के साथ अब दिल्ली होगी और अधिक विकसित और सुविधाजनक।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सोना सुरक्षित निवेश



जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत अनिश्चितता होती है, तो सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाती है। सबसे सुरक्षित निवेश के रूप में, सोना चमकने वाला है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### ब्रह्मांड का हिस्सा



आप इस विशाल ब्रह्मांड का एक छोटा सा महत्वहीन हिस्सा हैं... फिर भी इस क्षण आपके अस्तित्व के बिना ब्रह्मांड का ताना-बाना ढह जाएगा... आप इस क्षण में इतने महत्वपूर्ण हैं..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### जीवन को पवित्र बनाती है शिव महापुराण कथा

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में महावीर कॉलोनी मे चल रही शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को कथावाचक आचार्य नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए कहा कि शिव का स्वरूप परम कल्याणकारी है। शिव महापुराण की कथा जीवन को पवित्र बनाने वाली हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख और शांति के लिए शिव महापुराण का अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब भगवान की दिव्य कृपा होती है तब शिव महापुराण कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

### दशा माता की पूजा कर महिलाओं ने की परिक्रमा



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में होली के दस दिन बाद सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर दशा माता की पूजा की और पूरी-खीर और अन्य पकवान का भोग लगाया। इसके बाद पीपल की दस परिक्रमा करते हुए वृक्ष पर कच्चा सूत लपेटा। नगर के विभिन्न स्थानों पर पीपल के वृक्षों के नीचे सुबह से ही महिलाओं की भीड़ दिखी। महिलाओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और पति की दीर्घायु की कामना की। घर की दशा सुधारने के लिए मां दशा का पूजन किया।

### चेतक ब्रिज के नीचे युवक ट्रेन की चपेट आया, मौत

**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे चेतक ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस का कहना है कि ऐसी आशंका है कि रेलवे ट्रेक पार करते समय युवक ट्रेन की चपेट में आया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी में भेज दिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास नगर का रहने वाला बलराम बरेसा वहां से गुजर रहा था उसने पुलिस को बताया कि ट्रैक पर शव पड़ा है। मौके पर पहुंचे एएसआई अनूप यादव का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हुआ है। शव पूरी तरह क्षत विक्षत हालत में मिला। ऐसा लग रहा की कुछ दूरी तक ट्रेन से युवक घिसटा है। युवक की उम्र 35 से 40 के बीच है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हुई है।

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने दो मामले में मांगा जवाब

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। आनंद नगर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला हथाईखेड़ा में स्कूल परिसर की बाउंड्रीवाल टूटी होने से स्कूल के मैदान में आए दिन असामाजिक तत्व, नशेड़ी और मवेशी घुस आते हैं। इस कारण बच्चों और स्टाफ की सुरक्षा को खतरा बना है। कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर, जिला आबकारी अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं भोपाल शहर के गांधी नगर स्थित केंद्रीय जेल में एनडीपीएस एक्ट में बंद एक महिला बंदी की इलाज के दौरान मृत्यु होने की घटना सामने आई है। आयोग के संज्ञान में आया है कि ब्रेन कैंसर की बीमारी के कारण महिला बंदी की एम्स में इलाज के बाद मौत हो गई। मामले में आयोग ने अधीक्षक, केंद्रीय जेल को जांच के निर्देश दिए हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1694 | | |
| दिनः | 677 | 00 | 334 |
| रातः | 590 | 46 | 169 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 178 | 68 | 567 |
| रातः | 456 | 51 | 678 |

# बाबू ने पीएफ निकालने के लिए मांगी 5 लाख की रिश्वत, कहा - इसमें ढाई लाख रुपए कमिश्नर का भी हिस्सा, सीबीआई ने किया केस दर्ज

पीड़ित ने सीबीआई की जबलपुर यूनिट में शिकायत कर दी थी पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की कोल माइंस में काम करने वाले मृतक के परिजनों से उसका पीएफ निकालने के लिए पांच लाख की रिश्वत मांगी। मामले की शिकायत सीबीआई को होने के बाद मामले की जांच की गई। सीबीआई ने अपनी पड़ताल में आरोपी क्लर्क द्वारा किए गए फोन की रिकॉर्डिंग और उसके द्वारा की गई डिमांड के प्राथमिक सबूत एकत्रित करने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है। इस बाबू ने मृतक के परिजनों से पांच लाख रुपए की डिमांड करते हुए कहा था कि इसमें से ढाई लाख रुपए कोयला खदान भविष्य निधि के जबलपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के आयुक्त को भी दिए जाएंगे।

23 मार्च 2025 को कटनी जिले के बरही थाना अंतर्गत करेला गांव के निवासी राज कुमार बर्मन ने सीबीआई की जबलपुर यूनिट को एक शिकायत दी थी। आवेदन में कहा था कि उनके पिता बाबू नंदन बर्मन का निधन 14 मई 2021 को हो गया था और वे कुदरी स्थित कोल माइंस में कार्यरत थे। उनके खाते में जमा भविष्य निधि (पीएफ) की रकम निकालने के लिए राजकुमार ने कोल माइंस के सब एरिया ऑफिस नौरोजाबाद में पदस्थ पीएफ क्लर्क (बाबू) उमाशंकर तिवारी से संपर्क किया। तिवारी ने बर्मन के परिजनों को जानकारी दी थी कि इस खाते में लगभग 50 से 60 लाख रुपए जमा है। उमाशंकर ने बताया कि उनके पिता के लंबित पीएफ का भुगतान तो हो जाएगा, लेकिन 5 लाख की घूस देनी होगी। रिश्वत न देने के कारण बाबू उमाशंकर तिवारी लंबे समय से बर्मन के पीएफ के भुगतान का केस अटकाए हुए था।




### तिवारी ने राजकुमार को आयुक्त से मिलवाया

राज कुमार बर्मन अपने रिश्तेदार कौशल बर्मन के साथ उमाशंकर तिवारी से मिले थे। इसके बाद तिवारी ने उन्हें फोन पर जबलपुर आने को कहा। तिवारी ने इस दौरान कोयला खदान भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ आयुक्त के साथ उनकी मुलाकात भी कराई। कमिश्नर के दफ्तर से बाहर आते ही उमाशंकर तिवारी ने कहा कि इस काम के एवज में 5 लाख की रिश्वत लगेगी, जिसमें से ढाई लाख रुपए कोयला खदान भविष्य निधि, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के आयुक्त को देने होंगे। इसके बाद तिवारी ने कई बार टेलीफोन किए और रिश्वत की पहली किस्त 1 लाख 50 हजार रुपए देने को कहा। इसके बाद सीबीआई ने कॉल डिटेल्स, कॉल रिकॉर्डिंग्स और स्वतंत्र गवाहों के जरिए शिकायत का सत्यापन कराया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उमाशंकर तिवारी ने पहली किस्त के रूप में 1 लाख 30 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेने पर सहमति जताई थी। छानबीन के बाद आरोपी बाबू उमाशंकर तिवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 7 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### ज्वेलर्स की दुकान पर लूट का प्रयास करने वाला आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**भोपाल।** शाहपुरा इलाके के रोहित नगर में सोमवार को दिन दहाड़े अक्षांश 'वेलर्स की दुकान में घुसकर लूट का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने तीन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस द्वारा अब उससे पिस्टल के बारे में पूछताछ की जाएगी। दरअसल वारदात के प्रयास के दौरान विष्णु हाईटेक सिटी बावड़िया निवसी मनोज जैन ने अपने साथी कर्मचारी के साथ ही शिवम जायसवाल को वारदात के दौरान पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था, उधर आरोपी का परिवार भी किराए के मकान में ताला डालकर लापता हो गया है। वह यहां पर अपनी मां और बहन के साथ किराए के मकान में रहता है।

## 8 जिलों की 37 समितियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# 50 हजार क्विंटल का धान घोटाला, 12 करोड़ की हेराफेरी,145 आरोपी बनाए

◆ ईओडब्ल्यू ने घोटाले में कुछ ट्रांसपोर्टर, राइस मिलर्स और वेयर हाउस संचालकों की भी मिलीभगत उजागर की




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने करोड़ों के धान घोटाले को लेकर 8 जिलों की 37 सहकारी धान उपार्जन केंद्रों (खरीदी केंद्रों) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 6 मार्च को प्रदेश के 12 जिलों में 150 सहकारी धान उपार्जन (खरीदी) केंद्रों और 140 वेयरहाउस पर छापों के बाद ईओडब्ल्यू ने 50 हजार क्विंटल से अधिक धान की हेराफेरी पकड़ी, जिसका बाजार भाव 12 करोड़ से अधिक है। इस मामले में कुल 145 आरोपी बनाए गए हैं, जिनमें से अधिकांश खरीदी केंद्रों के पदाधिकारी और कर्मचारी हैं। घोटाले में कुछ ट्रांसपोर्टर, राइस मिलर्स और वेयर हाउस संचालकों की भी मिलीभगत उजागर हुई है।

ईओडब्ल्यू ने मंगलवार को बताया कि धान मिलिंग में हेराफेरी करने वाली सिवनी की शंकुतला देवी राइस मिल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। छानबीन के बाद कुछ अन्य खरीदी केंद्रों, ट्रांसपोर्टर्स और वेयर हाउस संचालकों के खिलाफ भी केस दर्ज करने की तैयारी है। ईओडब्ल्यू ने बालाघाट, सतना, सीधी, मैहर, डिंडोरी, सागर, पन्ना, सिवनी जिलों में कार्रवाई की है। बालाघाट जिला धान खरीदी घोटाले का मुख्य केंद्र है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के अनुसार बालाघाट जिले में सर्वाधिक 22, सीधी जिले में 7, सतना, मैहर और पन्ना में 2-2, सागर और डिंडोरी में 1-1 सहकारी समिति के अलावा सिवनी जिले में एक राइस मिल के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ है। इससे पहले जबलपुर कलेक्टर ने भी स्थानीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए धान घोटाले में लिप्त 20 से अधिक खरीदी केंद्रों के 70 से अधिक आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। मार्च की शुरुआत में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में धान खरीदी घोटाले की जानकारी लगने पर ईओडब्ल्यू को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### एमपी का धान गायब कर अन्य राज्यों में खपाने की थी तैयारी

ईओडब्ल्यू ने अपनी जांच में पाया है कि शंकुतला देवी राइस मिल सिवनी ने सरकारी धान की मिलिंग के दौरान ही वर्ष 2024-25 में 3184 क्विंटल धान गायब कर दिया। इस मिल में छापे के दौरान ईओडब्ल्यू की टीम को 4594 बोरियों में भरा 2297 क्विंटल चावल मिला, जिस पर हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा राज्यों के नाम लिखे थे। इस मिल में बालाघाट जिले की एक अन्य राइस मिल का भी 28 हजार 590 किलो चावल से भरा ट्रक मिला। ईओडब्ल्यू को शक है कि एमपी के सरकारी धान का स्टॉक गायब करके इसे अन्य राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था। अनियमितता पकड़े जाने पर सिवनी जिले की भुरकलखापा में स्थित इस राइस मिल के संचालक आशीष अग्रवाल के खिलाफ भी केस दर्ज किया है, वह राइस मिलर्स एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष भी है।

### जिम में आपस में उलझी युवतियां और उनके ब्वॉयफ्रेंड

**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में जवाहर चौक स्थित एक जिम में दो युवतियां और उनके ब्वॉयफ्रेंड आपस में उलझ गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से मारपीट कर दी। एक पक्ष ने थाने पहुंचकर मारपीट की एफआईआर दर्ज कराई तो दूसरा पक्ष भी पहुंचा और छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया। दरअसल, पुलिस का कहना है कि मामला जूता चोरी होने से जुड़ा है। दोनों युवतियां और उनके ब्वॉयफ्रेंड आपस में एक दूसरे को जानते है। पिछले दिनों जूता चोरी होने का आरोप एक दूसरे पर लगाया था, जिससे उनकी रंजिश चल रही थी। इसी को लेकर गौतमनगर में रहने वाली एक युवती जवाहर चौक स्थित जिम में वर्क आउट कर रही थीं, तभी वहीं दूसरी तरफ जिम कर रही उसी की परिचित और उसका ब्वॉयफ्रेंड उससे मारपीट करने लगा। इसके बाद वह युवती थाने पहुंची और केस दर्ज कराया। जांच अधिकारी विजय त्रिपाठी का कहना है कि मामले में काउंटर एफआईआर कर ली गई है।

## सड़क, बिजली, पुलियों और 10 दुकानों का किया जाएगा निर्माण

# औबेदुल्लागंज नगर परिषद की बैठक में 2025-26 का अनुमानित 69 करोड़ का बजट ध्वनिमत से पारित

◆ परिषद की आय बढ़ाने के लिए सामुदायिक भवनों को ठेके पर दिए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ औबेदुल्लागंज

नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे की अध्यक्षता में सोमवार को परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, पार्षद समीक्षा विक्रम यादव, पार्षद भारती नरेश सेठी, पार्षद प्रीति अनूप चौधरी, पार्षद प्रमोद सेन, पार्षद राजेश खटीक, पार्षद सुजीत यादव, पार्षद शंकर लाल इरपाचे, पार्षद सरोज रामेश्वर नागर, पार्षद राधा राजेंद्र साहू, पार्षद सन्ना आमीर ममनून, पार्षद सुनील सेरिया, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, पार्षद दीपेश परमार, नगर परिषद औबेदुल्लागंज सीएमओ राजकुमार शर्मा, उपयंत्री मुकेश जैन सहित अन्य लोग नगर परिषद की बैठक उपस्थित रहे। बैठक में कई प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुए। इसमें वर्ष 2025-26 का अनुमानित 69 करोड़ का बजट मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं लेखपाल खनिज खान द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे परिषद ने ध्वनि मत से पारित किया। इसके अतिरिक्त नगर विकास संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए गए।



### इन प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

औबेदुल्लागंज नगर में सीताराम चौराहे से लेकर श्मशान घाट पुलिया तथा गौहरगंज रोड, बिजली घर की पुलिया तक उत्कृष्ट सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। शासकीय अस्पताल के गेट से संतोषी माता मंदिर तक 10 दुकान निर्माण कार्य प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। नगर को सुंदर बनाने के लिए आकर्षक अस्थाई दुकान निर्माण कार्य की निविदा दर स्वीकृत की गई। प्रथम चरण में 12 दुकान बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। अर्जुन नगर महात्मा गांधी उद्यान का विकास तथा सौंदर्य करण कार्य कराया जाना स्वीकृत किया गया। नगर में बड़े नाले के निर्माण का कार्य कराया जाना स्वीकृत किया गया। नगर परिषद की आय बढ़ाने के लिए सामुदायिक भवनों को ठेके पर दिए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।






### विधायक पटवा ने मुख्यमंत्री को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**औबेदुल्लागंज।** मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, युवा नेता जीतू नंदवंशी ने बताया कि विधायक सुरेंद्र पटवा ने मध्यप्रदेश के विकास की नई इबादत लिखने वाले समृद्धि और सामाजिक सशक्तिकरण की नई परिभाषा लिखकर प्रदेश को विकास की नई दिशा व गति देने वाले, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पटवा ने कहा भगवान भोजेश्वर महादेव का आशीर्वाद सदैव आप पर बना रहें।



### भाजपा के वरिष्ठ नेता पचौरी ने मुख्यमंत्री से भेंट कर दी जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। पचौरी ने कहा मैं बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर प्रगति करें तथा वे सदैव स्वस्थ एवं दीर्घायु हों।

### प्रदेश के मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर नगर विकास समिति प्रस्फुटन ने किया पौधरोपण, दी बधाइयां

**औबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर महावीर कॉलोनी स्थित प्रस्फुटन नर्सरी में आवला, नीम एवं चमेली के पौधे लगाए। समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र नागर कारीतलाई ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हम हर साल पौधे लगाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर लगे पौधे अब पेड़ बनकर फल-फूल देने लगे हैं। मंगलवार को परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार की उपस्थिति में पौधरोपण किया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जन्मदिन की बधाई दी।



# नगर परिषद के कर्मचारी नल कनेक्शन के नाम पर लोगों से कर रहे अवैध वसूली

एक साल बाद भी रुपए लेने के बाद नहीं दी रसीद

**रहवासियों ने कार्यालय में जाकर किया हंगामा, तब रसीद देने को कहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ औबेदुल्लागंज



नगर परिषद आए दिन किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रखती है। नगर परिषद के कर्मचारी ने नल कनेक्शन के नाम पर की अवैध वसूली कर रहे हैं। वे रहवासियों से 3000 से 5000 रुपए तक की वसूली कर रहे हैं। नगर परिषद के कर्मचारी एक साल बीत जाने के बाद भी नल कनेक्शन की रसीद नहीं दे रहे हैं।

एक वर्ष बीत जाने के बाद भी जलकर की वसूली के लिए कोई नहीं आया तो उपभोक्ताओं को शक हुआ, उन्होंने परिषद जाकर कर्मचारी से बात की तो पता चला की उनका नाम लिस्ट में है ही नहीं, कर्मचारी ने बताया कि आप का नल कनेक्शन अवैध है, तब उन्हें अवैध वसूली का खुलासा हुआ।

भाजपा नेता वचन लोधी एवं धर्मेंद्र चौरसिया पीड़ित लोगों को लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और रसीद देने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि नगर परिषद के द्वारा एक ही वकील से शपथ-पत्र बनाया जा रहा है। शपथ-पत्र बनवाने के लिए भी एक ही वकील को ऑथराइज्ड किया गया है। रहवासियों से कहा गया है कि इन्हीं से शपथ-पत्र बनवाओ दूसरे किसी वकील का शपथ-पत्र मान्य नहीं होगा। मजबूर होगा गरीब जनता 300 रुपए के शपथ पत्र बनवाने का भुगतान 700 कर रहे हैं। मंगलवार को महिलाएं-पुरुष जो वार्ड 10,11, 12 के निवासी हैं इकट्ठे होकर नगर परिषद पहुंचे और रसीद की मांग करने लगे। तो परिषद के कर्मचारियों ने मंगलवार शाम 4 बजे रसीद देने की बात कही, तब जाकर लोग शांत हुए। अब देखना यह है कि लोगों को इंसाफ कब तक मिलता है। साथ ही जो लोग गड़बड़ी कर रहे थे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होगी? नगर परिषद के सीएमओ राजकुमार शर्मा ने कहा मैं इस मामले को दिखवाता हूं, आपकी समस्या का शीघ्र हल कराऊंगा।

## साहू समाज के लोगों ने मंदिर में किया धार्मिक अनुष्ठान

# मां कर्मा बाई जयंती पर साहू समाज ने धूमधाम से निकाली शोभायात्रा, सजीव झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडीदीप






औद्योगिक नगर में साहू समाज द्वारा साहू मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगलवार को मां कर्मा बाई जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले समाज के लोगों ने मंदिर में एकत्र होकर धार्मिक अनुष्ठान कर पूजा-अर्चना की। उसके बाद दोपहर में गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

समाज के अध्यक्ष किशन साहू ने बताया कि करीब 1 हजार वर्ष पूर्व विक्रम संवत 1073 ई. में कर्माबाई का जन्म शैत्र मास कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी उप्र के रहने वाले रामशाह तेल व्यापारी के यहां हुआ था। वह समाज सुधारक, धर्मात्मा, परोपकारी थे, उनके यहां शुभ नक्षत्र एकादशी को कन्या का जन्म हुआ। विद्वानों ने उसे भगवान का उपासक बताया उनका नाम कर्माबाई रखा था। भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई जयंती पर तेली राठौर समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमे महिलाओं के साथ बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा नगर के साहू मंदिर से प्रारंभ होकर, गांधी चौक, इन्द्रपुरी चौराहे, मुख्य मार्केट के मुख्य मार्ग से निकली। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। चल समारोह एवं भव्य शोभा यात्रा के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### वैश्व महासम्मेलन ने किया शोभा यात्रा का स्वागत

नगर में गणेश चौक पर वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विनोद जैन के नेतृत्व में समाज द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया, जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी सुनील पाल, युवा जिला अध्यक्ष संयम जैन, मुकेष गुप्ता, रंजित जैन, अंशुल जैन, अर्पित जैन, अनुराग जैन, काजू जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही वार्ड 5 में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, गांधी चौक पर पूर्व नपा अध्यक्ष बद्रीसिंह चौहान, सहित जगह-जगह पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जीआरपी भोपाल का गैंग हिस्ट्रीशीटर हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार

**पकड़ा गया आरोपी उमेद 7 सदस्यीय गैंग का सदस्य**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



जीआरपी एसपी राहुल लोढ़ा के नेतृत्व में इन दिनों स्थायी वारंट की तामिली के विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान हरियाणा के सांसी गैंग के वारंटियों की तलाशी के लिए निगरानी की जा रही है, जिसमें एक वारंटी उमेद पिता रामकुमार सांसी (48) निवासी ग्राम अशरफगढ़ हरियाणा के 10 साल पुराने मामलों में पकड़ने के लिए 6 माह से लोकेशन ट्रेक किया था।

लोकेशन के आधार पर जीआरपी की टीम ने सेक्टर 11 फरीदाबाद हरियाणा में दबिश दी तो सांसी गैंग का सदस्य पुलिस के हाथ लग गया। इसकी तलाश जीआरपी भोपाल पुलिस को काफी वर्षों से थी। पकड़ा गया आरोपी उमेद 7 सदस्यीय गैंग का सदस्य है, जो जीआरपी भोपाल का गैंग हिस्ट्रीशीटर है। अपने साथियों के साथ मिलकर उसने दर्जन भर से अधिक मामलों में ट्रेनों में चोरी के गंभीर अपराध किए हैं। इनमें 2 स्थायी वारंट जीआरपी इटारसी के भी शामिल है। आरोपी को भोपाल कोर्ट में पेश किया गया यहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# भोपाल में पहली बार मंचित नाटक 'गुंडा धुर' में दिखा आदिवासी महाविद्रोह

## शहीद भवन में नाटक का मंचन, बस्तर की बोलियों के पारंपरिक गीतों में मिलता है गुंडाधुर का यशोगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'गुण्डाधुर' सन 1910 में तत्कालीन ब्रिटिश व्यवस्था के विरुद्ध सघन जनजातीय क्षेत्र बस्तर में घटित आदिवासी-महाविद्रोह 'भूमकाल' की ऐतिहासिक घटना पर आधारित है। धुरवा, माड़ियि, मुरिया, दोरला आदि जनजातीय लोगों द्वारा तत्कालीन बस्तर राज्य के व्यापक क्षेत्र में सुनियोजित ढंग से संचालित इस विद्रोह के धुरवा नायक गुण्डाधुर का यशोगान बस्तर की बोलियों के पारंपरिक गीतों में मिलता है। उन्हीं से प्रेरित होकर प्रतिष्ठित लेखक लक्ष्मीनारायण पयोधि ने इस शोधपरक ऐतिहासिक काव्यनाटक की रचनाकी जिसका प्रथम मंचन 1987 में जगदलपुर में हुआ। इस नाटक की लोकप्रियता ने नायक 'गुंडा धुर' को स्वातंत्र्यवीर के रूप में स्थापित करते हुए लोकआस्था का पात्र बनाया। 'गुंडा धुर' की गाथा कहते इस नाटक का मंचन मंगलवार शाम शहीद भवन सभागार में किया गया, जिसमें निर्देशन रविंद्र मोरे का रहा।





### नाटक की कहानी

काव्यात्मक शैली के इस नाटक में तत्कालीन बस्तर राज्य-व्यवस्था में दीवान रायबहादुर पण्डा बैजनाथ के मार्फत अंग्रेज हुकूमत का हस्तक्षेप, राजा रुद्रप्रताप देव की असहायता, जनजातीय लोगों पर हुए अत्याचार, विभिन्न प्रकार के शोषण, जनविरोधी कानूनों से उपजे रोष और धर्मांतरण के प्रयासों की विफलता आदि समस्याओं का जीवंत चित्रण किया गया है। नाटक में बस्तर के परिवेश, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, पारंपरिक नृत्य-संगीत और पात्रों के अनुरूप स्थानीय भाषा, वेशभूषा आदि का प्रासंगिक प्रयोग भी देखने को मिला। इस नाटक को बस्तर के वास्तविक परिवेश के साथ साथ वहां की सांस्कृतिक विशेषताओं के साथ प्रस्तुत किया।



## मध्य भारत के सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवल 'नवोन्मेष 2025' का शुभारंभ

# इंटरप्रेन्योर भी सेलेब्रिटी बनने लगे हैं, अब तक सिर्फ क्रिकेटर या एक्टर ही बन पाते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज भारत में स्टार्टअप्स के लिए बहुत अच्छा समय है। इंटरप्रेन्योर भी सेलेब्रिटी बनने लगे हैं, वरना अब तक केवल क्रिकेटर या एक्टर ही बन पाते थे। स्टार्टअप शुरू करना भी आसान है। अगर आपके पास अच्छा आईडिया हो तो ठीक, नहीं तो कोई चलते हुए बिजनेस आईडिया को कॉपी करके बेहतर एक्जीक्यूशन के जरिए भी बिजनेस बना सकते हैं।

यह कहना है शार्क टैंक फेम और बोट कंपनी के को-फाउंडर अमन गुप्ता का, जो अटल इंक्यूबेशन सेंटर-रवींद्रनाथ टैगोर विवि, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी और आईसेक्ट ग्रुप के सहयोग से मध्य भारत के सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवाल नवोन्मेष 2025 के उद्घाटन अवसर पर की नोट सेशन में बोल रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि नवोन्मेष 2025 में देशभर से 1600 पार्टिसिपेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें 440 पार्टिसिपेंट्स को चयनित किया।



### इनकी रही उपस्थिति

*कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, आईसेक्ट ग्रुप के चेयरमैन संतोष चौबे, स्कोप ग्लोबल स्किल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आईसेक्ट ग्रुप की डाइरेक्टर अदिति चतुर्वेदी वत्स सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।*

### महिला सुरक्षा सैंडल, बायोफ्यूज, डिफेंस ड्रोन का प्रदर्शन

यंग इन्वेंटर्स फेयर के तहत देशभर के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के छात्रों ने 20 से अधिक नवाचारों का प्रदर्शन किया, जिसमें प्रमुख रहे- मोबाइल आधारित अक्षय ऊर्जा समाधान, मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड रोबोट, रडर हेलमेट, ई-डस्टबिन, महिला सुरक्षा सैंडल, स्वायत्त रोबोट, बायोफ्यूज, डिफेंस ड्रोन, वॉयस और फेस रिकग्निशन के साथ सामान्य प्रयोजन डेस्कटॉप एप्लिकेशन आधारित वैज्ञानिक खोज खास रही।

### अमन ने दिए सफलता के तीन सूत्र

अमन ने सफलता के लिए 3 चीजों को आवश्यक बताया, जिसमें पहला पर्सिस्टेंस, दूसरा रिटर्न ऑफ इंवेस्टमेंट (आरओआई) का माइंडसेट रखना चाहिए यानी 10 रुपए खर्च करो तो 100 बनाने पर दिमाग लगाते रहो। तीसरा-गवर्नेंस और एथिक्स। क्योंकि अक्सर स्टार्टअप गलत रास्ते पर चले जाते हैं और डूब जाते हैं।

### शार्क को भी नहीं पता होता कि अगली पिच में कौन आएगा

शार्क टैंक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह शायद देश का अकेला नॉन स्क्रिप्टेड शो है और इसमें शार्क को भी नहीं पता होता है कि अगली पिच कौन सी आने वाली है।

### पांच बिजनेस ट्राय किए, उसके बाद बोट के जरिए मिली सफलता



डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी द्वारा मॉडरेटेड की नोट सेशन में अमन ने अपनी सक्सेस जर्नी साझा करते हुए कहा कि माता पिता नौकरियों में थे, तो एक मीडिल क्लास फैमिली वाली लाइफ जी। पर हमेशा मन में एक प्रेरणा आती थी कि कोई न कोई बिजनेस हम भी बना लेंगे। इसी प्रेरणा के चलते पहले सीए किया, फिर इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए किया। इसके बाद जेबीएल में जॉब कर रहे थे तो समझ आया कि बिजनेस करना है फिर क्या पांच बिजनेस ट्राय किए उसके बाद बोट के जरिए सफलता मिली।

### रोबो फाइट और रोबो रेस रही आकर्षण का केंद्र



दिन का विशेष आकर्षण रोबो फाइट रही जहां देशभर से आई 23 टीमों ने हिस्सेदारी की। इस दौरान 15 किग्रा कैटेगरी में रोबोट्स की रोचक फाइट देखने को मिली। इसके अलावा रोबो रेस में पहले से तय किए गए पाथ पर चलकर रोबोट्स ने रेस में टेक्नोलॉजी का दम दिखा।

## संस्कार भारती में दो दिवसीय 'सोलो सागा 3.0' में कथक व भरतनाट्यम की प्रस्तुतियां

# वृक्षों की मनुष्य जीवन में उपयोगिता पर लिखी कविता को नृत्य प्रस्तुति से दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वृक्षों की मनुष्य जीवन में उपयोगिता एवं उनकी व्यथा को दर्शाती नृत्य प्रस्तुति जिसमें लाला जगदलपुरी द्वारा लिखी गई कविता 'धरती के बेटे' को नृत्य के ताल और लय के साथ प्रस्तुत किया नृत्यांगना सुरभि भारती होम्बल ने।

आर्ट लोक स्टूडियोज ऑफ रियलिस्टिक विजुअलाइजेशन संस्था द्वारा पद्मश्री गुलबर्धन, शांति बर्धन एवं केजी त्रिवेदी की स्मृति में संस्कार भारती में दो दिवसीय एकल नाट्य समारोह 'सोलो सागा 3.0' का आगाज किया गया। जिसमें पहली प्रस्तुति होम्बल घराने की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुरभि भारती होम्बल की रही, जिसमें उन्होंने कन्नड़ पद्म से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की, जिसमें श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को दर्शाया कि कैसे मां यशोदा कृष्ण को ढूंढ रही हैं और उन्हें अपने पास बुला रही हैं।





### शिव के अर्धनारीश्वर रूप को दर्शाती कथक नृत्य नाटिका

*वहीं, दूसरी एकल नृत्य नाटिका में शिव महिमा को कथक के रूप में प्रस्तुत किया गार्गी श्रीवास्तव ने। जिसमें सर्वप्रथम शिव के अर्धनारीश्वर रूप को दर्शाया। इसके बाद शुद्ध कथक की प्रस्तुति खास रही, जिसमें तीन ताल में जयपुर घराने की कुछ पारंपरिक बंदिशों पर प्रभावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस प्रस्तुति में चलन, ठाठ, उठान, तोड़े, टुकड़े, प्रणामद के साथ ही राधा कृष्ण की ठुमरी चढ़ो लगर मोरी बइयां.... ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुति का समापन लड़ी और चक्कर के तोड़े से हुआ। अंत में, गर्गी ने अपनी प्रस्तुति को विराम देते हुए नृत्यांगना ने शिव द्रुपद की प्रस्तुति दी, जिसके बोल थे शंकर अति प्रचंड.... ।*

## खबर संक्षेप

### आज नर्मदा परिक्रमा की पूर्णाहुति पर गुरुदेव शांडिल्य का संवाद

**भोपाल।** करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर गुरूदेव पंडित सुदेश शांडिल्य महाराज बुधवार 26 मार्च शाम 5.30 बजे नर्मदा मंदिर सभागार तुलसी नगर में सामाजिक संवाद करेंगे। यह प्रसंग हाल ही उनकी नर्मदा परिक्रमा की पूणार्हुति के निमित्त प्रेरक संस्मरणों पर एकाग्र होगा। इस अवसर पर नर्मदा सेवा समाज द्वारा पूज्य गुरुदेव का सारस्वत अभिनंदन भी किया जाएगा। इस गरिमामयी समारोह का संचालन वरिष्ठ कला समीक्षक एवं उद्घोषक विनय उपाध्याय करेंगे। समारोह के समन्वयक सुशील बिल्लोरे ने बताया कि शांडिल्य महाराज की यह दूसरी नर्मदा परिक्रमा थी जो 6 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 28 फरवरी को संपन्न हुई। गुरुदेव ने इस सामूहिक पदयात्रा को सामाजिक-समरसता परिक्रमा का नामकरण करते हुए लोक जीवन के लिए अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत किया है।

### उर्दू शायर पर केंद्रित प्रदेश का पहला एकल कार्यक्रम 28 को

**भोपाल।** छतनारा समूह द्वारा शुक्रवार, 28 मार्च को तसव्वुर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तसव्वुर, छतनारा की नयी श्रृंखला है, जिसमें उर्दू के प्रख्यात शायरों पर केंद्रित एकल कार्यक्रम होंगे, जिनमें शायरी और बातचीत का संयोजन रहेगा। पहले आयोजन में अतिथि कलाकार हैं - विख्यात उर्दू शायर अमीर इमाम। अमीरके दो ग़ज़ल संग्रह - 'नक़्श-ए-पा हवा के' और 'सुब्ह बख़ैर ज़न्दिगी' प्रकाशित हैं। सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि और देश भर के मुशायरों में मौजूदगी के साथ ही, वे साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से भी नवाज़े जा चुके हैं। यह प्रदेश का अपनी तरह का पहला आयोजन है जहां एक शायर के इर्द-गिर्द पूरी शाम सजाई गई है।

## अंधियारे पंथ फिर उजास हो गए, वासंती गंध तन पलाश हो गए....



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में होली के रंग स्वर के संग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 35 रचनाकारों ने स्वरबद्ध होली गायन प्रस्तुत किया। आयोजन की विशेषता रही कि सभी गायकों ने बिना वाद्ययंत्र के अपनी रचना प्रस्तुत की, जिसमें गायक व रचनाकारों ने फिल्मी, लोक गीतों सहित स्वरचित कविताएं प्रस्तुत की। वहीं उमेश तिवारी ने अवध में होवे रंग गुलाल सुनाया तो फिसल जाए अगर साली, कोई मौका न जाए खाली को सुनील ने सुनाकर सभागार की ठहाकों से गुंजायमान किया। साथ ही ऋषि श्रृंगी ने अंधियारे पंथ फिर उजास हो गए, वासंती गंध तन पलाश हो गए.... सुनाया।

## महिला पॉलिटेक्निक के वार्षिक उत्सव वाणी का दूसरा दिन

# फायरलेस कुकिंग से छात्राओं ने दिखाई पाक-कला और भरे रंगोली में रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव वाणी-2025 के दूसरे दिन छात्राओं के लिए फायरलेस कुकिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं की रचनात्मकता और आउट ऑफ बॉक्स थिंकिंग ने फैकल्टी समेत सभी का ध्यान आकर्षित किया। फायर लेस कुकिंग में छात्राओं ने ऑन द स्पॉट डिशेज बनाईं, जिसमें ब्रेड कस्टर्ड, भेलपुरी, कटोरी चाट, कॉर्न चाट जैसी डिशेज खास रहीं।




### परिवार का महत्व, महिला सशक्तिकरण दर्शाती रंगोली

*वहीं, रंगोली में भी छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता से रंगों का उचित संयोजन प्रस्तुत किया। जिसमें किसी ने परिवार का महत्व दर्शाया तो किसी ने महिला सशक्तिकरण समेत सोशल मीडिया के उचित प्रयोग का संदेश दिया।*

## रंग श्री लिटिल बैले टूप में नाटक 'खिड़की' का मंचन

# बिना खिड़की के नाटक 'खिड़की' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बयार सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रंग श्री लिटिल बैले टूप में नाटक 'खिड़की' का मंचन किया गया, नाटक में लेखन विकास बहारी का रहा एवं निर्देशन आशीर्वाद झा का।

नाटक की खासियत रही कि इसमें मंच पर कोई खिड़की नहीं थी, केवल लेखक कल्पना में कहानी को नाट्य रूप दिया गया।





### नाटक का सार

नाटक एक लेखक की कहानी पर आधारित है तो ख्यालों की दुनिया में खोया रहता है और कल्पना में अवार्ड मिलने की खुशी जाहिर करता है। लेखक के घर के सामने एक लड़की वेदिका रहने आती है। लेखक उससे बात करने का प्रयास करता है और लेखक को पता चलता है कि उसे कहानियां पढ़ना पसंद नहीं है। जब लेखक वजह पूछता है तो वेदिका एक कहानी सुनाती है। जिसकी वजह से उसे कहानी पढ़ना पसंद नहीं। इसके बाद वो वेदिका से कहता है कि ये कहानी सिर्फ एक लेखक की कल्पना है सिर्फ अंदाजे और तुक्के... इसलिए वो दुखी न हो और असल जिंदगी में कहानी को न जोड़े।

## मप्र के लोक रंगकर्म का मेटा द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मान

# बुंदेली स्वांग 'जस की तस' को चार अवॉर्ड से नवाजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में रंगकर्म के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक कार्य हो रहे हैं इसी कड़ी में ये एक बड़ी उपलब्धि मप्र को मिली। रंगाभरण रंग समूह, जबलपुर ने रंगमंच के महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स (मेटा) के 20 वें संस्करण में चार अवार्ड हासिल करने में सफलता पाई है। रंगाभरण रंग समूह की हिन्दी व बुंदेली नाट्य प्रस्तुति स्वांग 'जस की तस' को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, साउंड व म्यूजिक अक्षय सिंह ठाकुर, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (पुरुष) अभिषेक गौतम व नाट्य समूह का अवार्ड प्रदान किया गया। प्रस्तुति जस के तस को 20वें संस्करण में छह कैटेगरी में नामांकन हुआ था और रंगाभरण रंग समूह को चार केटेगरी में सफलता मिली।

## मनोज नायर के दिशा निर्देशन में थिएटर कार्यशाला का आयोजन

# डिजिटल युग में स्वयं को थोड़ा इंसान बनाए रखें...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भरत नगर के बसंत कुंज में शिवा जिम के ऊपर मनोज नायर के दिशा निर्देशन में थिएटर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ प्रसिद्ध रंगमंच और सिने अभिनेता राजीव वर्मा ने किया। साथ में शिवा जिम के संस्थापक अभिषेक शुक्ला उपस्थित रहे।

मनोज नायर ने कहा कि नाट्य कार्यशाला सिर्फ नाटक करने या फिल्मों तक का सफर नहीं है, ये आज के डिजिटल युग में स्वयं को थोड़ा इंसान बनाए रखने की कवायद है। कार्यशाला में इमीटेशन और प्रीवियस एक्शन के कुछ खेलों को खेला गया। उसके बाद इनर, इंटर, ग्रुप, मास कम्युनिकेशन को समझा गया साथ ही मानसिक और शारीरिक तालमेल से संबंधित कुछ गतिविधियों भी आयोजित हुई।

### सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर केंद्रित थिएटर गेम भी खेले



वहीं, कार्यशाला में सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर केंद्रित थिएटर गेम खेले गए। नव रस में व्याप्त अलग अलग भावों को समझाया गया, फिर अलग दलों में बांटकर सभी रसों पर आधारित लघु नाट्य बनाये गए और उन्हें एक-एक करके प्रस्तुत किया गया। साथ ही ताल और स्वर के माध्यम से प्रतिभागियों में अलग खेल खेले। वहीं संवादों को एक सांस में कहकर भावों को शरीर को एक लय में पिरोया गया।


## विवाद के बीच कॉमेडियन कामरा ने शेयर किया नया पोस्ट

# हम होंगे कंगाल एक दिन... होंगे दंगे चारों ओर...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉमेडियन कुणाल कामरा की एक विवादित टिप्पणी के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर की गई कथित टिप्पणी के बाद पूरे देश में सियासत गरमा गई है। बीएमसी ने कार्रवाई करते हुए 'द हैबिटेट' के अवैध हिस्सों को गिराने का काम शुरू कर दिया है। इसी इमारत में स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा का वीडियो शूट किया गया था। कॉमेडियन कामरा की टिप्पणी के बाद शिवसेना के समर्थकों ने 'द हैबिटेट' में जमकर तोड़फोड़ की थी। इस विवाद के बीच कॉमेडियन ने सोशल मीडिया पर एक नया पोस्ट शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने तंज कसा है।

### तोड़फोड़ को दिखाया गया



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कुणाल कामरा ने एक नया वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के जरिए उन्होंने तंज कसने का काम किया है। उन्होंने इस वीडियो में गाया है कि हम होंगे कंगाल एक दिन, मन में है अंधविश्वास, देश का सत्यानाश, होंगे दंगे चारों ओर, करेंगे दंगे चारों ओर पुलिस के पंगे चारों ओर, एक दिन मन में नथूराम, हरकतें आसाराम, हम होंगे कंगाल एक दिन। वहीं, शेयर किए गए वीडियो में शिवसेना सैनिको द्वारा की गई तोड़फोड़ को दिखाया गया है। ध्यान देने वाली बात है कि कॉमेडियन का ये पोस्ट ऐसे समय पर आया है, जब पूरे देश में उनकी एक टिप्पणी पर बवाल मचा है।

**माफी मांगने से किया इनकार**

कामरा को समन भेजा गया है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि वह अपने कृत्य के लिए माफी नहीं मांगेंगे। कामरा ने कहा कि मनोरंजन स्थल केवल मंच हैं और उन्हें उनकी सामग्री के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।

### 'गद्दार' वाली टिप्पणी पर शिंदे की पहली प्रतिक्रिया
## किसी के खिलाफ बोलने के लिए सुपारी लेने जैसा



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी करके स्टैंडअप कॉमेडियन कामरा बुरी तरह से फंस चुके हैं। शिंदे ने कामरा द्वारा उन पर निशाना साधे गए मजाक बनाए जाने के बाद पहली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कामरा ने फ़िल्म 'दिल तो पागल है' के एक गाने पर हास्यपूर्ण अंदाज में शिंदे को 'गद्दार' कहा था। शिंदे की शिवसेना मांग कर रही है हालांकि कामरा ने अपने बयान पर माफी मांगने से इनकार कर दिया है और कहा वो किसी की कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार है। शिंदे की पहली प्रतिक्रिया आई है। शिंदे ने कहा कि हम व्यंग्य समझते है, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए। एकनाथ शिंदे ने इसके साथ ही कहा कि कुणाल कामरा की टिप्पणी का विरोध करने के लिए मुंबई के स्टूडियो में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जो तोड़फोड़ की उसका वो समर्थन नहीं करते हैं लेकिन ये क्रिया की एक प्रतिक्रिया होती है। शिंदे ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि कामरा ने केवल मेरे बारे में ही नहीं बल्कि अन्य कई बड़े नेताओं के बारे में अपशब्द और व्यंगात्मक टिप्पणी की है।

**कामरा पर भड़की कंगना**


### ये लोग कौन हैं, हमें सोचना चाहिए...

मुंबई के शो के दौरान स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर विवादास्पद टिप्पणी की। जिसके बाद शिवसेना आगबबूला हो चुकी है। शिंदे को गद्दार कहने वाले कामरा की टिप्पणी की आलोचना सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार ने की है। शिंदे ने कहा कि मैं कॉमेडी समझता हूं लेकिन इसकी सीमा होनी चाहिए। वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कामरा के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रनौत ने कामरा पर निशाना साधा है। कंगना रनौत ने कहा ये लोग कौन हैं, हमें सोचना चाहिए कि समाज कहां जा रहा है?



## खबर संक्षेप

### इंडियाज गॉट लैटेंट विवाद पर रैना ने मांगी माफी



**मुंबई।** समय रैना ने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' से जुड़े विवाद, मामले में जो बयान महाराष्ट्र साइबर सेल सामने दर्ज कराया है, उसमें अपनी गलती को स्वीकार कर लिया है। समय ने यह भी कहा है कि वे सावधानी रखेंगे, जिससे ऐसी घटना दोबारा न हो। शो पर माता-पिता को लेकर अश्लील टिप्पणी की गई। उसके लिए मुझे दुख है।

### जवानों ने नक्सलियों को घेरा, 5 को कर दिया ढेर!



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा पर मंगलवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। लेकिन तीन के शव बरामद हो गए हैं। हथियार भी बरामद किए हैं। इंसास, 303, 315 बोर बंदूक बरामद की। 500 से ज्यादा जवानों ने बड़े लीडरों को घेरा है।

### सुरभि की हत्या में अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में एशिया हॉस्पिटल की डायरेक्टर सुरभि राज की अस्पताल के सेकंड फ्लोर चेंबर में शनिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गर्लफ्रेंड को लेकर अस्पताल की डायरेक्टर की हत्या उनके पति और दोस्तों ने ही मिलकर की थी। पुलिस ने सुरभि के पति सहित उनकी गर्लफ्रेंड और तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### राव ने अवैध पैसे से सोना खरीदने की बात मानी



**बेंगलुरु।** दुबई से सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव ने अपनी जमानत सुनवाई के दौरान कबूल कर लिया है कि उसने सोना खरीदने के लिए हवाला के जरिए से पैसे ट्रांसफर किए थे। कोर्ट ने जमानत पर सुनवाई का फैसला 27 मार्च तक सुरक्षित रख लिया है। राजस्व खुफिया निदेशालय ने अपनी दलील पेश कर दी है।

### लोकसभा से वित्त विधेयक 2025 पारित, वित्त मंत्री ने दिया जवाब

# करदाताओं को होगी राहत, सीमा शुल्क में बदलाव से विनिर्माण-निर्यात को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया।

लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में अहम कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14 फीसदी की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है।

**नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा** | **ये भी कहा-समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा**

### नए आयकर विधेयक की प्रवर समिति कर रही जांच



*सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क में तर्कसंगत बदलाव से देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात को गति मिलेगी और आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा होगी। लोकसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि नया आयकर विधेयक, जिसे 13 फरवरी को सदन में पेश किया गया था, वर्तमान में प्रवर समिति की ओर से जांचा जा रहा है।*

**मानसून सत्र में पेश करेंगे**

प्रवर समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। सीतारमण ने कहा कि हम नए आयकर विधेयक को मानसून सत्र में लाएंगे। संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में आयोजित होता है और अगस्त तक चलता है।

**यह विधेयक 1961 के आयकर अधिनियम का आधा**

आयकर विभाग ने पहले कहा था कि सरलीकृत आयकर विधेयक, जो 1961 के आयकर अधिनियम का आधा है, मुकदमेबाजी और नई व्याख्या की गुंजाइश को कम करके कर निश्चितता हासिल करने का प्रयास करता है। नए विधेयक में शब्दों की संख्या 2.6 लाख है, जो आईटी अधिनियम में 5.12 लाख से कम है। मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराओं के मुकाबले इसमें धाराओं की संख्या 536 है। अध्यायों की संख्या भी 47 से घटाकर आधी 23 कर दी गई है। आयकर विधेयक 2025 में मौजूदा अधिनियम में 18 तालिकाओं की तुलना में 57 तालिकाएं हैं और 1,200 प्रावधान व 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं।

### चौहान को दलाल बोला तो भाजपा ने की माफी की मांग



तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बेनर्जी ने कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर अमीरों के 'दलाल' (बिचौलिया) के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने बंगाल के लंबित केंद्रीय फंड को लेकर भी केंद्र पर निशाना साधा। संसद के बाहर बेनर्जी ने आरोप लगाया कि मनरेगा और पीएम आवास योजना-ग्रामीण जैसी योजनाओं के लिए पश्चिम बंगाल को केंद्र सरकार ने पिछले 3 वर्षों से फंड जारी नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा राज्य में सरकार बनाने में विफल रहने के कारण, बंगाल के साथ भेदभाव कर रही है।

### लोकसभा में हंगामा

मंगलवार को लोकसभा में द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने मनरेगा योजना के तहत कुछ राज्यों को भुगतान में कथित देरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिससे प्रश्नकाल के दौरान सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने दावा किया कि चौहान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल के खिलाफ हैं। वे वहां सरकार बनाना चाहते हैं, लेकिन विफल हो रहे हैं। वे कभी भी वहां सत्ता में नहीं आएंगे।

### भाजपा का पलटवार- कल्याण माफी मांगें

भाजपा ने इस टिप्पणी पर तुरंत पलटवार किया और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने शिवराज चौहान के खिलाफ "आपत्तिजनक" भाषा के इस्तेमाल को लेकर कल्याण से माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि यह सही नहीं है। एक वरिष्ठ सांसद को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। पीएम मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है, सभी को उनका हिस्सा मिल रहा है।

### दिल्ली बजट में सीएम रेखा का ऐलान

## यमुना की सफाई को प्राथमिकता, कैमरे आयुष्मान व महिला समृद्धि योजना लागू



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में 2025-2026 का एक लाख करोड़ का बजट पेश किया। बजट पेश करते हुए सीएम गुप्ता ने कहा कि इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमारा फोकस होगा। दिल्ली की नई सरकार ऐतिहासिक जनादेश के साथ आई है।

उन्होंने कहा कि यह बजट केवल सरकारी लेखा-जोखा नहीं है, यह 10 साल से बेहाल दिल्ली का बजट है। यह बजट पिछले साल की तुलना में 31.5 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने दिल्ली को खोखला कर दिया था। ये बजट विकास का संकल्प पत्र है। हम वो वादे करते हैं जो निभाते हैं। बजट पेश के दौरान मोदी मोदी के नारे लगाए गए।

**पूंजीगत व्यय के लिए 28,000 करोड़**

सीएम रेखा ने कहा कि केंद्र की कई योजनाओं को रोका गया। विज्ञापन सरकार ने सिर्फ पोस्टर लगाए। दिल्ली का एक बड़ा हिस्सा झुग्गियों में रहता है। हम मिलकर काम करने के इरादे से आए हैं। अब आपदा सरकार के दिन चले गए हैं। गुप्ता ने पूंजीगत व्यय के लिए 28,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा है।

**दिल्ली में 100 जगहों पर अटल कैंटीन खुलेंगी**

सीएम गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार ने पीएम आवास योजना का लाभ नहीं लेने दिया। हमारी सरकार में अब लाभ मिलेगा। 20 करोड़ का आवंटिन किया है। विधायक फंड पूरा मिलेगा। कोई कटौती नहीं होगी। भोजन कागजों पर था। 100 करोड़ से 100 जगहों पर अटल कैंटीन खोली जाएंगी।

**सीएम रेखा ने की घोषणा**

- महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ आवंटित।
- 500 करोड़ से सीवेज सिस्टम को सुधारा जाएगा।
- दिल्ली के लोगों को अब 10 लाख का बीमा मिलेगा।
- महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।
- 210 करोड़ गर्भवती महिलाओं के लिए आवंटित किए गए हैं।
- झुग्गी-झोपड़ियों के लिए 696 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
- दिल्ली में 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगेंगे।
- जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था के लिए 9000 करोड़ आवंटित।
- 20 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवंटित किए।

### वक्फ संशोधन बिल पर सियासी खींचतान

## राजनीतिक बवाल खत्म करने को केंद्र ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

### पार्लियामेंट के कोऑर्डिनेशन रूम में होगा मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने से पहले बुधवार को सभी सांसदों की बैठक बुलाई है, जिसमें इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पार्लियामेंट के कोऑर्डिनेशन रूम नंबर 5 में एक घंटा सभी सांसदों को वक्फ विधेयक पर जानकारी दी जाएगी गया है। इस पर कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियां केंद्र पर हमलावर है।

**संशोधन के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन**



वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर देश के कई हिस्सों में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किया जा रहा है। जमीयत उलमा-ए-हिंद समेत कई संगठन इसे मुसलमान विरोधी बता रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कई राज्यों में धरना प्रदर्शन की बात कही है।26 मार्च को पटना और 29 मार्च को विजयवाड़ा में विधानसभाओं के सामने धरना प्रदर्शन होगा।

**वन नेशन-वन इलेक्शन, जेपीसी का कार्यकाल बढ़ा**

लोकसभा ने वन नेशन-वन इलेक्शन पर मंगलवार को जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस कार्यकाल को 2025 के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने लोकसभा में इस संबंध में प्रस्ताव रखा था।

### राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता पर अब 21 अप्रैल को होगी सुनवाई



**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर जानकारी पेश करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को चार हफ्ते का समय दिया है। आरोप है कि राहुल के पास ब्रिटेन की नागरिकता है और यह कई वर्षों से चर्चा में हैं। एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और अजय कुमार श्रीवास्तव-प्रथम की खंडपीठ ने यह आदेश कर्नाटक के सामाजिक कार्यकर्ता एस विगनेश शिशिर की याचिका पर दिया।

### 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' बांटेगी भाजपा

## 'सौगात-ए-मोदी' किट में सेंवइयां कपड़े, खजूर व मेवे होंगे शामिल

### निजामुद्दीन से शुरू किया गया यह अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईद से पहले भाजपा गरीब मुसलमानों को तोहफा बांटने का अभियान शुरू कर रही है। भाजपा के अल्पसंख्यक 'सौगात-ए-मोदी' अभियान चलाकर 32 लाख गरीब मुसलमानों को गिफ्ट देगी। मंगलवार को यह अभियान दिल्ली के निजामुद्दीन से शुरू किया। अभियान की निगरानी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। भाजपा का कहना है कि गरीब मुसलमान भी शान से ईद मना सकें, इसके लिए उन्हें एक किट गिफ्ट की जाएगी।

**32 हजार कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी**



भाजपा के 32 हजार कार्यकर्ताओं को यह काम सौंपा गया है। भाजपा का हर कार्यकर्ता एक मस्जिद की जिम्मेदारी लेगा। इस तरह से देशभर में 32 हजार मस्जिदों को कवर किया जाएगा। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि ईद, भारतीय नववर्ष, नौरूज, ईस्टर, गुड फ्राइडे को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है।

**किट में ये होगा**

सौगात-ए-मोदी किट में कपड़े, सेंवइयां, खजूर, मेवे और चीनी होगी। इसके अलावा महिलाओं को दी जाने वाली किट में सूट का कपड़ा होगा और पुरुषों की किट में कुर्ता पायजामा का कपड़ा होगा। बताया जा रहा एक किट की कीमत 500 से 600 रुपए होगी।

### भाजपा का मिशन साउथ हो रहा कामयाब

### स्टालिन को लगेगा जोर का झटका

## गृहमंत्री शाह से मिलेंगे दक्षिण के पलासामी, एनडीए में शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर में बादशाहत कायम करने के बाद भाजपा की नजर अब दक्षिण पर है। सबसे पहले उसके निशाने पर तमिलनाडु है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भाजपा विरोध का झंडा उठाए घूम रहे हैं। त्रिभाषा फार्मूला नकार रहे हैं। यहां तक कि रुपए का लोगो भी बदल डाला, लेकिन अब भाजपा उन्हें घेरने के लिए पुराने दोस्त से हाथ मिलाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि एआईएडीएमके नेता एके पलासामी दिल्ली पहुंच गए हैं और वे गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। इसके बाद आगे का एजेंडा तय होगा।



**वापसी का किया जा रहा दावा**

दावा किया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच बैठक से एआईएडीएमके के एनडीए में वापसी का रास्ता साफ हो सकता है। ये भी कहा जा रहा है कि तमिलनाडु में अलायंस के लिए भाजपा और एआईएडीएमके के नेताओं के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। जिस तरह स्टालिन भाजपा को उत्तर भारत की पार्टी बताकर निशाना साध रहे हैं, उससे भाजपा के लिए भी एक स्थानीय पार्टी को साथ लेने में आसानी होगी। इसका रास्ता तलाशा जा रहा है।

### विधवा की अपील सुनकर उत्तराखंड सरकार को 'सुप्रीम' फटकार

# 9 साल से नहीं मिला मुआवजा, अब 89 लाख रु.दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक डॉक्टर की विधवा को मुआवजा नहीं देने के लिए उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाई है। महिला नौ सालों से मुआवजे के लिए मुकदमा लड़ रही है। महिला के पति की साल 2016 में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। उस वक्त की तत्कालीन सरकार ने परिवार के लिए 50 लाख के मुआवजे की घोषणा की थी, जो अब तक नहीं मिला है।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार कोर्ट ने कहा कि वह उत्तराखंड सरकार की इस बात से नाराज है कि डॉक्टर का परिवार मुआवजे के लिए मुकदमा लड़ने के लिए मजबूर है इसलिए अब इन सालों के इंटरेस्ट के साथ उन्हें मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए देने का आदेश दिया है।

**पहले दिया गया था यह फैसला**



जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच राज्य सरकार की स्पेशल लीव पेटीशन पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने साल 2018 में राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को 1.99 करोड़ के मुआवजे का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल किए जाने से फैसला सुनाए जाने तक 7.5 पर्सेंट सालाना ब्याज के साथ विधवा को 1.99 करोड़ देने का आदेश दिया था, साथ ही राज्य के मेडिकेयर सर्विस पर्संस एंड इंस्टीट्यूशन एक्ट, 2013 के प्रवधानों को लागू करने और परिवार को अतिरिक्त पेंशन लाभ देने के लिए भी कहा था।

**11 लाख रुपए की कटौती की**

राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि परिवार को 11 लाख पहले ही दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि साल 2021 के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर परिवार को छुट्टियों का पैसा, ग्रैच्युटी, जीपीएफ, फैमिली पेंशन और जीआईएस दिया गया, जबकि उनके बेटे को हेल्थ डिपार्टमेंट में जूनियर असिस्टेंट के तौर पर नियुक्ति भी दी गई। इसके बाद कोर्ट ने 1 करोड़ में से 11 लाख हटाकर मुआवजा राशि 89 लाख रुपए कर दी है।

**अप्रूवल के बाद भी राशि नहीं दी गई**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के चीफ सेक्रेटरी की ओर से 50 लाख रुपए के मुआवजे का प्रस्ताव दिए जाने और मुख्यमंत्री की ओर से उसे अप्रूव किए जाने के बाद भी पीड़ित परिवार को राशि नहीं दी गई, जबकि उनसे कहा गया कि अप्रूवल नहीं मिला है। याचिकाकर्ता का कहना है कि अब तक सिर्फ एक लाख रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर परिवार को दिए गए।

# 2029 तक रक्षा उत्पादन 3 लाख करोड़, निर्यात 50 हजार करोड़ तक पहुंचाएगी सरकार

**एक बयान जारी कर बोला रक्षा मंत्रालय, मेक इन इंडिया, सुधारों की बदौलत केंद्र ने घरेलू उत्पादन की**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह दावा किया कि वर्ष 2014 से रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। इसी के मद्देनजर आगामी लगभग पांच वर्षों में यानी 2029 तक देश के रक्षा उत्पादन को बढ़ाकर 3 लाख करोड़ और रक्षा निर्यात को 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाने का महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ पर था और उसी दौरान रक्षा निर्यात 21 हजार 83 करोड़ रुपए पर पहुंच गया था। मौजूदा वित्त वर्ष में घरेलू रक्षा उत्पादन 1.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने की दिशा में भारत आगे बढ़ रहा है। इसकी बीते एक दशक से तुलना करें तो वर्ष 2014-15 के 46 हजार 429 करोड़ की तुलना में 174 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि है। इसी अवधि में 30 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ रक्षा निर्यात का आंकड़ा 1 हजार 941 करोड़ रुपए पर जा पहुंचा। मंत्रालय ने कहा कि उसकी यह तमाम कवायद भारत को एक वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य से जुड़ी हुई है। इस परिवर्तन का केंद्र भारत के रक्षा विनिर्माण उद्योग का विकास है। जो अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग बन गया है।




## विदेशों पर घटी निर्भरता

मंत्रालय के मुताबिक, मेक इन इंडिया अभियान और अन्य नीतिगत सुधारों के माध्यम से केंद्र ने घरेलू रक्षा उत्पादन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है। इसका परिणाम यह हुआ कि विदेशों पर निर्भरता में कमी देखने को मिली है। ये बदलाव रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के व्यापक दृष्टिकोण का एक अहम घटक रहा है, जिसने देश को उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों और उपकरणों के उत्पादन के लिए एक उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

बीते एक दशक में रक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है। आज हमारी सशस्त्र सेनाएं आयात पर निर्भर सैन्य बल से विकसित होकर आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन पर केंद्रित हो गई है। वैश्विक स्तर पर भारत सबसे मजबूत सैन्य शक्तियों में से एक के रूप में उभरा है। जिसकी मदद से वह क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है।

### 5516.16 करोड़ एफडीआई

रक्षा निर्यात बढ़ाने में इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सपोर्ट, एमएसएमई-स्टार्टअप को सहयोग, अदिति जैसी योजनाओं का बड़ा योगदान है। दो रक्षा कॉरिडोर में फरवरी तक 253 एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। जिससे 53 हजार 439 करोड़ का निवेश आने की संभावना है। वर्ष 2000 से लेकर अब तक रक्षा क्षेत्र में 5 हजार 516.16 करोड़ का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

### 65 फीसदी उपकरणों का करते उत्पादन

देश का रक्षा बजट 2013-14 के 2 लाख 53 हजार 346 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 6 लाख 21 हजार 940.85 करोड़ पर पहुंच गया है। 65 फीसदी रक्षा उपकरणों का घरेलू स्तर पर उत्पादन जारी है। जो पूर्व में 65 से 70 फीसदी की आयात निर्भरता के मामले में आए हुए अहम बदलाव को दर्शाता है। घरेलू उत्पादन बढ़ाने में 16 डीपीएसयू, 430 से अधिक लाइसेंस कंपनियों और 16 हजार एमएसएमई का योगदान है। कुल घरेलू उत्पादन में निजी क्षेत्र की 21 फीसदी भागीदारी है।

### 100 से अधिक देशों को निर्यात करता भारत

भारत का रक्षा निर्यात 2014-15 में 1 हजार 941 करोड़ था। ये 2023-24 में बढ़कर 21 हजार 83 करोड़ पर जा पहुंचा है और अब इसे 2029 में 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। बीते वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नीतिगत सुधारों, आसान व्यापारिक पहल और आत्मनिर्भरता से प्रेरित होकर वर्तमान में भारत 100 से अधिक देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है। 2023-24 में अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया भारत के तीन मुख्य गंतव्य थे। इसके जरिए भारत विश्वसनीय वैश्विक रक्षा भागीदार बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। देश के निर्यात पोर्टफोलियो में बुलेटप्रूफ जैकेट, डोर्नियर (228) विमान, चेतक हेलिकॉप्टर, तीव्र गति की इंटरसेप्टर नौकाएं और हल्के टॉरपीडो जैसे उन्नत उपकरण शामिल हैं। रूसी सेना के उपकरणों में मेड इन बिहार बूटों को शामिल करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। जिसने वैश्विक रक्षा बाजार में भारत के उच्च विनिर्माण मानकों को उजागर किया।

---

**खबर संक्षेप**

### न्यूजीलैंड में 6.5 तीव्रता का भूकंप, सभी सुरक्षित



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। झटके इतने तेज थे कि इसे काफी देर तक महसूस किया गया। जानकारी के मुताबिक, न्यूजीलैंड के साउथ आइलैंड के पश्चिमी तट पर आज सुबह 07.13 बजे 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप न्यूजीलैंड के स्नेरेस द्वीप समूह से लगभग 160 किमी उत्तर-पश्चिम में 33 किमी की गहराई पर आया है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप लगभग 10 किमी की गहराई पर आया।

### ऑस्कर विजेता निर्देशक पर यहूदियों का हमला




**येरूशलम।** ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के फिलिस्तीनी सह-निर्देशक हमदान बलाल पर वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों ने हमला किया और उन्हें सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि हमदान बलाल के साथ कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बसने वाले इजराइलियों ने मारपीट की, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। जब उन्हें एंबुलेंस में इलाज दिया जा रहा था, तभी सैनिकों ने उन्हें और एक अन्य फिलिस्तीनी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

---

**हुर्रियत में फूट पड़ने पर शाह बोले**

## जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद अब खत्म, यह मोदी के सपने की जीत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एजेंसी, जम्मू। जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत के दो गुटों (जम्मू-कश्मीर पीपल्स मूवमेंट और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट) ने अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि मैं इसका स्वागत करता हूं।

शाह ने कहा कि कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं और अलगाववाद को हमेशा के लिए खत्म कर दें।

### हुर्रियत के प्रमुख नेता थे रेशी

बता दें कि एडवोकेट रेशी कट्टरपंथी सैयद अली शाह गिलानी के नेतृत्व वाली हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख नेताओं में एक गिने जाते रहे हैं। वह डीपीएम के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। रेशी ने सोमवार देर रात गए दैनिक जागरण से टेलीफोन में कहा कि मेरा हुर्रियत कान्फ्रेंस या डीपीएम या किसी अन्य अलगाववादी संगठन से कोई नाता नहीं है। मैं डीपीएम से पहले इस्तीफा दे चुका हूं। मैं सात वर्ष से खुद को अलगाववादी गतिविधियों से दूर रखे हुए हूं,क्योंकि मैं हुर्रियत और इस जैसे अन्य दलों की असलियत को समझ चुका था।

### मोहम्मद शफी रेशी ने भी तोड़ा नाता

कश्मीर में बह रही बदलाव की बयार के बीच सोमवार को एक और कट्टरपंथी अलगाववादी एडवोकेट मोहम्मद शफी रेशी ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट (डीपीएम) से नाता तोड़ने का ऐलान कर दिया था। उन्होंने भारत की संप्रभुता अखंडता में आस्था जताते हुए कहा कि मेरा किसी भी राजनीतिक दल विशेषकर किसी अलगाववादी संगठन से जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कश्मीर की आजादी या कश्मीर को भारत से अलग करने का समर्थक है, से कोई सरोकार नहीं है।

---

**यूएन में जम्मू-कश्मीर के मामले पर पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए बोले भारत के राजदूत पी. हरीश**

# जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा, पाक खाली करे अवैध कब्जा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में बार-बार जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाकर दुनिया को भ्रमित करने वाले पाकिस्तान को भारत ने मंगलवार को जमकर खरी खोटी सुनाई। यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान ने इसके एक भाग पर (पीओके) अवैध ढंग से कब्जा किया हुआ है। इसलिए उसे इसे जल्द खाली करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान शांति चाहता है तो उसे सबसे पहले आतंकवाद और भारत के खिलाफ नफरत फैलाना बंद करना पड़ेगा। यूएनएससी में यूएन शांति अभियानों में अनुकूलता को बढ़ावा देने के मामले पर आयोजित की गई एक खुली बहस में भारत की प्रतिक्रिया के रूप में हरीश ने यह बयान दिया। जो पाकिस्तान की तरफ से पीएम के विशेष सहायक सैयद तारिक फातमी के परिषद में जम्मू-कश्मीर का जिक्र करने के बाद दिया गया।

**पी हरीश ने कहा कि शांति सैनिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए क्योंकि इन्हें गैर-सरकारी तत्वों, सशस्त्र समूहों और आतंकवादियों से जूझना पड़ता है।**




### विभाजनकारी एजेंडे को बढ़ाता पाकिस्तान

भारत के राजदूत ने पाकिस्तान को हिदायत देते हुए कहा कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक मंच का प्रयोग ध्यान भटकाने के लिए न करे। भारत मामले पर और अधिक विस्तृत ढंग से जवाब देने के अपने अधिकार का प्रयोग करेगा।

### शांति सैनिकों की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए

पी. हरीश ने कहा कि यूएन में शांति स्थापना का प्रयास बगैर जोखिम वाला है। शांति सैनिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए क्योंकि इन्हें गैर-सरकारी तत्वों, सशस्त्र समूहों और आतंकवादियों से जूझना पड़ता है। एक ऐसी रणनीति को अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें भूतकाल से सीख लेते हुए वर्तमान और भविष्य के लिए कार्य किया जाए। इसके अलावा मामले पर किसी भी तरह की पुनर्समीक्षा व शांति स्थापना से जुड़े ढांचे को पुनः स्थापित करने का कोई भी प्रयास आम सहमति से किया जाना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर पर उठाए अहम कदम

वहीं, इस महीने 5 मार्च को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपनी लंदन यात्रा में कहा था कि पीओके को खाली करने के साथ ही जम्मू-कश्मीर की समस्या का पूरी तरह से समाधान निकल जाएगा। भारत ने इसका काफी हद तक समाधान कर दिया है। इसमें तीन अहम कदम उठाए गए हैं। पहला, जम्मू-कश्मीर से 5 अगस्त 2019 को हटाई गई धारा-370, दूसरा विकास, सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और तीसरा व अंतिम क्षेत्र में कराए गए चुनाव हैं। अब हम जम्मू-कश्मीर के जिस भाग का इंतजार कर रहे हैं। वो पाकिस्तान द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ पीओके है। इसके भारत के पास वापस आते ही इस समस्या का पूरी तरह से समाधान हो जाएगा।

### पाक के खोखले दावों से फर्क नहीं पड़ता

हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर समय-समय पर दोहराए जाने वाले पाकिस्तान के दावे न तो केंद्रशासित प्रदेश पर किए गए उनके अवैध कब्जे को मान्य करते हैं और न ही पाकिस्तान द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले या पाक प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। इसलिए पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर से अपना अवैध कब्जा खाली करना पड़ेगा। इसके अलावा उसे यूएन जैसे इस मंच का प्रयोग पुराने विवाद को तूल देने की जगह पर शांति के लिए करना चाहिए। भारत, पाकिस्तान के साथ मधुर संबंधों का इच्छुक है। लेकिन इसके लिए उसे आतंकवाद रहित माहौल बनाना पड़ेगा। बीते सप्ताह पाकिस्तान ने भारत पर जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाया था जिसे भारत ने खारिज कर दिया था।

### तकनीकी उन्नति से बढ़ी चुनौती

*तकनीकी उन्नति और नई पीढ़ी के हथियारों ने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। जिनमें गलत सूचना, हेच स्पीच का प्रचार-प्रसार और ड्रोन, आईईडी का इस्तेमाल शामिल है। भारत के राजदूत ने मांग की कि दुनिया में बने हुए चुनौतीपूर्ण जटिल संघर्षों के दौर में शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध करने वाले लोगों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। यूएन शांति मिशन के तहत शत्रुतापूर्ण वातावरण में प्रभावी ढंग से काम करने वाले सैन्य या पुलिस योगदान देने वाले देशों को अपने कर्मियों की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित पर भी उन्होंने जोर दिया। साथ ही कहा कि भारत यूएन शांति स्थापना केंद्र में आधुनिक शांति स्थापना की विशिष्ट मांगों की पूर्ति के लिए जरूरी पाठ्यक्रमों को तैयार और प्रस्तुत करने के लिए तैयार है। यह वह पाठ्यक्रम है, जिसके जरिए पिछले करीब बीस वर्षों से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय शांति सैनिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।*

---

**जम्मू-कश्मीर के सीएम अब्दुल्ला ने बताई पीड़ा**

## जब तक संसद राज्य का दर्जा नहीं देती, तब तक हम 'यूटी'

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को 'केंद्र शासित प्रदेश (यूटी)' शब्द के इस्तेमाल को लेकर विधानसभा से बहिर्गमन करने पर विपक्षी सदस्यों की आलोचना की और कहा कि जब तक संसद इसका राज्य का दर्जा बहाल नहीं कर देती, तब तक यह क्षेत्र केंद्र शासित प्रदेश ही रहेगा। विधानसभा ने जम्मू और कश्मीर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम, 2017 में संशोधन करने वाले विधेयक को पारित किया।

### यूटी के तहत चुनाव लड़ा और शपथ ली

सीएम ने कहा कि सभी सदस्यों ने केंद्र शासित प्रदेश के तहत शपथ ली और इसके तहत चुनाव लड़े। इस सदन द्वारा अब तक किए गए सभी कार्य जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के नाम से किए गए हैं। वित्त विधेयक के दौरान भी केंद्रशासित प्रदेश कहा।

### राज्य का दर्जा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध

अब्दुल्ला ने कहा कि बहिर्गमन करने से इस मुद्दे पर कोई मदद नहीं मिलेगी। हममें से कुछ लोगों को व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी का पोस्ट मिला है, उसपर हमें राजनीति नहीं करनी चाहिए। सरकार राज्य के दर्जे की बहाली के लिए जीतोड़ कोशिश कर रही है। हम इसे बहाल करेंगे।

---

**सेना ने सख्त अंदाज में किया खंडन**

## चीन के इलाके में दाखिल नहीं हुआ भारत का कोई विमान

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत के मानव रहित और रिमोट द्वारा संचालित विमान (आरपीए) के पूर्वी थिएटर में चीन के इलाके में दाखिल होने को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट में किए जा रहे दावे का मंगलवार को भारतीय सेना ने सख्त अंदाज में खंडन किया। सूत्रों ने कहा कि उक्त पोस्ट में विमान के दिशा बदलकर चीन के इलाके में घुसने और उसे चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा हैक किए जाने का दावा पूरी तरह से गलत है। इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। यह पोस्ट पूरी तरह से आधारहीन और तथ्यों से परे है। सेना अपने सभी हथियारों और युद्धक सामग्री की सुरक्षा और रणनीतिक एकीकरण को लेकर प्रतिबद्ध है। सेना, मीडिया घरानों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से इस प्रकार की गैर-प्रमाणित और भ्रामक सामग्री का प्रयोग करने से बचने का आग्रह करती है। क्योंकि अनावश्यक रूप से गलत जानकारी पहुंचने से खतरा उत्पन्न होता है।

---

**डिमेंशिया की मरीज मां को घर पर अकेली छोड़ा**

## 50 से ज्यादा पालतू कुत्तों ने बुजुर्ग को नोंच-नोंचकर मार डाला, बेटी जेल में

एजेंसी ▶▶ नवॉशिंगटन

अमेरिका के कोलोराडो में एक महिला को 50 से ज्यादा कुत्तों ने नोंच-नोंचकर मार डाला। गौरतलब है कि जिन कुत्तों ने महिला को मारा, वे उस महिला की बेटी के ही पालतू थे। पुलिस ने आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 76 वर्षीय लावॉन हॉफ बीती फरवरी में अपने घर में मृत पाई गईं थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर में कई कुत्ते खुले घूमते दिखाई दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की तो पता चला कि



लावॉन हॉफ डिमेंशिया की मरीज थीं और उन्हें 24 घंटे देखभाल की जरूरत थी। इसके बावजूद लावॉन की 47 वर्षीय बेटी जेसिका हॉफ उन्हें अपने पालतू कुत्तों के साथ घर में अकेला छोड़कर बाहर चली गई। घर में बंद कुत्ते आक्रामक हो गए और उन्होंने बुजुर्ग महिला के बेरहमी से हत्या कर दी।

### बेहद गंदगी वाले हालात में मिले कुत्ते

जांच के दौरान पुलिस के जेसिका के अन्य घर समेत कुल 54 कुत्ते मिले। पालतू कुत्तों को बड़ी ही खराब स्थिति में रखा गया था और कई कुत्ते बेहद गंदगी वाले हालात में रह रहे थे। जानवर नियंत्रण विभाग के लोगों ने सभी कुत्तों और घर में पिंजरे में बंद कई पक्षियों को जब्त कर लिया और जेसिका को जेल भेज दिया। जेसिका फिलहाल जेल में है और उसे गुरुवार को अदालत में पेश किया जाना है।

---

### जैसलमेर से पकड़ा गया संदिग्ध पाक जासूस



**जैसलमेर।** अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राजस्थान के जैसलमेर से एक संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार, जैसलमेर के मोहनगढ़ नहरी इलाके से सुरक्षा एजेंसियों ने आरोपी को पकड़ा है। पकड़ा गया पठान खान (40) पुत्र दीनू खान जैसलमेर का ही रहने वाला है। युवक पर पाकिस्तान को भारत की खुफिया जानकारियां भेजने का शक है। शक के आधार पर खुफिया एजेंसियों ने मोहनगढ़ थाना पुलिस के साथ मिलकर पठान खान को नहरी इलाके की जीरो आरडी से पकड़ा है।

---

**बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के तख्तापलट की तैयारी को लेकर हलचल!**

# आर्मी चीफ की सैन्य अफसरों संग आपात बैठक, ढाका में सैनिकों की तैनाती

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में बड़े राजनीतिक फेरबदल की सुगबुगाहट है। राजधानी ढाका समेत तमाम बड़े शहरों में सैन्यकर्मियों की बड़ी पैमाने पर तैनाती की जा रही है। आर्मी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक भी की है। इससे यूनुस सरकार के तख्तापलट की चर्चा जोर पकड़ रही हैं। माना जा रहा है कि बांग्लादेश में सेना अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को हटाकर नियंत्रण पूरी तरह से अपने हाथ में ले सकती है। सेना को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां पहले से हासिल हैं। तख्तापलट की चर्चा पर मोहम्मद यूनुस और सेना प्रमुख वकार जमां ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बांग्लादेश के आर्मी चीफ वकार उज जमां के नेतृत्व में सेना ने सोमवार को एक आपातकालीन बैठक की है। इस बैठक में शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें पांच लेफ्टिनेंट जनरल, आठ मेजर जनरल (जीओसी), स्वतंत्र ब्रिगेड के कमांडिंग अधिकारी और सेना मुख्यालय के अधिकारी शामिल थे। इसने यूनुस के तख्तापलट जैसे किसी बड़े घटनाक्रम की चर्चा को मजबूती दी है। सूत्रों ने ये दावा भी किया है कि बैठक में आतंकी हमले के खतरे पर चर्चा हुई और आर्मी चीफ ने सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया।

**मोहम्मद यूनुस और सेना के बीच संबंधों में बढ़ी दरार**



**■ राष्ट्रपति और सेना पर मिलकर नई सरकार रचने की साजिश**





### सरकार बदलना चाहते हैं आर्मी चीफ

*छात्र संगठन आमार बांग्लादेश पार्टी के महासचिव असदुज्जमां फुआद ने आर्मी चीफ जमां पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के साथ मिलकर एक नई अंतरिम सरकार बनाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। फुआद ने कहा कि आप देख सकते हैं कि आर्मी चीफ कुछ बैठकें कर रहे हैं, ये एक साजिश का हिस्सा है।*

### सेना के नियंत्रण में ढाका

*बांग्लादेश की राजधानी ढाका को बीते कुछ दिनों में सेना ने पूरी तरह से नियंत्रण में ले लिया है। सैनिकों और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों को ढाका की सड़कों पर गश्त करते देखा जा सकता है। फौजियों ने सड़क किनारे अपनी चौकियों भी बना ली हैं, जहां वाहनों को रोककर जांच हो रही है। हालांकि शुरू में इसे कानून व्यवस्था का मसला बताया गया लेकिन जनरल जमां के बैठकों के बाद तख्तापलट की चर्चा जोर पकड़ गई है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और सेना के बीच संबंधों में खटास का दावा काफी समय से किया जा रहा है। दोनों तरफ से इस तरह के कुछ बयान भी आए हैं, जिससे तनाव को हवा मिली है। राजनीतिक विश्लेषकों को लग रहा है कि सरकार और आर्मी चीफ के बीच मतभेद अब बढ़ गए हैं और सेना ने सत्ता पर नियंत्रण का फैसला ले लिया है।*

---

**भारत और सिंगापुर ने मिलाया हाथ**

## डीकार्बोनाइजेशन और समुद्री डिजिटलीकरण पर एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और सिंगापुर ने मंगलवार को ग्रीन डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर (जीडीएससी) के लिए हाथ मिलाया है। इसके लिए दोंनों देश ने एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें समुद्री डिजिटलीकरण और कार्बन मुक्त परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने बताया कि सिंगापुर और भारत ने समुद्री डिजिटलीकरण और डीकार्बोनाइजेशन पर सहयोग करने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस एलओआई पर



सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी तेओ इंग दीह और भारत के बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्लू) के संयुक्त सचिव आर. लक्ष्मणन ने हस्ताक्षर किए हैं।





मैच आज गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से

# अपना पहला मैच हार चुकीं नाइटराइडर्स और आरआर जीत हासिल करने लगाएंगी दमखम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के छठे मैच में राजस्थान रॉयल्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से बुधवार 26 मार्च को होगा।केकेआर को अपने पहले मैच में आरसीबी के खिलाफ हार मिली थी, जबकि आरआर को अपने पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया था। ऐसे में गुवाहटी में होने वाले इस मैच में दोनों टीमें अपनी-अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेंगी। आरआर और केकेआर के बीच होने वाला यह मैच आज गुरुवार 26 मार्च को गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से प्रारंभ होगा।



## दोनों टीमों के बीच बराबरी का रहा है मुकाबला

रिपोर्ट के मुताबिक, केकेआर और आरआर के बीच आईपीएल के इतिहास में कुल 29 मुकाबले खेले गए हैं। केकेआर को इस दौरान 14 मैच में जीत मिली है, जबकि आरआर ने भी 14 मैच अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 1 मैच का कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।आईपीएल 2024 में हुई पिछली भिड़ंत में आरआर ने 2 विकेट से जीत दर्ज की थी।

## इस स्टेडियम में दोनों टीमों का प्रदर्शन

आरआर ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में कुल 4 मैच खेले हैं, जिसमें 1 मैच उन्होंने जीता है और 2 हारे हैं। इस बीच 1 मैच बेनतीजा रहा है। वहीं राजस्थान रायल्स का यहां पर सर्वोच्च टीम स्कोर 199 रन है। दूसरी तरफ केकेआर को आईपीएल 2024 में यहां 1 मैच खेलना था, जो बारिश के कारण नहीं सम्भव हो पाया था। इसके अलावा केकेआर ने इस मैदान पर कोई मैच नहीं खेला है।

**इस संयोजन के साथ उतर सकती है राजस्थान रॉयल्स**
सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में आरआर के 5 गेंदबाजों ने 11 से ऊपर की इकॉनमी रेट से रन लुटाए थे। आरआर टीम प्रबंधन हर हाल में अपने गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



खास खबर

## पूरे साल मैंने मैच फिनिश करने पर ध्यान केंद्रित किया : आशुतोष



**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ एक विकेट की चमत्कारिक जीत दिलाने वाले आशुतोष शर्मा ने कहा कि उन्होंने पूरे साल मैच को 'फिनिश' करने पर ध्यान केंद्रित किया जिसका उन्हें यहां फायदा मिला। आशुतोष ने पिछले साल पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए मैच फिनिशर की अपनी भूमिका से प्रभावित किया था लेकिन तब वह अपने प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे।

## मैच फिक्सिंगमें भारतीय को चार साल की सजा

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक को क्रिकेट मैच फिक्सिंग के 2024 के एक मामले में मंगलवार को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। योगी पटेल पर कैंडी में खेले गए लीजेंड्स लीग टी 20 टूर्नामेंट में मैच फिक्स करने की पेशकश के आरोप लगे थे। उस पर श्रीलंका की चयन समिति के अध्यक्ष उपुल थरंगा की शिकायत के आधार पर आरोप लगाए गए थे। पटेल पर अदालत द्वारा यात्रा प्रतिबंध के बावजूद देश से भाग जाने के कारण उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया गया था।

## मेनन आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने दक्षिण अफ्रीका के अलाउद्दीन पालेकर और इंग्लैंड के एलेक्स व्हार्फ को आईसीसी अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल किया जिसमें नितिन मेनन एकमात्र भारतीय हैं। भारत के जयरामन मदनगोपाल को इमर्जिंग पैनल में पदोन्नत किया गया है। मेनन अंपायरों के एलीट पैनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पालेकर और व्हार्फ एलीट पैनल में माइकल गॉफ और जोएल विल्सन की जगह लेंगे।

## चोटिल खिलाड़ियों की जगह अन्य विकल्पों से ही काम चलाना होगा : क्लूसनर



**विशाखापत्तनम।** लखनऊ सुपर जॉइंट्स के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों की वापसी से पहले वैकल्पिक खिलाड़ियों से काम चलाने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं है। लखनऊ की टीम को आईपीएल के नए सत्र से पहले ही करारा झटका लगा क्योंकि उसके कम से कम चार तेज बाद गेंदबाज आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान और आकाशदीप चोटिल हो गए। लखनऊ के गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले मैच में अच्छी शुरुआत करने के बावजूद 209 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। इस मैच में ओस ने भी अपनी भूमिका निभाई।

### गेंदबाजी में अधिक विकल्प नहीं

क्लूसनर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा अभी हमारे पास गेंदबाजी में बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं। जब तक हमारे खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी नहीं करते हैं तब तक हमें अपने वैकल्पिक खिलाड़ियों से ही काम चलाना होगा।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन यही इस खेल की प्रकृति है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले अगले मैच में हमारे बल्लेबाजों को इस मैच की तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

# रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टायटंस को 11 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 5वें मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मैच में पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए 243/5 का विशाल स्कोर बनाया। पंजाब किंग्स से कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 97 रन बनाए। जवाब में गुजरात टायटंस की टीम साई सुदर्शन के 74 रन के बावजूद 232/5 का स्कोर ही बना सकी और 11 रन से हार गई। इस मैच के दौरान कई रिकॉर्ड भी बपे।

### इस तरह से रहा रोचक मुकाबला

बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे प्रियांश आर्य (47) ने पंजाब किंग्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद अय्यर ने पारी को स्थिरता दी और आखिरी ओवरों में शशांक ने 16 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में गुजरात टायटंस के शुभमन गिल (33) और साई सुदर्शन ने टीम को सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड (46) और जोस बटलर (54) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।




### अय्यर ने बनाया अपना सर्वोच्च स्कोर

पंजाब किंग्स ने 28 रन के स्कोर पर जब अपना पहला विकेट खोया, तब अय्यर क्रीज पर आए। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से जोरदार फॉर्म में चल रहे अय्यर ने गुजरात टायटंस के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और 27 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 42 गेंदों पर 5 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 97 रन बनाकर नाबाद रहे। इस बीच उन्होंने शशांक (44*) के साथ मिलकर 81 रन की अटूट साझेदारी की।

### सबसे ज्यादा शून्य पर आउट हुए मैक्सवेल

ग्लेन मैक्सवेल पहली गेंद पर ही शून्य पर आउट हुए। मैक्सवेल आईपीएल में 19वीं बार शून्य पर आउट हुए हैं। उन्होंने इस मामले में मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रोहित शर्मा और पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को पीछे छोड़ दिया है। ये दोनों ही 18-18 बार शून्य पर आउट हुए हैं। इसी तरह मैक्सवेल 10वीं बार गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) हुए हैं। वह सर्वाधिक बार गोल्डन डक का शिकार होने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं।

### आईपीएल में बटलर का 20वां अर्धशतक

जब जीटी ने 61 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब बटलर क्रीज पर आए। उन्होंने दबाव की घड़ी में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टीम को मैच में बनाए रखा। उन्होंने 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस यह उनके आईपीएल करियर का 20वां अर्धशतक रहा। वह 33 गेंदों पर 54 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सुदर्शन के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 84 रन की साझेदारी भी की।

## विश्व कप क्वालीफायर में इंग्लैंड टीम की लगातार दूसरी जीत

**लंदन।** रीस जेम्स ने फ्री किक पर खूबसूरत गोल किया जबकि एबेरेची एजे ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल दागा जिससे इंग्लैंड ने सोमवार को वेम्बली स्टेडियम में लाटविया को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफायर में लगातार दूसरी जीत हासिल की। जेम्स ने पिछले ढाई वर्ष में पहली बार शुरुआती एकादश में जगह बनाई तथा 37वें मिनट में 25 मीटर की दूरी से फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया। यह इंग्लैंड की तरफ से 18 मैच में उनका पहला गोल है। दिग्गज खिलाड़ी हैरी केन ने युवा मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स और डेक्लान राइस के सहयोग से 68वें मिनट में इंग्लैंड की बढ़त दोगुनी की जबकि एजे ने 76वें मिनट में तीसरा गोल किया। विश्व कप क्वालीफायर के अपने पहले मैच में अल्बानिया को 2–0 से पराजित करने वाले इंग्लैंड को ग्रुप के में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### सेफा में हार के बाद कांस्य के लिए खेलेंगे सुनील कुमार

**अम्मान (जोर्डन)।** भारतीय पहलवान सुनील कुमार मंगलवार को एशियाई चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन 87 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक के लिए चीन के जियाक्सिन हुआंग से भिड़ेंगे। सुनील ने 2019 में रजत पदक जीता था। ईरान के यासीन याजदी ने सेमीफाइनल में सुनील पर 3-1 से जीत दर्ज करके 87 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। सागर ठाकरान ने 77 किग्रा वर्ग का क्वालीफिकेशन मुकाबला जीता लेकिन क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के अमरो सादेह से 10-0 से हार गए। हार के बाद सागर की किस्मत का फैसला उनके प्रतिद्वंद्वी के सेमीफाइनल के नतीजों पर निर्भर होगा। उमेश (63 किग्रा) क्वालीफिकेशन में हार गए, लेकिन अगर उनके प्रतिद्वंद्वी ने बाद में सेमीफाइनल जीत लिया तो उन्हें रेपेशाज का मौका मिल सकता है।

### महिला हॉकी लीग: ओडिशा महाराष्ट्र और बंगाल जीते

**रांची।** ओडिशा, महाराष्ट्र और बंगाल ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के छठे दिन अपने मुकाबले जीत लिए। ओडिशा ने निर्धारित समय में 1-1 की बराबरी के बाद शूट-आउट में मिजोरम को 2-0 से हराया जबकि महाराष्ट्र ने मणिपुर को 4-0 से पराजित किया। एक अन्य मैच में बंगाल ने मध्य प्रदेश पर 1-0 की मामूली जीत हासिल की।

ओलंपिक 2032 के बाद ध्वस्त होगा गाबा

## ब्रिस्बेन में बनेगा 60,000 सीटों वाला नया स्टेडियम



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में स्थित प्रतिष्ठित गाबा स्टेडियम को ओलंपिक 2032 के बाद ध्वस्त कर दिया जाएगा। उसके बाद इसे क्रिकेट विक्टोरिया पार्क क्षेत्र में 60,000 की क्षमता वाले नए स्टेडियम में स्थानांतरित किया जाएगा।

इस अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण ओलंपिक बुनियादी ढांचे के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। क्वींसलैंड के प्रीमियर डेविड क्रिसफुली ने मंगलवार को ओलंपिक बुनियादी ढांचे के लिए नवीनतम योजनाओं की घोषणा की, जिसमें क्रिकेट की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

सीए ने कहा, हम क्रिकेट समुदाय की ओर से क्वींसलैंड सरकार को वह स्टेडियम देने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। क्रिकेट प्रशंसक इसके हकदार हैं। बता दें कि इसे ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट मैदानों में से एक माना जाता है।

### गाबा को लेकर बना हुआ था असमंजस

क्वींसलैंड द्वारा 2021 में 2032 ओलंपिक की बोली जीतने के बाद गाबा के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण खेल अधर में लटका हुआ था। यह विकास वर्षों की अटकलों और बदलते प्रस्तावों के बाद बहुत जरूरी स्पष्टता प्रदान करता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस फैसले का स्वागत किया और कहा, इस निर्णय से हमें आयोजन स्थलों और शेड्यूलिंग के बारे में निश्चितता मिलती है, जिससे हम ब्रिस्बेन में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट की मेजबानी सुनिश्चित कर सकते हैं।

### सीए ने की विक्टोरिया पार्क में नए स्टेडियम की बात

सीए ने कहा, हमने क्वींसलैंड क्रिकेट और ब्रिस्बेन लायंस के साथ मिलकर विक्टोरिया पार्क में एक स्टेडियम बनाने की पुरजोर वकालत की है, और क्रिकेट इस महत्वपूर्ण निवेश को क्रिकेट प्रशंसकों और क्वींसलैंड के लोगों के लिए दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा। क्रिकेट के 2032 में भी ओलंपिक में शामिल किए जाने की उम्मीद लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की वापसी हो रही है।

## स्मृति व दीप्ति ने आईसीसी रैंकिंग में अपना स्थान कायम रखा

**दुबई।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने मंगलवार को यहां जारी ताजा आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में क्रमशः अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा। मंधाना के अलावा कोई अन्य भारतीय शीर्ष-10 में मौजूद नहीं है। सूची में कप्तान हरमनप्रीत कौर 11वें स्थान पर, जेमिमा रोड्रिग्स 15वें स्थान पर और शेफाली वर्मा उनसे एक पायदान नीचे हैं। बल्लेबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, उनके बाद टीम की साथी तहलिया मैकग्रा मौजूद हैं। फोबे लिचफील्ड तीन स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गईं। स्टार ऑलराउंडर मेली केर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 40 रन की पारी के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की बढ़त हासिल की जबकि न्यूजीलैंड की जॉर्जिया प्लिमर पिछले महीने शीर्ष क्रम में कुछ लगातार पारियों की बदौलत 20 स्थान का सुधार करते हुए 50वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ति ने इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और पाकिस्तान की सादिया इकबाल के बाद गेंदबाजों में अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। सदरलैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों के लिए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुंच गई।

# विराट, रोहित, जडेजा खिसक सकते हैं नीचे, बुमराह-शुभमन लगाएंगे छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस समय सभी क्रिकेट फैंस की नजरें बीसीसीआई की केंद्रीय कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट पर बनी हुई हैं। दरअसल, जल्द ही क्रिकेट बोर्ड द्वारा मेंस खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की जाएगी। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि खिलाड़ियों को किस कैटेगरी में रखा जाता है और टीम के बड़े नामों को कौन सी कैटेगरी मिलती है।

इससे पहले सोमवार को बीसीसीआई द्वारा महिलाओं की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की गई थी, जिसमें 16 नाम शामिल थे। जिसके चलते अंदाजा लगाया जा रहा है कि जल्द ही मेंस की भी यह लिस्ट सामने आ जाएगी। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट नेशनल चयन समिति द्वारा और हेड कोच के अलावा सचिव द्वारा परामर्श के साथ तैयार की जाती है। पिछली लिस्ट में मेंस की 30 नामों की सूची थी।



### ये खिलाड़ी किस कैटेगरी में आएंगे

इस बार जारी होने वाली इस लिस्ट में रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को किस श्रेणी में रखा जाएगा, इसे लेकर भी चर्चा है। दरअसल, ये खिलाड़ी टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में अब ए प्लस कैटेगरी में इन खिलाड़ियों का रहना मुश्किल नजर आ रहा है। दूसरी ओर, जो खिलाड़ी लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों का नाम शामिल है, अब उन्हें कौन सी कैटेगरी में जगह मिलेगी, इस पर भी सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

टीम इंडिया और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले इंडिया ए खेलेगी मैच, टीम में नजर आ सकते हैं कई बड़े नाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस समय भारतीय खिलाड़ी आईपीएल के रंग में रंगे हैं। वह अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ गए हैं। टीम को अपना अगला अंतरराष्ट्रीय दौरा अब तीन महीने बाद करना है। बीसीसीआई इस समय खाली नहीं बैठना चाहती हैं। उसने तीन महीने बाद की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। टीम को इंग्लैंड का दौरा करना है और इससे पहले इंडिया ए वहां पहुंचेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इंडिया ए टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी और वहां दो अनऑफिशियल मैच खेलेंगी। अगले 20 जून से भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी। पहला मैच लीड्स में खेला जाएगा।



### भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

| मैच | तारीख | ग्राउंड |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20 जून-24 जून | हेडिंग्ले, लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | जुलाई 02-जुलाई 06 | एजबेस्टन, बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10 जुलाई-14 जुलाई | लॉर्ड्स, लंदन |
| चौथा टेस्ट | 23 जुलाई-27 जुलाई | एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर |
| 5वां टेस्ट | 31 जुलाई-4 अगस्त | केनिंग्टन ओवल, लंदन |

### पहला मैच 4 जून को इंडिया-ए बनाम इंग्लैंड लायंस

पहला मैच चार जून से शुरू हो सकता है जिसमें इंडिया ए का सामना इंग्लैंड लायंस से होगा। बीसीसीआई चाहता है कि टेस्ट सीरीज से पहले टीम के खिलाड़ियों को रेड बॉल से अच्छे अभ्यास का मौका मिले। इंडिया ए टीम कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। खासतौर पर टीम के स्टार बल्लेबज इस मैच के लिए टीम में शामिल हो सकते हैं। चार जून के इन मुकाबले के बाद, भारतीय टीम में इंटरा स्क्वाड (भारत के ही खिलाड़ियों को टीम में बांट देना) मैच होगा।

### गौतम गंभीर भी जाएंगे साथ

अगले 20 जून से भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी। पहला मैच लीड्स में खेला जाएगा। पहले और दूसरे मैच के बीच गैप में इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा अनऑफिशियल मैच खेला जाएगा। दौरे पर टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इंडिया ए के साथ जाएंगे। यह पहली बार होगा जब सीनियर टीम का कोच इंडिया ए टीम के साथ दौरे पर जाएगा।

### आईबीएसए वर्ल्ड कप जूडो कॉम्पीटीशन तिब्लिसी 2025

# जूडो खिलाड़ी कपिल परमार ने जार्जिया में जीता कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईबीएसए वर्ल्ड कप जूडो कॉम्पीटीशन का आयोजन तिब्लिसी (जॉर्जिया) में 24 से 25 मार्च तक किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मप्र राज्य जूडो अकादमी भोपाल के खिलाड़ी कपिल परमार ने शानदार खेल प्रदर्शन कर कांस्य पदक अर्जित किया। वर्ल्ड कप जूडो कॉम्पीटीशन 2025 के पहले दिन 2 मुकाबले खेले गए, जिसमें कपिल परमार ने रूस और कजाकिस्तान के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल के इस रोमांचक मुकाबले में कपिल परमार ने पुरुष वर्ग के -70 किग्रा पैरा ब्लाइंट इवेन्ट में इटली के खिलाड़ी से परास्त होकर कांस्य पदक से संतुष्ट होना पड़ा। उल्लेखनीय है कि कपिल परमार पेरिस ओलम्पिक 2024 के कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी हैं। यह प्रतियोगिता आगामी पैरालम्पिक 2024-28 की बडी प्रतियोगिता मे से है। वर्तमान में वह मप्र राज्य मार्शल आर्ट (जूडो) अकादमी के खिलाड़ी हैं।

**खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई**

कांस्य पदक विजेता कपिल परमार के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है।

### मेरठ में राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता

# खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने नाम किए 2 स्वर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता का आयोजन मेरठ (उप्र) में 20 से 25 मार्च तक किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मप्र राज्य घुडसवारी अकादमी भोपाल के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण पदक अर्जित किए। इनमें घुडसवारी अकादमी के खिलाड़ी फराज खान ने ऑरकन प्ले घोड़े पर सवार होकर नौविज इवेंटिंग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं प्रतियोगिता की टीम स्पर्धा में फराज और लक्खा सिंह की टीम ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। फराज खान ने ऑरकन प्ले घोड़े पर एवं लखा सिंह ने अईजान घोड़े पर सवार होकर यह स्वर्णिम सफलता अर्जित की। दूसरे और तीसरे स्थान पर सेना की टीम रही।

**खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई**

प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दोनों पदक विजेता खिलाड़ी फराज और लक्खा सिंह को बधाई दी है।

### आरजीपीवी नोडल ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता

# एलएनसीटी महिला एवं पुरुष वर्ग में जेएनसीटी ओवरऑल चैंपियन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में लक्ष्मी नारायण कालेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एलएनसीटी) द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल ड्रॉप रोबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन एलएनसीटी केंपस रायसेन रोड में किया गया, जिसमें भोपाल नोडल के 6 महाविद्यालयों के 80 से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ड्रॉप रोबॉल महिला वर्ग मे 2 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक के साथ एलएनसीटी ओवरऑल चैंपियन एवं सिस्टेक जी 1 स्वर्ण पदक के साथ द्वितीय स्थान पर रहा।

पुरुष वर्ग में 2 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन एंव एलएनसीटी 1 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. अशोक कुमार राय डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । इस अवसर पर पंकज कुमार जैन,अमित सिंह,आरके शर्मा, नीलेश, अरुण समेत कई खेल अधिकारी उपस्थित थे। महिला वर्ग के सिंगल फाइनल मुकाबले में सागर की पूर्णिमा ने एलएनसीटी की वैष्णवी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग डबल्स मुकाबले में एलएनसीटी की सारा, सृवजल, मानसी, आस्था ने बंसल मंडीदीप की महक एवं रिद्धि की जोड़ी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। महिला वर्ग ट्रिपल फाइनल मुकाबले मे एलएनसीटी की आशी राठौर, अनुष्का ठाकुर, अनुष्का यादव, सृष्टि सिंह राजपूत ने जेएनसीटी की तान्या सोनी, प्रियांशी कटारे, डिंपल, खुशी,को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया।

मिक्स डबल्स फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी की मानसी साहू एवं अंशु की जोड़ी ने जेएनसीटी की अदिति एवं पवन की जोड़ी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। पुरुष वर्ग के सिंगल फाइनल मुकाबले में जेएनसीटी के सचिन गुप्ता ने एलएनसीटी के निवेद को दो 02-01 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग डबल्स फाइनल मुकाबले में जेएनसीटी के कृष्ण गोपाल एवं विशाल ने बंसल मंडीदीप के अभिषेक गुर्जर, अजय शर्मा को 02-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग ट्रिपल फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी के हेमंत, अली, विनीत, अरव, ने जेएनसीटी के हर्षवर्धन, सौरभ, कपिल, को 02-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्पर्धा सचिव महेश सोधिया ने बताया कि 1 अप्रैल को आरजीपीवी की ड्रॉप रोबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी।

# राकेश कुमार गुप्ता ने संचालक खेल और कल्याण का पदभार ग्रहण किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तात्याटोपे स्टेडियम स्थित संचालनालय खेल और युवा कल्याण कार्यालय में राकेश कुमार गुप्ता (आईपीएस) एडीजी पुलिस ने नवीन खेल संचालक के रूप में पदभार ग्रहण किया। गुप्ता वर्ष 1999 बैंच के आईपीएस आफिसर हैं। एडीजी डॉ. रवि कुमार गुप्ता की उपस्थिति में नवीन पद का भार ग्रहण किया। इससे पूर्व राकेश कुमार गुप्ता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशेष सशस्त्र बल के अतिरिक्त प्रभार में थे। पदभार ग्रहण करने के समय संयुक्त संचालक खेल बीएस यादव, संयुक्त संचालक वित्त, योगेन्द्र श्रीवास्तव और विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## अभा रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का समापन समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय रोलर स्केट्स चैंपियनशिप का समापन समारोह में 26 मार्च बुधवार सुबह 8 बजे से अरेरा कॉलोनी स्थित कैंपियन स्कूल में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश भर के प्रतिभाशाली स्केटर्स ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किए हैं,वे शामिल होंगे। समापन समारोह में पुरस्कार वितरण, विशेष प्रदर्शन और विशिष्ट अतिथियों के भाषण होंगे, जो इसे प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बना देंगे।

### प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट

# अरेरा ने रेलवे यूथ को 147 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार का मैच अरेरा क्रिकेट अकादमी और रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

जिसमें अरेरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अरेरा क्रिकेट अकादमी की टीम ने 4 विकेट खोकर 196 रन बनाए, जिसमें अर्जुन शुक्ला ने 93 और होमी सोलंकी ने 58 रन का योगदान दिया। रेलवे यूथ के गेंदबाज अंजेश पॉल ने 2 विकेट लिए, जबकि अंकित सिंह और जय खिलवानी ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी की टीम 22 ओवर में 49 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और यह मैच 147 रन से हार गई। इनमें मनीष ने 19 और सोनल ने 8 रन बनाए। अरेरा अकादमी के होमी सोलंकी ने 7 रन देकर 8 विकेट लिए। होमी सोलंकी को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। उन्हें नगर निगम जोन 5 के हेल्थ ऑफिसर आसिफ नजीर और वरिष्ठ क्रिकेटर राम पटोदिया ने पुरस्कृत किया।




आधार कार्ड^ पर लोन व कैश EMI | ₹60^ प्रतिदिन EMI | 5% इंस्टेंट डिस्काउंट^ चुनिंदा कार्डों पर | HDFC BANK | pine labs PAY LATER

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #As per combined sales volume of 100-110cc motorcycles for FY 24 by a single company. Data Source: SIAM's domestic sales data FY 2024. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. The offer is applicable on purchase of HF series & Splendor+ series from authorised dealers of HeroMotocorp using any HDFC Credit Card on all Pine Labs POS terminals. The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000. T&C apply. *Ex-showroom price of HF Deluxe Self non i3s drum brake & Splendor+ Xtec 2.0 variant in Bhopal.

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

टोल फ्री 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटिड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुष्पशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरूनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342.

VML.5798.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930